उज्जैन
बुधवार
15
अप्रैल, 2026
मूल्य- 2 रु.
■ वर्ष-12
■ अंक-161
मालवा डिवीजन 402/2024-2026
आर एन आई क्रमांक 2013/57651

# दैनिक प्रहास्त्र



क्रिकेटर अर्शदीप और मॉडल समरीन चंडीगढ़ एयरपोर्ट पर बात करते दिखे दोनों एक ही गुरुद्वारे की फोटो भी शेयर कर चुके

पेज- 8



## खबर एक नजर...

### गुदरी चौराहा पर रेस्टोरेंट में लगी आग

**उज्जैन।** महाकाल थाना क्षेत्र के गुदरी चौराहा पर मंगलवार रात महाकाल रेस्टोरेंट में आग लग गई। खबर मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और रेस्टोरेंट से लोगों को बाहर निकाला। कुछ देर में फायर बिग्रेड की दमकले मौके पर पहुंची और आग पर काबू पा लिया गया। गनीमत रही कि कोई जनहानि नहीं हुई। बताया जा रहा था कि रेस्टोरेंट के किचन में शार्ट सर्किट होने के बाद आग फैली थी।

### उज्जैन क्रिकेट अकादमी ने अभा निरंजन ट्रॉफी जीती

**उज्जैन।** खरगोन में खेले गए फाइनल मुकाबले में उज्जैन क्रिकेट अकादमी ने अखिल भारतीय व्हाइट लेदर बॉल निरंजन ट्रॉफी अपने नाम कर ली। खरगोन की एसएससी क्रिकेट अकादमी ने पहले खेलते हुए 114 रनों का लक्ष्य रखा। जवाब में उज्जैन क्रिकेट अकादमी ने टी-20 मुकाबले का लक्ष्य 12 ओवर में 5 विकेट शेष रहते हासिल कर लिया। इस फाइनल के नायक आयुष निगम रहे, जिन्होंने 48 रन बनाने के साथ 2 विकेट भी लिए। पवन शर्मा ने 30 रन नाबाद और क्षितिज ने 22 रन नाबाद बनाकर टीम की जीत को मजबूत आधार दिया। उज्जैन क्रिकेट अकादमी की इस जीत पर क्लब के उपाध्यक्ष प्रकाश यादव सहित परेश कुलकर्णी, कौस्तुभ ऋषि, प्रसन्ना भांड, अमित चव्हाण, जितेंद्र गोयल, नीलेश सेठी, मनोज राठी, अनिल निगम, सुभाषचंद्र खरे, भरत चंदवानी, बंटी गिरजे, रवि शर्मा, अंशुल और मनोज बगड़वाल समेत अकादमी के सदस्यों ने हर्ष जताया। जानकारी तुषार चव्हाण ने दी।

### बाबा साहब आंबेडकर जयंती धूमधाम से मनी

**उज्जैन।** डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती इस साल बड़े ही उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाई गई। शहर का माहौल सुबह से ही जय भीम के नारों से गूंज उठा और टावर चौक पर स्थित उनकी प्रतिमा पर लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। सुबह होते ही विभिन्न सामाजिक संगठनों के लोग टावर चौक पहुंचे और बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें याद किया। हर वर्ग के लोग इसमें शामिल हुए और उनके योगदान को नमन किया। श्री रविदास सेवक संघ जिला उज्जैन द्वारा भी कार्यक्रम आयोजित किया गया। यहां वक्ताओं ने बाबा साहब के संघर्ष और उनके विचारों पर विस्तार से चर्चा की और लोगों को उनके बताए रास्ते पर चलने का संदेश दिया। इस अवसर पर बुद्ध अवंतिका कॉरपोरेशन और मित्र मंडल ने भजन मंडली का आयोजन किया। साथ ही श्रद्धालुओं के लिए भोजन प्रसादी की व्यवस्था भी की गई, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने हिस्सा लिया। बैरवा महासभा द्वारा एक भव्य प्रभात फेरी निकाली गई। इस फेरी में युवा, महिलाएं और बुजुर्ग सभी ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। प्रभात फेरी संत बालीनाथ मंदिर बागपुरा से शुरू होकर तीन बत्ती चौराहा और इंदिरा गांधी की प्रतिमा होते हुए टावर चौक पहुंची, जहां इसका समापन हुआ और माल्यार्पण किया गया।

### भस्म आरती में शामिल हुए मिलिंद सोमन और नितीश राणा सपत्नीक महाकाल के दर्शन किए

**उज्जैन।** विश्व प्रसिद्ध श्री महाकालेश्वर मंदिर में मंगलवार तड़के भस्म आरती के दौरान फिल्म अभिनेता मिलिंद सोमन और क्रिकेटर नितीश राणा ने भगवान महाकाल के दर्शन किए। दोनों सुबह 4 बजे होने वाली भस्म आरती में शामिल हुए और बाबा महाकाल का आशीर्वाद लिया। नितीश राणा अपनी पत्नी साँची मारवाह के साथ, जबकि मिलिंद सोमन पत्नी अंकिता कोंवर के साथ रात करीब 2 बजे मंदिर पहुंचे। यहां उन्होंने नंदी हॉल में बैठकर करीब दो घंटे तक भस्म आरती में हिस्सा लिया। भस्म आरती के दौरान दोनों भगवान महाकाल का जाप करते नजर आए। उन्होंने नंदी जी का पूजन कर उनके कान में अपनी मनोकामना भी कही। आरती के बाद सभी ने भगवान की देहरी से दर्शन किए और जल अर्पित कर आशीर्वाद लिया। इस दौरान महाकाल मंदिर समिति की ओर से उनका सम्मान भी किया गया।

# पंचकोशी यात्रियों को घाट पर जगह का टोटा






**ब्रह्मास्त्र ›› पं. राहुल शुक्ल. उज्जैन**

परंपरानुसार हर वर्ष वैशाख मास मे पंचकोशी यात्री अपनी 118 किलोमीटर की कष्टसाध्य धार्मिक यात्रा पूर्ण कर अमावस्या पर शहर में आकर शिप्रा नदी किनारे विश्राम करते हैं। निर्धारित तिथि से पहले ही यात्रा पर चल दिए कुछ यात्री कल भी नगर प्रवेश करके शिप्रा के विभिन्न घाटों पर विश्राम करेंगे। ऐसे मे पंचकोशी यात्रियों को एक विकट समस्या का सामना करना होता है, घाट पर खाली जगह का अभाव।

**व्यावसायिकता के चलते स्थानाभाव-** जब से शहर में पर्यटन बढ़ा है, तब से शहर में श्रद्धालुओं की भीड़ की आवाजाही बहुत ज्यादा हो गई है। पर्यटन बढ़ने से शहर के छोटे व्यवसाय मे इजाफा हुआ और शिप्रा के घाटों पर छोटे व्यवसायियों ने डेरा डाल लिया। आज प्रमुख रामघाट, रविदासघाट, रेतीघाट पर छोले- चाट, आइस्क्रीम, बर्फ के लड्डू, सोडा- नींबूपानी, मूंगफली आदि के ढेरों ठेले खडे रहते हैं। इसके अलावा घाट पर बैटरी चलित कार व मोटरसाइकल भी दौड़ती रहती हैं। कुछ स्थानों पर सैल्फी रिवोल्विंग प्लेटफार्म लगाकर व्यवसायी अच्छी कमाई कर रहे हैं। शिप्रा के घाटों पर इनके जम जाने से बाहर के आए श्रद्धालुओं और पंचक्रोशी यात्रियों को चलने, घूमने व विश्राम करने में भारी दिक्कत होती है।

**तीन दिन घाटों को रेहडीवालों से मुक्त रखें**

प्रशासन को पंचकोशी यात्रियों की भारी भीड़ को देखते हुए उनके विश्राम के लिए कम से कम तीन दिन शिप्रा के प्रमुख घाटों को इन रेहडीवालों से मुक्त रखना चाहिए ताकि कष्टसाध्य यात्रा से लौटे पंचकोशी यात्री बेफ्रिक होकर नदी तट पर आराम कर सकें और मीठी स्मृतियों के साथ अपने घर लौटें। आज से लेकर अमावस्या तक इन घाटों पर पंचकोशी यात्रियों की आवाजाही रहेगी। अतः प्रशासन मुस्तैदी से घाटों पर खाली स्थान मुहैया कराने की मुहिम चलाए तो यात्रियों को राहत मिले।

# पंचकोशी यात्रियों का आज से नगर प्रवेश

## महाकाल मंदिर समिति ने की भोजन की व्यवस्था, ग्रामीणों के साथ एसपी ने भी खाई दाल-बांटी

**ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन**

पंचकोशी यात्रियों का बुधवार से नगर प्रवेश शुरू हो जाएगा। यात्री 10 अप्रैल से यात्रा पर निकले थे। मंगलवार शाम तक वे उंडासा पहुंच गए थे। अब सभी यात्री दो दिन में वापस लौटना शुरू करेंगे। इधर यात्रियों की मेजबानी और उन्हें भोजन प्रसादी के लिए महाकाल समिति ने भी स्टॉल लगा रखे हैं। अब तक 10 हजार से अधिक यात्रियों ने महाकाल मंदिर का भोजन प्रसाद ग्रहण किया है।

**शिप्रा में स्नान कर अष्ट तीर्थ यात्रा पर जाएंगे-** सुबह नगर प्रवेश के दौरान यात्री शिप्रा नदी में स्नान कर अष्ट तीर्थ की यात्रा पर जाएंगे। इससे पहले यात्री नागचंद्रेश्वर मंदिर के दर्शन भी करेंगे। यात्रियों के आने का सिलसिला गुरुवार तक रहेगा। इस दौरान बड़ी संख्या में लोगों के भोजन प्रसादी की व्यवस्था महाकाल मंदिर समिति ने भी की है।

श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति द्वारा सभी प्रमुख पड़ावों पर भोजन की निःशुल्क व्यवस्था की जा रही है।



प्रमुख पड़ावों में श्री कायावहरणेश्वर महादेव मंदिर, करोहन के बाद तीसरे पड़ाव बिलेश्वर महादेव, अंबुजा डैम पर श्रद्धालुओं के लिए निःशुल्क भोजन प्रसाद का वितरण किया गया। जिसका श्रद्धालुओं ने बड़ी संख्या में लाभ लिया। इसी क्रम में आज बुधवार को चौथे पड़ाव दुधेश्वर महादेव मंदिर पर निःशुल्क भोजन प्रसादी का वितरण मंदिर समिति द्वारा किया जाएगा।

**पड़ावों पर भोजन प्रसादी की व्यवस्था-** उपप्रशासक सिम्मी यादव ने बताया कि समिति द्वारा प्रमुख पड़ावों पर दी जाने वाली यह निःशुल्क भोजन प्रसादी व्यवस्था जारी रहेगी। भोजन प्रसादी शुद्ध, स्वच्छ एवं व्यवस्थित रूप से वितरित की जाए, इसके लिए आवश्यक व्यवस्थाएं जैसे साफ-सफाई, पेयजल एवं बैठने की व्यवस्था भी स्थल पर उपलब्ध कराई गई है। पंचकोशी यात्रा के दौरान एसपी प्रदीप शर्मा पंचकोशी के जैथल पड़ाव पर पहुंचे। यहां उन्होंने लोगों से उनका हालचाल जाना। इसके बाद एसपी ने आम यात्री की तरह ग्रामीणों के साथ दाल-बांटी खाई। इसके बाद उन्होंने यातायात सहित अन्य व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिए।

# अंतरधार्मिक दंपति ने उज्जैन में मां बगलामुखी से मांगी सुरक्षा

## 2019 में किया था विवाह, तब से मिल रही धमकियां

**ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन**

लगातार मिल रही धमकियों और असुरक्षा के माहौल के बीच रतलाम निवासी एक अंतरधार्मिक दंपति ने देवी की शरण लेकर सुरक्षा की गुहार लगाई। तबस्सुम शेख उर्फ रानी शर्मा और उनके पति भरत शर्मा मंगलवार को मां बगलामुखी मंदिर पहुंचे, जहां उन्होंने विशेष पूजा-अर्चना और हवन-यज्ञ किया।

दंपति का कहना है कि वर्ष 2019 में अंतरधार्मिक विवाह के बाद से उन्हें लगातार विरोध और धमकियों का सामना करना पड़ रहा है। उनके मुताबिक, कई बार जान से मारने की धमकियां दी गईं और हमले के प्रयास भी हुए। हालात ऐसे बने कि उन्हें उज्जैन, दिल्ली, उत्तर प्रदेश और रतलाम सहित कई शहरों में बार-बार ठिकाने बदलने पड़े, लेकिन खतरा कम नहीं हुआ।

**घर तक की रेकी की जा रही**

दंपति ने आरोप लगाया कि उनके घर की रेकी तक की जा रही है। इस संबंध में पुलिस से शिकायत भी की गई, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने यह भी कहा कि कोर्ट के आदेश पर मिली सुरक्षा अचानक हटा ली गई। बिना किसी लिखित आदेश के गनमैन वापस बुला लिया गया, जिससे उनकी चिंता और बढ़ गई है। मंदिर परिसर में पूजा के बाद भरत शर्मा ने सिस्टम पर टिप्पणी करते हुए कहा कि अगर उनके साथ कुछ होता है, तो शायद बाद में इस पर फिल्म बनेगी—यह बयान उनकी निराशा और असुरक्षा की भावना को दशार्ता है। फिलहाल दंपति ने प्रशासन से सुरक्षा दोबारा बहाल करने की मांग की है। अब देखना होगा कि प्रशासन इस मामले में क्या कदम उठाता है।

## रात 3 बजे घायल के दोस्त ने मंदिर के पास फैलाया था खून

# ढांचाभवन में हुआ गोलीकांड निकला षडयंत्र, 2 हिरासत में

**ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन**

ढांचा भवन में 11 अप्रैल की रात हुई गोली चलने की घटना षडयंत्र होना सामने आया है। घायल ने दोस्त को रात 3 बजे मंदिर के पास भेज खून फैलाया था। मंगलवार को मामले का खुलासा कर पुलिस ने घायल और उसके साथी को हिरासत में लिया है। अन्य साथियों की तलाश जारी है।

चिमनगंज थाने पर 11 अप्रैल (शनिवार) की रात 11.30 बजे ढांचा भवन में रहने वाला अतिक पिता विपिन माहुरकर पहुंचा था। उसने बताया कि एक्टिवा से 2 नकाबपोश आये थे और गोली मारी है। खून निकलता देख पुलिस ने उसे अस्पताल में भर्ती कराया था। अतिक ने खुद को कक्षा 12 वीं का छात्र और पिता आर्मी से रिटायर्ड होना बताया। उसने आला बाथम पर पुरानी रंजीश में गोली मारने का शक जलाया। पुलिस ने आला बाथम के खिलाफ हत्या के प्रयास का प्रकरण दर्ज कर उसकी तलाश शुरू की। रातभर की तलाश के बाद 12 अप्रैल की सुबह पुलिस घटनास्थल पहुंची। जहां काफी कम खून फैला होना सामने आया। घायल से दोबारा पूछताछ शुरू की तो उसके बयान मे विरोधाभास सामने आया। मामला संदिग्ध होने पर ढांचा भवन में सर्चिंग शुरू की गई और कैमरे देखे गये। कुख्यात बदमाश रौनक गुर्जर के पिता मनोहर गुर्जर के मकान पर काफी खून फैला होना सामने आया। पुलिस ने घायल की मंगलवार को अस्पताल से छुट्टी होने पर सख्ती से पूछताछ शुरू की तो घटना षडयंत्र होना सामने आ गई। पुलिस ने अतिक को हिरासत में लेकर उसके साथी राहुल चौहान को हिरासत में ले लिया। एसआई राजाराम चौहान ने बताया कि षडयंत्र में रौनक गुर्जर, बंटी मालवीय और दीपक परमार शामिल थे, जिनकी तलाश जारी है।

**राहुल चौहान ने मंदिर के पास फैलाया खून**


पुलिस के अनुसार अतिक से पूछताछ में पता चला कि रात में राहुल चौहान अस्पताल पहुंचा था। जहां उन्होने ड्रीप की नली निकालकर खून निकाला और रात 3 बजे राहुल क्षेत्र के शिव मंदिर के पास पहुंचा, जहां उसने घटना से पुलिस को भ्रमित करने के लिये खून फैलाया, लेकिन वह काफी कम था। पुलिस जांच के दौरान बंटी मालवीय का नाम सामने आया था। लेकिन पूछताछ में उसने अतिक के साथ होने से इंकार कर दिया था। अतिक से पूछताछ में पता चला कि गोली चलाने के दौरान बंटी साथ था, उसने मनोहर गुर्जर के घर छोड़ा और एक्टिवा के साथ कट्टा छुपाने के लिये ले गया। दीपक परमार घटना के बाद अतिक को एक स्थान से दूसरे स्थान पर लेकर पहुंचा था। सीसीटीवी कैमरों से बचने के लिये वास्तविक घटनास्थल अरूण किराना स्टोर्स के पास को छिपाने के उद्देश्य से दूसरे स्थान पर खून फैलाया था।

**रौनक गुर्जर साजिश में था शामिल**

अतिक ने पूछताछ में खुलासा किया कि वह रौनक गुर्जर का साथी है। गोली चलने के बाद रौनक गुर्जर को फोन पर घटना बताई थी। उसने ही झूठी रिपोर्ट दर्ज कराने के लिये कहा और पुलिस को गुमराह करने की बात कहीं थी।

उज्जैन
बुधवार
15
अप्रैल, 2026

दैनिक ब्रह्मास्त्र




## सम्राट चौधरी ने पटना के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली, जेडीयू से 2 डिप्टी सीएम

**पटना।** सम्राट चौधरी आज बिहार के नए मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली। शपथ ग्रहण समारोह लोकभवन के जर्मन हैंगर में सुबह 11 बजे से हुआ। सम्राट के साथ जदयू विधायक विजय चौधरी और बिजेंद्र यादव डिप्टी सीएम की शपथ ली। समारोह में कई राज्यों के सीएम और डिप्टी सीएम शामिल हुए। शपथ लेने के बाद सम्राट चौधरी राज्य के 24वें मुख्यमंत्री बने। सम्राट के शपथ के साथ ही बिहार में भाजपा के नेतृत्व वाली ये पहली सरकार होगी। बिहार में ये परिस्थिति नीतीश कुमार के राज्यसभा सदस्य बनने और उनके इस्तीफे के बाद बनी है। नीतीश कुमार ने सोमवार को सीएम पद से इस्तीफा दे दिया है। वे बिहार में 20 साल से मुख्यमंत्री के पद पर थे।



## एमपी बोर्ड-10वीं-12वीं रिजल्ट जारी, घर बैठे ऑफिशियल लिंक से देखें

**भोपाल।** मध्य प्रदेश में एमपी बोर्ड 10वीं और 12वीं के लाखों छात्रों का इंतजार अब खत्म होने जा रहा है। स्कूल शिक्षा विभाग के अनुसार, 15 अप्रैल को सुबह 11 बजे मुख्यमंत्री निवास में सीएम डॉ. मोहन यादव द्वारा रिजल्ट घोषित किया गया। इस वर्ष लगभग 16 लाख छात्र परीक्षा में शामिल हुए थे। स्टूडेंट्स घर बैठे अपना रिजल्ट देखने के लिए ऑफिशियल लिंक https://mpbse.mponline.gov.in और https://www.digilocker.gov.in/web/dashboard/issuers पर क्लिक कर सकते हैं। 16 लाख से ज्यादा छात्र हुए शामिल इस वर्ष प्रदेश में 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं में करीब 16 लाख से अधिक छात्र शामिल हुए हैं। इनमें लगभग 9 लाख 7 हजार विद्यार्थी 10वीं और करीब 7 लाख छात्र 12वीं की परीक्षा में बैठे।

## काशी में डॉक्टर के लैपटॉप से मिला आतंकी कनेक्शन

**वाराणसी।** वाराणसी में आतंकियों को फंडिंग करने वाले डॉक्टर के घर पर यूपी-मुंबई एटीएस और इंटेलिजेंस ब्यूरो ने छापेमारी की। टीम मंगलवार दोपहर डॉक्टर के घर पहुंची। उसके मोबाइल-लैपटॉप और प्रिंटर को कब्जे में लिया। इसके बाद डॉक्टर के घरवालों और बेटे से पूछताछ की। टीम करीब 7 घंटे तक डॉक्टर के घर में रही। जाते समय टीम मोबाइल, लैपटॉप और प्रिंटर भी साथ ले गई है। वहीं, डॉक्टर के बैंक अकाउंट की डिटेल में लाखों रुपए के टर्नओवर का पता चला है। साथ ही डॉक्टर का पाकिस्तानी लोगों और कश्मीर के संगठनों से कनेक्शन भी मिला है।



## आईपीएल मैच में रील बनाते वक्त महिला की 70 हजार की अंगूठी गुम

**चंडीगढ़।** आईपीएल 2026 के दौरान एक सामान्य मनोरंजन का पल उस समय महंगा हादसा बन गया जब मैच देखने आई एक महिला की लगभग 70 हजार रुपये की अंगूठी स्टेडियम में ही गुम हो गई। यह घटना उस समय हुई जब महिला अपने मोबाइल फोन से सोशल मीडिया के लिए एक रील शूट कर रही थी। मामला 11 अप्रैल को खेले गए सनराईज हैदराबाद और पंजाब किंग्स के बीच मुकाबले का है। जानकारी के अनुसार, मधु प्रिया नाम की महिला दर्शक के रूप में मैच देखने स्टेडियम पहुंची थीं। मैच के दौरान उत्साह और माहौल को कैद करने के लिए उन्होंने अपने मोबाइल से एक हल्की-फुल्की रील बनानी शुरू की। इसी दौरान अचानक उनकी उंगली से अंगूठी फिसल गई और भीड़-भाड़ के बीच कहीं गिरकर गायब हो गई।

### मंदिर समिति ने ऑफलाइन परमिशन बंद की, एक दिन पहले खुलेगी विंडो

# अब महाकाल मंदिर की भस्मारती की भी तत्काल बुकिंग

**ब्रह्मास्त्र** ▸▸ उज्जैन

महाकालेश्वर मंदिर की भस्मारती की परमिशन को लेकर मंदिर समिति ने बड़ा बदलाव किया है। एक दिन पहले मिलने वाली निःशुल्क ऑफलाइन परमिशन को बंद कर अब उसे भी ऑनलाइन कर दिया गया है। साथ ही तीन माह पहले होने वाली भस्मारती की बुकिंग का समय बदलकर उसे एक माह कर दिया है।

महाकालेश्वर मंदिर समिति ने भस्मारती परमिशन के नियमों को लेकर दो बड़े बदलाव किए हैं। श्रद्धालुओं को जहां सुविधा दी है, तो वहीं निःशुल्क मिलने वाली भस्मारती परमिशन के लिए भी श्रद्धालुओं को 200 रुपए चुकाने होंगे।



### परमिशन के लिए घंटों खड़ा नहीं होना पड़ेगा

महाकाल मंदिर में करीब 1700 भस्म आरती की परमिशन रोजाना ऑनलाइन और ऑफलाइन के माध्यम से होती थी। जिसमें 300 परमिशन ऑफलाइन होती थी जिसमें श्रद्धालुओं को एक दिन पहले महाकाल मंदिर के काउंटर पर करीब 5 से 6 घंटे लाइन में लगकर आरती की परमिशन के लिए खड़े होना पड़ता था। अब परिमशन के लिए श्रद्धालुओं घंटों तक खड़ा नहीं रहना पड़ेगा। महाकाल मंदिर समिति ने 9 अप्रैल से ऑफलाइन परमिशन को पूरी तरह से बंद कर दिया है। श्रद्धालु एक दिन पहले होने वाली बुकिंग को तत्काल कोटे का नाम देकर 300 परमिशन एक दिन पहले ऑनलाइन बुक कर सकेंगे। इसके लिए महाकाल मंदिर की वेबसाइट https://www.shrimahakaleshwar.mp.gov.in/ के माध्यम से 200 रुपए प्रति श्रद्धालु को ऑनलाइन मंदिर समिति को देना होगा।

### ऐसे की जा सकेगी बुकिंग

तत्काल भस्मारती बुकिंग के लिए चयनित तिथि से 1 दिन पहले सुबह 8:00 बजे पोर्टल खुलेगा। (जैसे- यदि आपको 15 अप्रैल के लिए बुकिंग करनी है, तो पोर्टल 14 अप्रैल सुबह 8:00 बजे खुलेगा)। भस्मारती बुकिंग 'पहले आओ, पहले पाओ' के आधार पर सुनिश्चित की जाएगी। बुकिंग सिर्फ 300 दर्शनर्थियों के लिए होगी।

### नियमित परमिशन की एक माह पहले खुलेगी विंडो

महाकाल मंदिर की भस्मारती की सामान्य ऑनलाइन बुकिंग में बदलाव किया गया है। पहले विंडो तीन माह पहले खुलती थी, लेकिन नए नियम के तहत एक माह पहले खुलेगी। मई माह के लिए नियमित बुकिंग विंडो 21 अप्रैल 2026 को सुबह 8:00 बजे खुलेगी। जून माह एवं आगामी महीनों हेतु बुकिंग एक महीने पहले, हर माह की 1 तारीख को सुबह 8:00 बजे खुलेगी। जून की बुकिंग 1 मई से और जुलाई की बुकिंग 1 जून से प्रारंभ होगी। महाकालेश्वर मंदिर में दर्शनार्थियों की सुविधा और सुगम दर्शन व्यवस्था हेतु मंदिर प्रबंध समिति द्वारा भगवान की नित्य होने वाली त्रिकाल आरती बुकिंग प्रक्रिया को पूर्णतः पारदर्शी और ऑनलाइन कर दिया गया है। संध्या आरती और रात में होने वाली शयन आरती में भक्तों की उमड़ने वाली भीड़ को देखते हुए महाकाल मंदिर प्रबंध समिति ने 19 फरवरी से श्री महाकालेश्वर मंदिर में भस्मारती की तरह संध्या आरती और शयन आरती में दर्शन के लिए भी ऑनलाइन बुकिंग शुरू की थी।

### आनंदपुर साहिब से लौटते वक्त खंभे से टकराई, करंट आया

# श्रद्धालुओं से भरी बस पलटी, 6 की मौत

### 21 घायल, महिलाएं-बच्चे शामिल

**ब्रह्मास्त्र** ▸▸ फतेहगढ़



फतेहगढ़ साहिब में श्रद्धालुओं से भरी बस पलट गई। इसमें 6 श्रद्धालुओं की मौत हो गई। वहीं 21 घायल हो गए। घायलों में बच्चों के साथ महिलाएं भी शामिल हैं। उन्हें तुरंत नजदीकी अस्पतालों में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज जारी है। बस में 40 श्रद्धालु सवार थे। घटना देर रात की है।

श्रद्धालु आनंदपुर साहिब में बैसाखी मेले से वापस लौट रहे थे। इस बीच गांव हिम्मतपुरा के पास बस में तकनीकी खराबी आ गई। इसके बाद बस अनियंत्रित होकर बिजली के खंभे में टकराकर पलट गई। बस में बैठी सवारी का कहना है कि बस के पलटने के बाद उसमें अचानक करंट आ गया। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। 12 घायलों को मोरिंडा और 9 को फतेहगढ़ साहिब ले गए। बस को साइड करके टो कर दिया है। गंभीर रूप से घायल श्रद्धालुओं को चंडीगढ़ पीजीआई रेफर कर दिया गया है। बस में सवार श्रद्धालु बस्सी पठाना के नजदीक गांव मैण माजरी के थे। स्थानीय लोगों का कहना है कि देर रात रोटी खाने के बाद निकले थे। जब एक्सीडेंट देखा तो और लोगों को भी बुलाया। एंबुलेंस काफी देरी से आई है। उन्होंने बस में फंसे लोगों को बाहर निकाला।

**बठिंडा की सांसद ने जताया दुःख-** बठिंडा से शिरोमणि अकाली दल की सांसद हरसिमरत कौर बादल ने दुख जताया है। उन्होंने सोशल मीडिया पर पोस्ट डालकर लिखा- दुखद समाचार। श्री आनंदपुर साहिब से आ रहे तीर्थयात्रियों की बस पलटने से 6 श्रद्धालुओं की मृत्यु का समाचार सुनकर गहरा दुःख हुआ है। गुरु साहिब दिवंगत आत्माओं को अपने चरणों में स्थान दें और घायलों को शीघ्र स्वस्थ करें।

# यूपी में भीषण गर्मी

### 5 जिलों में पारा 40 डिग्री पार



**ब्रह्मास्त्र** ▸▸ वाराणसी

यूपी में अब गर्मी अपने तेवर दिखाने लगी है। बुधवार सुबह से तेज धूप निकली है। गर्म हवाएं चल रही हैं। इससे पारा में 4-5 डिग्री का उछाल आया है। बांदा-झांसी समेत 5 जिलों का तापमान सीजन में पहली बार 40 डिग्री के पार पहुंच गया है। रात में भी उमस का एहसास हो रहा।

मौसम विभाग का कहना है कि गर्म पछुआ हवाओं के कारण तापमान में तेजी से बढ़ोतरी हो रही। बुंदेलखंड समेत दक्षिणी जिलों में सबसे ज्यादा गर्मी और तपिश महसूस हो रही है। अगले चार-पांच दिनों तक राहत की कोई उम्मीद नहीं है। फिलहाल, गर्मी बढ़ती रहेगी। कई जिलों में तापमान सामान्य से अधिक रहने की संभावना है।

### पूरे प्रदेश के साथ ही उज्जैन जिले में भी बिजली की मांग में उतार-चढ़ाव

# बैकिंग डाउन से 5194.5 मिलियन यूनिट बिजली उत्पादन का नुकसान

**ब्रह्मास्त्र** ▸▸ उज्जैन

पूरे प्रदेश के साथ ही उज्जैन जिले में भी बिजली की मांग में उतार-चढ़ाव के कारण बिजली की मांग कम होने पर प्रदेश में संयंत्रों की उत्पादन क्षमता कम करनी पड़ रही है। वहीं सौर और पवन ऊर्जा के उत्पादन के दौरान थर्मल पावर प्लांटों को बैकिंग डाउन के लिए मजबूर होना पड़ता है। इस कारण मप्र के ताप विद्युत संयंत्रों में अप्रैल 2025 से जनवरी 2026 के दौरान, ग्रिड संतुलन और बिजली की मांग में कमी (बैकिंग डाउन) के कारण कुल 5194.5 मिलियन यूनिट बिजली उत्पादन का नुकसान हुआ है। गौरतलब है कि जब बिजली की मांग कम होती है या ग्रिड में अतिरिक्त बिजली होती है, तो संयंत्रों को अपनी पूरी क्षमता से कम पर चलाना पड़ता है, जिसे बैकिंग डाउन कहते हैं।



आंकड़ों के विश्लेषण से सामने आया है कि यदि बैंकिंग डाउन नहीं होता, तो राज्य में बिजली उत्पादन कहीं अधिक हो सकता था और कई महीनों में उत्पादन दोगुना तक पहुंच सकता था।

गौरतलब है कि मप्र में बिजली उत्पादन बढ़ रहा है। इसके साथ ही खपत भी बढ़ रही है। इसलिए बिजली कंपनियों के लिए निर्बाध बिजली सप्लाई देना चुनौती है। इसमें भी घरेलू उपभोक्ताओं के साथ किसानों को भी अलग से बिजली दिए जाने का लक्ष्य है। इसी समस्या से निपटने के लिए अब प्रदेश में बिजली की कमी को पूरा करने के लिए राज्य सरकार नवकरणीय ऊर्जा पर जोर दे रही है, जिससे बिजली की खपत और उत्पादन के बीच सामंजस्य बिठाया जा सके। इस कारण प्रदेश में नवकरणीय ऊर्जा में 10 गुना तक की बढ़ोत्तरी हुई है। इसमें सोलर एनर्जी 4096.98 मेगावॉट है। वहीं, पवन ऊर्जा 2870.35 मेगावाट और बायोमास में 108 मेगावॉट और जल परियोजनाओं से उत्पादन होने वाली बिजली 123.91 मेगावॉट है। इस कारण प्रदेश के ताप विद्युत संयंत्रों में पिछले साल अप्रैल से इस साल जनवरी के बीच बैकिंग डाउन के कारण कुल 5194.5 एमयू बिजली का नुकसान हुआ।

### करीब 19 प्रतिशत उत्पादन केवल बैकिंग डाउन के कारण कम हो गया

मप्र पॉवर जनरेशन कंपनी के आंकड़ों के मुताबिक 10 महीनों में वास्तविक कुल बिजली उत्पादन 22036.9 मिलियन यूनिट रहा, जबकि बैंकिंग डाउन जोड़ने पर कुल संभावित उत्पादन 27231.4 एमयू तक पहुंचता। यानी करीब 19 प्रतिशत उत्पादन केवल बैकिंग डाउन के कारण कम हो गया। सबसे ज्यादा असर अक्टूबर महीने में देखने को मिला। इस दौरान वास्तविक उत्पादन केवल 1596.5 एमयू रहा, जबकि बैंकिंग डाउन 1572.5 मिलियन यूनिट था। यदि बीडी नहीं होता, तो कुल बिजली उत्पादन 3169.0 एमयू तक जा सकता था, यानी लगभग आधी क्षमता का उपयोग ही नहीं हो पाया। ऊर्जा विभाग के जानकारों का मानना है कि यदि मांग का सटीक आकलन और नवीकरणीय ऊर्जा का बेहतर प्रबंधन किया जाए, तो बैकिंग डाउन को काफी हद तक कम किया जा सकता है। बैकिंग डाउन केवल उत्पादन में कमी ही नहीं लाता, बल्कि इससे आर्थिक नुकसान भी होता है। प्लांट तैयार रहने के बावजूद बिजली नहीं बना पाना, फिक्स्ड कॉस्ट का बोझ बढ़ाता है। इसके अलावा बार-बार लोड कम-ज्यादा करने से मशीनों पर भी असर पड़ता है। हालांकि दिसंबर और जनवरी में बैकिंग डाउन घटकर क्रमशः 205.3 और 255.6 एमयू रह गया, जिससे उत्पादन में सुधार हुआ और जनवरी में कुल उत्पादन 2739.1 एमयू तक पहुंच गया।

## खबर एक नजर...

### जैन सोशल ग्रुप समन्वय के मिलन समारोह में जीव दया का संदेशः विजेताओं को बांटे पक्षियों के सकोरे

**उज्जैन।** जैन सोशल ग्रुप समन्वय द्वारा आयोजित मिलन समारोह में मनोरंजन के साथ जीव दया और पर्यावरण संरक्षण का अनूठा संदेश दिया गया। समारोह में आयोजित तार्किक प्रश्नोत्तरी के विजेताओं को पुरस्कार स्वरूप पक्षियों के लिए जल पात्र (सकोरे) भेंट किए गए। भीषण गर्मी को देखते हुए कार्यक्रम में मौजूद 130 से अधिक सदस्यों ने अपने घरों व आंगनों में पक्षियों के लिए जल से भरे सकोरे रखने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ सुचिता जैन द्वारा णमोकार महामंत्र के मंगलाचरण से हुआ। सचिव आशीष नांदेचा ने ग्रुप के 17 वर्ष पूर्ण होने पर सदस्यों को बधाई दी। उन्होंने बताया कि संस्थापक अध्यक्ष जयंतीलाल फाफरिया द्वारा 2009 में स्थापित यह संस्था आज सेवा के क्षेत्र में निरंतर सक्रिय है। इस अवसर पर पूर्व अध्यक्षों विजय बम्बोरी, सतीश जैन, कमलेश जैन और शैलेन्द्र बापना का उनके योगदान व समर्पण के लिए अभिनंदन किया गया। अध्यक्ष नगीन नलवाया और सचिव आशीष नांदेचा ने विगत वर्ष की गतिविधियों का ब्यौरा देते हुए आगामी वर्ष के लिए प्याऊ निर्माण, निर्धन बच्चों की शिक्षा, गौ-सेवा और वस्त्र वितरण जैसी सेवा योजनाओं पर विस्तृत चर्चा की। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण सकोरे वितरण रहा, जिसने पक्षी संरक्षण के प्रति समाज की जिम्मेदारी को रेखांकित किया।

आयोजन में संजय जैन चहेती, आशीष फाफारिया, पारस जैन शास्त्रीनगर, संदीप जैन, सुगनचंद जैन, मनोज दलाल, शैलेन्द्र पावेचा, राजकुमार कोचेटा, विमल श्रीमाल, मुकेश चावत, सुनील रांका और विनोद जैन सहित अनेक सदस्य उपस्थित रहे।

### संजय सक्सेना भारी बहुमत से वाइस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर निर्वाचित

**उज्जैन।** लायंस इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 3233 जी-2 के आगामी सत्र 2026-27 के लिए आयोजित डिस्ट्रिक्ट कॉन्फ्रेंस में लायन संजय सक्सेना भारी बहुमत से वाइस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर (सेकंड) निर्वाचित हुए हैं। चुनाव समिति संयोजक लायन भरत जैन के नेतृत्व में उन्हें यह ऐतिहासिक विजय मिली।

### 21 दिन तक खराब नहीं होगी सब्जियां

# विक्रमादित्य विश्वविद्यालय में संगोष्ठी, वैज्ञानिक बोले- यह खोज खाद्य भंडार में बड़ी उपलब्धि





ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

उज्जैन के सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय में मंगलवार को आयोजित एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन हुआ, जिसमें वैज्ञानिकों ने बताया कि सब्जियों को 21 दिन तक सुरक्षित रखने वाली नई तकनीक की खोज हुई है। आयोजन 'रासायनिक नवाचार के नवीन क्षितिजः सूक्ष्म अणुओं से चिकित्सीय समाधान तक' विषय पर आयोजित किया गया था, जिसमें देश विदेश के वैज्ञानिकों ने भाग लिया।

संगोष्ठी का मुख्य आकर्षण क्क्ळ इंदौर के प्रो. देबायन सरकार का व्याख्यान रहा। उन्होंने प्रिसिजन डिअरोमैटाइजेशन तकनीक पर विस्तार से जानकारी दी, जिसमें अणुओं की संरचना बदलकर अधिक प्रभावी दवाएं तैयार की जा सकती हैं। इसी दौरान उन्होंने एक नई तकनीक भी बताई, जिससे सब्जियों को बिना किसी नुकसान के करीब 21 दिनों तक सुरक्षित रखा जा सकता है। इस खोज को खाद्य सुरक्षा और भंडारण के लिए बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है।

कार्मक्रम की मुख्य वक्ता नॉर्वेजियन यूनिवर्सिटी ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी की डॉ. एलिजाबेथ एगहोम जैकबसेन। कार्मक्रम की मुख्य वक्ता नॉर्वेजियन यूनिवर्सिटी ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी की डॉ. एलिजाबेथ एगहोम जैकबसेन।

मुख्य वक्ता के रूप में नॉर्वेजियन यूनिवर्सिटी ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी की डॉ. एलिजाबेथ एगहोम जैकबसेन ने कीमो एंजाइमेटिक संश्लेषण पर अपने विचार रखे। उन्होंने बताया कि यह तकनीक दवाओं के निर्माण को ज्यादा सटीक बनाती है, जिससे उनकी प्रभावशीलता बढ़ती है और साइड इफेक्ट कम होते हैं। इसे ग्रीन केमिस्ट्री की दिशा में एक अहम कदम माना जा रहा है। संगोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए कुलगुरु प्रो. अर्पण भारद्वाज ने कहा कि ऐसे आयोजन शोध और औषधि विकास के बीच एक मजबूत कड़ी का काम करते हैं। उन्होंने वैज्ञानिकों के काम की सराहना की और विश्वविद्यालय में सब्जी संरक्षण तकनीक की एक छोटी इकाई शुरू करने की संभावना भी जताई।

# ज्ञान से बढ़ती है विनम्रता और सेवा की भावनाः सैयदना मुफद्दल सैफुद्दीन

### सैयदी अब्दुल कादिर हकीमुद्दीन की पुण्यतिथि पर 20 हजार बोहरा समाजजनों को किया संबोधित

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

दाऊदी बोहरा समुदाय के धर्मगुरु सैयदना मुफद्दल सैफुद्दीन ने बुरहानपुर के लोधीपुरा स्थित हकीमी मस्जिद में सैयदी अब्दुल कादिर हकीमुद्दीन की पुण्यतिथि पर आयोजित विशाल जनसभा को संबोधित किया। ऐतिहासिक दरगाह-ए-हकीमी परिसर और आसपास के क्षेत्रों में देश-दुनिया से करीब 20 हजार समाजजन एकत्र हुए। विश्रामरत सैयदी हकीमुद्दीन के प्रति संपूर्ण बोहरा समाज में गहरी आस्था है और बुरहानपुर शहर इस धरोहर का प्रमुख केंद्र है।

### विनम्रता और समाज सेवा का दिया संदेश

अपने संबोधन में धर्मगुरु सैयदना मुफद्दल सैफुद्दीन ने बोहरा समाज के इतिहास में बुरहानपुर के अद्वितीय स्थान को रेखांकित करते हुए इसे ज्ञान, निष्ठा और सेवा से निर्मित शहर बताया। उन्होंने कहा कि जैसे-जैसे व्यक्ति की बुद्धिमत्ता और समझ का विस्तार होता है, वैसे-वैसे उसकी नम्रता और दूसरों की मदद करने की इच्छा भी बढ़नी चाहिए। उन्होंने उपस्थित जनसमूह से पूर्व विद्वानों की विरासत से प्रेरणा लेकर ईमानदारी, अनुशासन और समाज सेवा पर आधारित जीवन व्यतीत करने का आह्वान किया। सैयदी अब्दुल कादिर हकीमुद्दीन का जन्म वर्ष 1665 में समुदाय के 34वें दाई सैयदना इस्माइल बदरुद्दीन के काल में हुआ था। वे अपनी विद्वता में अद्वितीय थे।

# 25 हजार पंचक्रोशी यात्रियों के लिए की भोजन व आवास व्यवस्था, सेवादारों का हुआ सम्मान

### मक्सी रोड स्थित शिविर में 15 वर्षों से जारी है निरंतर सेवा, राधा-कृष्ण गौशाला व ज्ञान वर्षा स्कूल का रहा विशेष सहयोग



ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग की दिव्य ऊर्जा और 84 महादेव मंदिरों की परंपरा से जुड़ी 118 किलोमीटर की पवित्र पंचक्रोशी यात्रा में श्रद्धालुओं की सेवा का दौर जारी है। पौराणिक पंचक्रोशी यात्रा के पहले पड़ाव मक्सी रोड स्थित श्री सिंथेटिक चौराहे पर विगत 15 वर्षों की तरह इस बार भी 25 हजार श्रद्धालुओं के लिए भोजन, ठहरने के लिए टेंट, बिस्तर, कूलर और ठंडे पानी की निशुल्क व्यवस्था की गई है।

श्री राधा-कृष्ण गौशाला एवं ज्ञान वर्षा इंटरनेशनल स्कूल के संचालक मुकेश पाटीदार और सुरेश पाटीदार के सहयोग से हनुमान मंदिर श्री सिंथेटिक चौराहा स्थित पंचक्रोशी सेवा समिति द्वारा यह वृहद व्यवस्था की जा रही है। यात्रा के दौरान विशेष सेवा प्रदान करने वाले समिति के सभी सदस्यों और सेवादारों का शिविर में स्वागत एवं अभिनंदन किया गया।

कार्यक्रम संरक्षक नारायण यादव और संयोजक रमेश चौधरी केसुनी के नेतृत्व में संचालित इस सेवा कार्य में देवीलाल पाटीदार, आनंद खींची, सुरेश पाटीदार, भाजपा मंडल अध्यक्ष अजय जोशी, चरण सिंह जाट केसुनी, राजेश चौधरी केसुनी, रतन, केसरसिंह आंजना, ओम आंजना भैंसोदा, जसवंत सिंह आंजना दूदर्शी, ज्ञान वर्षा इंटरनेशनल स्कूल के डायरेक्टर मुकेश पाटीदार, सतीश मालवीय चकजयरामपुर, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष लखन आंजना, दशरथ आंजना भैंसोदा, युवराज शर्मा भैंसोदा, दिलीप जाट खेड़ा, धर्मेन्द्र जाट केसुनी, कपिल जाट हर्षोदन, संजय, चेतन पाटीदार, सत्यप्रकाश पाटीदार, स्वयं प्रकाश पाटीदार, राजीव सक्सेना, चौधरी केसुनी, संजू पाटीदार, ईश्वर चौधरी और धैर्य पाटीदार ने अपनी विशेष सेवाएं प्रदान कीं। जानकारी देवीलाल पाटीदार द्वारा दी गई।

# महाप्रभु वल्लभाचार्य के 549वे प्रागट्य महोत्सव में हुआ पीपल वृक्ष का दुग्धास्नान

### श्रीनाथ हवेली में सजा फूल बंगला, गोवर्धननाथ हवेली में हुआ यमुनाष्टक व वल्लभ साखी का पाठ

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

पुष्टिमार्गीय वैष्णव संप्रदाय के प्रवर्तक जगद्गुरु अखंड भूमंडलाचार्य महाप्रभु वल्लभाचार्य का 549वां जयंती महोत्सव शहर में अपार श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। गोमतीकुंड मंगलनाथ रोड स्थित आचार्य महाप्रभु बैठक पर 11 से 15 अप्रैल तक आयोजित इस पांच दिवसीय महोत्सव के तहत मंगलवार को विविध धार्मिक अनुष्ठान संपन्न हुए। बुधवार 15 अप्रैल को महोत्सव का समापन होगा।

मीडिया प्रभारी दीपक राजवानी ने बताया कि गोस्वामी तिलकायत 108 इन्द्रदमन राकेश महाराज के आशीर्वाद और चिरंजीवी भूपेशकुमार विशाल बावा व चिरंजीवी लालगोविन्द अधिराज बावा की आज्ञानुसार यह महोत्सव मनाया जा रहा है। 14 अप्रैल को ढाबा रोड स्थित श्रीनाथ हवेली में फूल बंगला सजाकर राजभोग धराया गया। सुबह महाप्रभु बैठक में वल्लभाचार्य द्वारा रोपित पीपल के वृक्ष का दुग्धास्नान किया गया।

शाम को सिंहपुरी स्थित गोवर्धननाथ हवेली में यमुनाष्टक पाठ और वल्लभ साखी का आयोजन हुआ। वल्लभ साखी के पाठ में महाप्रभु वल्लभाचार्य



का गुणगान कर उनके 108 नामों का स्मरण किया गया, जबकि यमुनाष्टक में आचार्य महाप्रभु द्वारा रचित यमुना के सुंदर स्वरूप का मनमोहक वर्णन किया गया। 15 अप्रैल को शाम 7 बजे महाप्रभु बैठक में पना मनोरथ और पुष्प वितान के साथ इस पांच दिवसीय महोत्सव का भव्य समापन होगा।

### आयोजन में युवा समिति की रही अहम भूमिका

महोत्सव के संयोजक एवं ट्रस्टी विठ्ठल नागर के नेतृत्व में आनंद पुरोहित, जयेश श्रॉफ और अमित नागर सहित युवा समिति के सदस्यों ने आयोजन में सक्रिय भूमिका निभाई और व्यवस्थाएं संभालीं।

महोत्सव में युवा समिति के विशाल नीमा, अभिसार जवेरी, अमित नागर, पुनीत जवेरी, कमलेश नीमा, अमर दिसावल, वरुण नागर, सौरभ नागर, नितीन नीमा, अमिश नीमा, अन्तेष नीमा, आभाष शर्मा, अन्नेश नीमा, हिमांशु दिसावल, मनोज नागर, राजेश नागर, विश्वास नागर, वैभव नागर, रत्नेश नीमा, विनय शाह, पंकज अग्रवाल, राजेन्द्र अग्रवाल, राहुल नागर, निलेश राणा, रतिन नीमा, अंशुल नीमा, अमरीश जवेरी, पियुष शाह, मनीष सामरिया, राजेश कुलवाल, प्रशांत नागर, अखिलेश नागर, आशीष दिसावल, अशोक पांचाल, रुपेश नीमा, रवि राणा, दीपक नागर, मयूर शर्मा, अभिषेक नागर, हेमन्त नागर, गौरव खण्डेलवाल, नितेश नागर, पंकज घाटिया, आशीष नागर, प्रमोद नीमा, सुधीर नागर, अपूर्व नागर, पियुष नागर, गगन खत्री, अर्पित नीमा, प्रशांत महाजन, चेतन नागर, आयुष नीमा, रितेश चौरसिया, अमित साबू, रितेश नागर, यश नागर, रवि नागर और आयुष नागर ने अपनी सराहनीय सेवाएं दीं।

## खबर एक नजर...

### अंबोदिया पड़ाव पर बांटी भोजन प्रसादी

**उज्जैन।** अति प्राचीन और धार्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण पंचक्रोशी यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति ने विशेष व्यवस्थाएं की हैं। यात्रा के प्रमुख पड़ाव अंबोदिया पर श्रद्धालुओं के लिए निःशुल्क भोजन प्रसादी वितरण की व्यवस्था की गई है। पंचक्रोशी यात्रा में शामिल होने वाले सभी श्रद्धालुओं को निःशुल्क भोजन उपलब्ध कराया जा रहा है, ताकि यात्रा के दौरान उन्हें किसी प्रकार की असुविधा न हो। भोजन प्रसादी के वितरण में शुद्धता, स्वच्छता और व्यवस्था बनाए रखने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

### अधिवक्ता परिषद मालवा प्रांत का अभ्यास वर्ग हुआ

**उज्जैन।** अधिवक्ता परिषद मालवा प्रांत का दो दिवसीय अभ्यास वर्ग 11 और 12 अप्रैल को देवास रोड स्थित राजेंद्र सूरी शोध संस्थान में हुआ। कार्यक्रम में राष्ट्रीय मंत्री विक्रम दुबे, क्षेत्रीय संयोजक प्रदीप सिंह, प्रांत अध्यक्ष उमेश यादव और प्रांत महामंत्री प्रसन्ना भटनागर शामिल हुए। अभ्यास वर्ग में अधिवक्ताओं को संगठन की कार्यप्रणाली, सामाजिक दायित्व और विधिक क्षेत्र में बेहतर कार्यप्रणाली पर मार्गदर्शन दिया गया। आयोजन अधिवक्ता परिषद की जिला इकाई उज्जैन ने किया। संचालन जिला महामंत्री अजय पांडे ने किया।

### एमपीएमआरए की 40वीं आमसभा में चौबे अध्यक्ष बने

**उज्जैन।** छतरपुर में एमपीएमआरए की 40वीं द्विवार्षिक आमसभा आयोजित हुई। बैठक में अगले दो वर्षों के लिए नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। चुनाव के बाद विकास चौबे को अध्यक्ष चुना गया। उज्जैन के निशिकांत पंड्या को महासचिव और देवनारायण पाटीदार को कोषाध्यक्ष बनाया गया। संगठन ने बताया कि उज्जैन के पदाधिकारियों को नई टीम में अहम जिम्मेदारियां दी गई हैं।

### राष्ट्रीय शालेय टेबल-टेनिस में भिरोड़े का चयन





**उज्जैन।** दिल्ली में 16 से 22 अप्रैल तक होने वाली राष्ट्रीय शालेय टेबल टेनिस स्पर्धा के अंडर-14 वर्ग के लिए सागर भिरोड़े का चयन हुआ है। उज्जैन जिला टेबल टेनिस एसोसिएशन के उपाध्यक्ष और पूर्व खिलाड़ी राजेश शर्मा ने कहा कि राष्ट्रीय स्तर पर सागर का चयन शहर के लिए गर्व की बात है। उन्होंने बताया कि सागर 14 अप्रैल को प्रशिक्षक मेघा सरवटे के साथ दिल्ली के लिए रवाना होंगे। सागर के चयन पर एसोसिएशन के सचिव सतीश मेहता, अक्षय नीमा सहित अन्य पदाधिकारियों और वरिष्ठ खिलाड़ियों ने खुशी जताई।

# अब महाकाल मंदिर की भस्मारती की भी तत्काल बुकिंग होगी

### मंदिर समिति ने ऑफलाइन परमिशन बंद की, एक दिन पहले खुलेगी विंडो

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन



महाकालेश्वर मंदिर की भस्मारती की परमिशन को लेकर मंदिर समिति ने बड़ा बदलाव किया है। एक दिन पहले मिलने वाली निःशुल्क ऑफलाइन परमिशन को बंद कर अब उसे भी ऑनलाइन कर दिया गया है। साथ ही तीन माह पहले होने वाली भस्मारती की बुकिंग का समय बदलकर उसे एक माह कर दिया है।

महाकालेश्वर मंदिर समिति ने भस्मारती परमिशन के नियमों को लेकर दो बड़े बदलाव किए हैं। श्रद्धालुओं को जहां सुविधा दी है, तो वहीं निःशुल्क मिलने वाली भस्मारती परमिशन के लिए भी श्रद्धालुओं को 200 रुपए चुकाने होंगे। महाकाल मंदिर में करीब 1700 भस्म आरती की परमिशन रोजाना ऑनलाइन और ऑफलाइन के माध्यम से होती थी। जिसमें 300 परमिशन ऑफलाइन होती थी जिसमें श्रद्धालुओं को एक दिन पहले महाकाल मंदिर के काउंटर पर करीब 5 से 6 घंटे लाइन में लगकर आरती की परमिशन के लिए खड़े होना पड़ता था। अब परिमशन के लिए श्रद्धालुओं घंटों तक खड़ा नहीं रहना पड़ेगा। महाकाल मंदिर समिति ने 9 अप्रैल से ऑफलाइन परमिशन को पूरी तरह से बंद कर दिया है। श्रद्धालु एक दिन पहले होने वाली बुकिंग को तत्काल कोटे का नाम देकर 300 परमिशन एक दिन पहले ऑनलाइन बुक कर सकेंगे।

**ऐसे की जा सकेगी बुकिंग-** तत्काल भस्मारती बुकिंग के लिए चयनित तिथि से 1 दिन पहले सुबह 8:00 बजे पोर्टल खुलेगा। (जैसे- यदि आपको 15 अप्रैल के लिए बुकिंग करनी है, तो पोर्टल 14 अप्रैल सुबह 8:00 बजे खुलेगा)। भस्मारती बुकिंग 'पहले आओ, पहले पाओ' के आधार पर सुनिश्चित की जाएगी। बुकिंग सिर्फ 300 दर्शनर्थियों के लिए होगी। महाकाल मंदिर की भस्मारती की सामान्य ऑनलाइन बुकिंग में बदलाव किया गया है। पहले विंडो तीन माह पहले खुलती थी, लेकिन नए नियम के तहत एक माह पहले खुलेगी। मई माह के लिए नियमित बुकिंग विंडो 21 अप्रैल 2026 को सुबह 8:00 बजे खुलेगी। जून माह एवं आगामी महीनों हेतु बुकिंग एक महीने पहले, हर माह की 1 तारीख को सुबह 8:00 बजे खुलेगी। जून की बुकिंग 1 मई से और जुलाई की बुकिंग 1 जून से प्रारंभ होगी।

### संध्या आरती और शयन आरती में कर चुके हैं बदलाव

महाकालेश्वर मंदिर में दर्शनार्थियों की सुविधा और सुगम दर्शन व्यवस्था हेतु मंदिर प्रबंध समिति द्वारा भगवान की नित्य होने वाली त्रिकाल आरती बुकिंग प्रक्रिया को पूर्णतः पारदर्शी और ऑनलाइन कर दिया गया है। संध्या आरती और रात में होने वाली शयन आरती में भक्तों की उमड़ने वाली भीड़ को देखते हुए महाकाल मंदिर प्रबंध समिति ने 19 फरवरी से श्री महाकालेश्वर मंदिर में भस्मारती की तरह संध्या आरती और शयन आरती में दर्शन के लिए भी ऑनलाइन बुकिंग शुरू की थी।

### पंजाबी व्यंजनों का भी रहा आकर्षण

# उज्जैन में वैशाखी पर तीन घंटे चला भांगड़ा- गिद्दा

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन



कालिदास अकादमी में रविवार शाम वैशाखी पर्व पर पंजाबी संस्कृति की रंगत छा गई। पंजाबी साहित्य अकादमी भोपाल, सिख समाज और खत्री अरोड़वंशीय समाज के आयोजन में लोग तीन घंटे तक भांगड़ा, गिद्दा और पंजाबी व्यंजनों के स्वाद का आनंद लेते रहे।

संयोजक यूएस छाबड़ा ने बताया कि नई दिल्ली के पंजाबी गायक चन्नी मस्ताना और उनके दल ने पंजाबी गीतों व लोकनृत्य की प्रस्तुतियों से माहौल बांध दिया। कार्यक्रम में नगर भाजपा अध्यक्ष संजय अग्रवाल, प्रदेश सांस्कृतिक प्रकोष्ठ संयोजक कपिल यार्दे, डीआईजी नवनीत भसीन, कालिदास अकादमी निदेशक डॉ. गोविंद गंधे, बीएल गुप्ता और डॉ. एसके सलूजा मौजूद रहे।

अतिथियों का स्वागत इकबाल सिंह गांधी, चरणजीत सिंह कालरा, अजय जुल्का, भूषण खुल्लर और जगदीश हूरिया ने किया। अतिथियों ने संबोधन में वैशाखी पर्व की बधाई दीं। कार्यक्रम में पंजाबी व्यंजनों का मेला भी आकर्षण का केंद्र रहा। संचालन स्वाति कालरा और डिंपल कालरा ने किया। इस अवसर पर पिलकेंद्र अरोरा, डॉ. राकेश ढांढ, डॉ. बीएस मक्कड़, कुलभूषण जुनेजा और अश्विन नरूला उपस्थित रहे। बैसाखी पर्व (खालसा सिरजना दिवस ) पर सिख समाज, खत्री अरोडवंशीय समाज और पंजाबी साहित्य अकादमी भोपाल की अगुवाई में 3 दिवसीय आयोजन 12 अप्रैल से शुरू हुआ जो 14 अप्रैल तक मनाया जाएगा। खत्री अरोडवशीय समाज के अध्यक्ष अजय जुल्का ने बताया कि 13 अप्रैल को टावर चौक पर सुबह शरबत वितरण की सेवा की गई। शाम 7.30 बजे से रात 9 बजे तक गुरुद्वारा सुख सागर फ्रीगंज में प्रिंसिपल सुखवंत सिंह (लुधियाना वाले ) ने गुरबाणी कीर्तन किया। उसके बाद अटूट लंगर का वितरण किया गया ' इकबाल सिंह खालसा ने बताया कि 14 अप्रैल को सुबह 11 से दोपहर 1 तक प्रिंसिपल सुखवंत सिंह (लुधियाना वाले ) गुरबाणी कीर्तन करेंगे।

### भारत विकास परिषद क्षिप्रा शाखा में मुकेश लखवानी पुनः अध्यक्ष निर्वाचित

**उज्जैन।** भारत विकास परिषद की क्षिप्रा शाखा की नवीन कार्यकारिणी समिति का निर्विरोध गठन किया गया है। आगामी सत्र 2026-27 के लिए मुकेश लखवानी को पुनः अध्यक्ष चुना गया है। वहीं, ज्योति पोरवाल को सचिव और गौरव अग्रवाल को कोषाध्यक्ष का दायित्व सौंपा गया है। नवीन कार्यकारिणी के चुनाव क्षिप्रा शाखा पालक राजेश पंड्या और चुनाव अधिकारी दीपक राजवानी के मार्गदर्शन में संपन्न हुए। चुनाव प्रक्रिया के दौरान सभी पदों पर पदाधिकारियों का निर्वाचन निर्विरोध रूप से किया गया। इस अवसर पर क्षिप्रा शाखा की महिला प्रमुख सविता पटेल, सदस्य पूनम लखवानी, हिमांशु सोलंकी, रूपाली सोलंकी, जयकुमार जैन, निलेश पोरवाल और शशि राघवानी उपस्थित रहे।

# उज्जैन में बाबा साहब आंबेडकर जयंती धूमधाम से मनाई गई

## टावर चौक पर भजन, प्रभात फेरी और श्रद्धांजलि सभा का आयोजन

### भजन मंडली और भोजन प्रसादी का आयोजन

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन



उज्जैन में डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती इस साल बड़े ही उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाई गई। शहर का माहौल सुबह से ही ह्लजय भीमह्व के नारों से गूंज उठा और टावर चौक पर स्थित उनकी प्रतिमा पर लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी।

सुबह होते ही विभिन्न सामाजिक संगठनों के लोग टावर चौक पहुंचे और बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें याद किया। हर वर्ग के लोग इसमें शामिल हुए और उनके योगदान को नमन किया।

श्री रविदास सेवक संघ जिला उज्जैन द्वारा भी कार्यक्रम आयोजित किया गया। यहां वक्ताओं ने बाबा साहब के संघर्ष और उनके विचारों पर विस्तार से चर्चा की और लोगों को उनके बताए रास्ते पर चलने का संदेश दिया।

इस अवसर पर बुद्ध अवंतिका कॉरपोरेशन और मित्र मंडल ने भजन मंडली का आयोजन किया। साथ ही श्रद्धालुओं के लिए भोजन प्रसादी की व्यवस्था भी की गई, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने हिस्सा लिया।

### संविधान की रक्षा और एकजुटता बनाए रखने का संकल्प

बैरवा महासभा द्वारा एक भव्य प्रभात फेरी निकाली गई। इस फेरी में युवा, महिलाएं और बुजुर्ग सभी ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। प्रभात फेरी संत बालीनाथ मंदिर बागपुरा से शुरू होकर तीन बत्ती चौराहा और इंदिरा गांधी की प्रतिमा होते हुए टावर चौक पहुंची, जहां इसका समापन हुआ और माल्यार्पण किया गया।

महासभा के अध्यक्ष सुरेंद्र मरमट ने बताया कि इस मौके पर समाज ने संविधान की रक्षा और एकजुटता बनाए रखने का संकल्प लिया। उनके साथ महामंत्री राहुल, प्रदेश अध्यक्ष राजेश जारवाल, कुलदीप और महेश गोठवाल ने भी बाबा साहब को संविधान निर्माण

### राजनीतिक स्तर पर भी दिखी सक्रियता

राजनीतिक स्तर पर भी इस दिन कई कार्यक्रम आयोजित किए गए। भारतीय जनता पार्टी के उज्जैन के प्रभारी मंत्री गौतम टेटवाल, सांसद अनिल फिरोजिया और जिला अध्यक्ष संजय अग्रवाल सहित कई जनप्रतिनिधियों ने बाबा साहब की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। मंत्री गौतम टेटवाल ने अपने संबोधन में कहा कि बाबा साहब का सपना अब साकार होता नजर आ रहा है। उन्होंने महिलाओं के सम्मान और अधिकारों को लेकर किए जा रहे प्रयासों को भी उसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया।

### कालिदास अकादमी में भी हुआ आयोजन

शहर की प्रसिद्ध कालिदास अकादमी में भी आंबेडकर जयंती के अवसर पर एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में शहर के कई अधिकारी और जनप्रतिनिधि शामिल हुए और बाबा साहब को श्रद्धांजलि अर्पित की।

### डॉ. अंबेडकर जयंती पर 10 बंदी रिहा

केंद्रीय जेल अधीक्षक ने जानकारी दी कि डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती पर राज्य शासन के परिहार का लाभ देते हुए आजीवन कारावास की सजा काट रहे 10 पुरुष बंदियों को केंद्रीय जेल उज्जैन से रिहा कर उनके परिजनों के सुपुर्द किया गया। रिहाई के दौरान बंदियों को प्रमाण-पत्र, बैंक पासबुक, आधार कार्ड और भोजन के पैकेट भी प्रदान किए गए।

## खबर एक नजर...

### इन्दिरा नगर निःशुल्क योग शिविर का समापन

नीमच। इंदिरा नगर स्थित *मांगलिक भवन डोम में भारत स्वाभिमान ट्रस्ट एवं पतंजलि योग समिति द्वारा 7 दिवसीय निशुल्क योग शिविर का 12 अप्रैल को समापन किया गया। उक्त योग शिविर में *पतंजलि योगपीठ हरिद्वार के योग शिक्षक एवं भारत स्वाभिमान ट्रस्ट नीमच जिला प्रभारी पुखराज साहू द्वारा मोटापा, शुगर, अपचन ,घुटने का दर्द, जोड़ों का दर्द, कमर दर्द, कोलेस्ट्रॉल, हाई बीपी, हृदय रोग, सर दर्द, थायराइड आदि रोगों के निवारण हेतु इंटीग्रेटेड योग अभ्यास कराया गया। योग शिविर संयोजक श्री राजेश जी जायसवाल एवं दशरथ बंधु रहे। योग शिविर में मुख्य रूप से किशोर जी किलोरिया, डाक्टर आशाराम धाकड़, यश मौर्य , मीना जायसवाल, उमा धाकड़, सावित्री गुप्ता, सुनिधि साहू आदि ने भाग लिया।

### संत सेनजी महाराज की जयंती मनाई

पिपलिया मंडी। 14 अपनैरल मंगलवार को नगर सेन समाज ने आराध्या देव संत शिरोमणि सेनजी महाराज की जयंती मनाई। स्टेशन बालाजी मंदिर से डीजे के साथ सेनजी महाराज झांकी के साथ चल समारोह निकाला, जो मुख्य मार्ग होता हुआ टीलाखेडा बालाजी मंदिर पहुंचा, जगह-जगह लोगों ने पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। मुख्य अतिथि वरिष्ठ जनों का स्वागत किया गया इस पश्चात नई कार्यकारणी घोषित की गई जिसमें नगर अध्यक्ष दुकान अध्यक्ष को नियुक्त किया गया समाजजन माता बहने उपस्थिति थे।

### युवक ने फांसी लगाकर अपनी जान दी

मन्दसौर। जिले के नईआबादी थाना क्षेत्र के ग्राम उदपुरा में एक युवक ने फांसी लगाकर जान दे दी। पुलिस ने प्रकरण में मर्ग कायम किया। जानकारी के अनुसार यह हादसा सोमवार की रात ग्राम उदपुरा का है। 33 वर्षीय ट्रैक्टर चालक विकास पिता बापूलाल मीणा शराब के नशे में अपने घर पहुंचा और नशे में परिवाद के सदस्यों से विवाद करने के बाद वह अपने कमरे में पहुंचा। जब परिजनों ने कमरे में जाकर देखा तो वह कमरे में फंदा लगाकर लटका दिखा। उसके पश्चात परिजन अस्पताल लेकर पहुंचे तो डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित किया। घटना की सूचना मिलते ही नईआबादी थाना पुलिस मौके पर पहुंची।

### 63 किलो डोडाचूरा के साथ आरोपी गिरफ्तार

मन्दसौर। जिले के शामगढ़ थाना पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 63 किलो अवैध डोडाचूरा बरामद किया है। 14 अप्रैल को मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने ग्राम आमली निवासी आरोपी ईश्वर सिंह पिता प्रताप सिंह सोंधिया राजपूत (28 वर्ष) को रोका। तलाशी लेने पर आरोपी के पास मौजूद ग्रे रंग की बिना नंबर वाली होंडा शाइन मोटरसाइकिल से 63 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ डोडाचूरा बरामद हुआ जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत लगभग 1 लाख 26 हजार रु. आंकी गई है।

# श्रीमद् वल्लभाचार्य प्राकट्य महोत्सव पर स्मरण में महासोम यज्ञ स्मारिका का विमोचन, यज्ञ संस्कृति को बताया प्रकृति संतुलन

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मन्दसौर

पुष्टिमार्ग के प्रवर्तक जगद्गुरु श्रीमद् वल्लभाचार्य जी के प्राकट्य महोत्सव के पावन अवसर पर जीवागंज स्थित श्री गोवर्धननाथ मंदिर में भक्ति और श्रद्धा का अनूठा संगम देखने को मिला। इस महोत्सव के अंतर्गत आयोजित भव्य समारोह में न केवल महाप्रभु के चरित्र का गुणगान हुआ, बल्कि गत वर्ष नगर में संपन्न हुए ऐतिहासिक महासोम यज्ञ की स्मृतियों को जीवंत बनाए रखने हेतु विशेष स्मारिका स्मरण में महासोम यज्ञ का गरिमामय विमोचन भी संपन्न हुआ।

महोत्सव का शुभारंभ प्रातः काल श्री गोवर्धननाथ मंदिर से निकाली गई प्रभात फेरी के साथ हुआ, जिसने पूरे वातावरण को भक्तिमय कर दिया। संध्या समय मंदिर परिसर में आयोजित मुख्य समारोह में सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं, जिनमें बच्चों और श्रद्धालु महिलाओं ने महाप्रभु श्रीमद् वल्लभाचार्य जी के जीवन और उनके सिद्धांतों पर आधारित भावपूर्ण प्रस्तुतियां देकर उपस्थित जनसमूह को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर



मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित सांसद सुधीर गुप्ता ने अपने संबोधन में यज्ञ संस्कृति की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सनातन परंपरा में यज्ञ का स्थान मंदिरों से भी प्राचीन है।

उन्होंने जोर देकर कहा कि यज्ञ संस्कृति न केवल मनुष्य के आध्यात्मिक जीवन को उन्नत करती है, बल्कि प्रकृति के संतुलन को बनाए रखने में भी महती भूमिका निभाती है।

स्मारिका के संपादक और वरिष्ठ पत्रकार ब्रजेश जोशी ने प्रकाशन के उद्देश्यों को स्पष्ट करते हुए कहा कि विगत वर्ष 13 से 18 अप्रैल तक कालाखेत स्थित श्री वल्लभाचार्य नगर में आयोजित महासोम यज्ञ मंदसौर के धार्मिक इतिहास का एक स्वर्णिम अध्याय है।

इन अविस्मरणीय क्षणों और आध्यात्मिक ऊर्जा को भावी पीढ़ी के लिए सहेजने के संकल्प के साथ ही इस स्मारिका का निर्माण किया गया है। विमोचन के इस विशेष अवसर पर महासोम यज्ञ आयोजन समिति के अध्यक्ष प्रहलाद काबरा, उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश गिरिराज दास सक्सेना, मदनलाल राठौर, डॉ. घनश्याम बटवाल, नागेश्वर सोनी, विजय सुराणा, विक्रम भटनागर, गौरव अग्रवाल, राजेश नामदेव, राजेंद्र चाष्टा, संजय गोठी, पुष्पेंद्र भावसार, कपिल भंडारी, मंदिर ट्रस्टी राधा कृष्ण पारिख, हेमंत भाई शाह, विनय पारिख, गिरीश पारिख, महिला मंडल की निर्मला गुप्ता, सुनीता भावसार, आरती दवे और शशि झलौया आदि उपस्थित रहे।

### पेड़ काटने पर 10 हजार की शास्ति व 21 पौधे लगाने का आदेश

**मन्दसौर।** कलेक्टर अदिती गर्ग के निर्देशन में जिला प्रशासन ने अवैध पेड़ काटने पर कार्यवाही की है। मंदसौर एसडीएम (ग्रामीण) शुभम पाटीदार द्वारा बताया गया की कलेक्टर श्रीमती गर्ग के अवैध पेड़ कटाई पर सख्त कार्रवाई के निर्देश हैं। इसी क्रम में ग्राम आक्या उमड़ाहेड़ा मे स्थित स्कूल मैदान में बिना सक्षम अनुमति के पेड़ काटने की शिकायत पर कार्रवाई करते हुए 10 हजार रुपए की शास्ति अधिरोपित कर वसूली की गई व पेड़ काटने वाले व्यक्तियों को विद्यालय परिसर में पुनः 21 पौधे लगाने का आदेश दिया गया।

# लूट के खुलासे के लिए बनाई एसआईटी, बाईक सवार पिता और बेटी को नकाबपोशों ने लूटा था

ब्रह्मास्त्र ▸▸ रतलाम

जिले के बाजना क्षेत्र के माही नदी के पास रविवार देर रात बाइक सवार पिता ओर बेटी के लूटपाट की घटना के बाद सोमवार रात एसपी अमित कुमार घटनास्थल पहुंचे। अपने स्तर से उन्होंने पुलिस अधिकारियों से जांच के पाइंट तय किए। साथ ही घटना को शीघ्र पदार्फाश कर बदमाशों को पकड़ने के लिए एसआईटी भी बना दी है।

लूट की घटना को गंभीरता से लेते हुए एसपी अमित कुमार सोमवार रात घटनास्थल पर पहुंचे। घटनास्थल का मौका मुआयना किया। हर एक पहलू को जांचा। मुखबिर तंत्र को भी सक्रिय किया।

**ओवरटेक कर घेरा, चाकू अड़ाया था**

राजस्थान के बांसवाड़ा जिले के कुशलगढ़ निवासी कादर खान अपनी बेटी नजराना और तीन वर्षीय पोता शादाब के साथ बाइक से जावरा से अपने घर लौट रहे थे। रात में जब वे रतनपुर के पास माही नदी से निकले तो कुछ लोगों ने उन्हें रोकने को कहा। लेकिन उन्होंने अपनी बाइक नहीं रोकी। तब पीछा कर दो बाइक पर आए ६ नकाबपोशों ने ओवरटेक करते हुए माही नदी से करीब ९ किलोमीटर दूर रात करीब 12 बजे उन्हें घेर कर रोक लिया।

एक बदमाश ने कादर खान की गर्दन पर चाकू अड़ा दिया। बदमाशों ने कादर खान के पास से करीब पांच हजार नकद एवं उनकी बेटी से पर्स में रखे 15 हजार नगद, मंगलसूत्र एवं कान के सोने के टॉप्स छिन लिए।

इसके अलावा बाईक की चाबी, ड्राइविंग लाइसेंस, आधार कार्ड के साथ कपड़ों से भरा बैग और दोनों के मोबाइल व अन्य सामान लूट लिया। यहां तक उनके पास चाकू था जिससे पैर में पहनी चांदी की पाइजब भी काटने की कोशिश की। इसी दौरान बाजना की तरफ से एक पिकअप की रोशनी देख बदमाश रतलाम की तरफ भाग गए।

### रंगे हाथों चोर पकड़ा गया

मन्दसौर। नगर में चोरी की दो अलग-अलग घटनाएं सामने आई हैं। पहली घटना कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत जनता कॉलोनी स्थित राधा कृष्ण मंदिर की है जहाँ अज्ञात चोरों ने रात के अंधेरे में मंदिर की खिड़की और वेंटिलेशन की जाली काटकर अंदर प्रवेश किया। चोरों ने मंदिर की दानपेटी का ताला तोड़कर उसमें रखी लगभग तीन से चार हजार रुपये की नकदी और भगवान के जेवर पर हाथ साफ कर दिया। सुबह जब मंदिर के पुजारी ने ताला खोला तो उन्हें इस चोरी का पता चला जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई।वहीं दूसरी घटना सरदार वल्लभ भाई पटेल चौराहे के पास स्थित संतोष ट्रेडर्स नामक लुब्रिकेंट ऑयल की दुकान में सामने आई जहाँ एक चोर को रंगेहाथों पकड़ लिया गया।

# डॉ. अम्बेडकर ने समाज के हर वर्ग को अधिकार दिलाने की दिशा में कार्य किया

## अंबेडकर जयंती पर जिला स्तरीय कार्यक्रम संपन्न



ब्रह्मास्त्र ▸▸ मन्दसौर

भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन कुशाभाऊ ठाकरे ऑडिटोरियम में सम्पन्न हुआ। डॉ. अंबेडकर की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण के साथ किया गया इस अवसर पर सांसद सुधीर गुप्ता ने कहा कि डॉ. भीमराव अंबेडकर ने भारत के संविधान को एक सशक्त, व्यवस्थित एवं समावेशी स्वरूप प्रदान किया। उन्होंने समाज के हर वर्ग को समान अधिकार दिलाने की दिशा में ऐतिहासिक कार्य किया। पूर्व विधायक यशपाल सिंह सिसोदिया ने कहा कि संविधान के माध्यम से देश के प्रत्येक नागरिक को अधिकारों के साथ-साथ कर्तव्यों की भी प्रेरणा मिली है। नपाध्यक्ष रमादेवी गुर्जर ने कहा कि हमें अपने कर्तव्यों का जिम्मेदारीपूर्वक निर्वहन करते हुए समाज में सकारात्मक योगदान देना चाहिए, यही डॉ. अंबेडकर के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। अंत में अतिथियों द्वारा आदिम जाति कल्याण विभाग की विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत अंतरजातीय विवाह प्रोत्साहन योजना के हितग्राहियों को प्रशस्ति पत्र एवं दो-दो लाख रुपये की प्रोत्साहन राशि प्रदान की गई।

# जंगल में मिला ऑस्ट्रेलिया का युवक : पेड़ के नीचे बैठा मिला

ब्रह्मास्त्र ▸▸ रतलाम

बांगरोद और जड़वासा के बीच जंगल में सोमवार रात 11 बजे ऑस्ट्रेलिया का एक युवक मिला। युवक की उम्र 42 साल है। ग्रामीणों को जब युवक के बारे में जानकारी लगी तो भीड़ लग गई।

बांगरोद पुलिस चौकी प्रभारी प्रदीप शर्मा समेत पुलिस बल पहुंचा। युवक एक पेड़ के नीचे बैठा मिला। पुलिस युवक को लेकर रात में नामली थाने पहुंची। जहां उससे पुलिस पूछताछ में जुटी। देर रात तक युवक अपना नाम नहीं बता पाया। इसके पास से वीजा जरुर मिला है। बांगरोद चौकी प्रभारी प्रदीप शर्मा ने बताया कि रात की गश्त के दौरान ग्रामीणों ने बताया कि बांगरोद और जड़वासा के बीच एक विदेशी युवक पेड़ के नीचे अकेला बैठा है। वहां पहुंचने पर युवक से बात की। युवक ने ऑस्ट्रेलिया का रहने वाला बताया।युवक जिस जगह मिला है वह स्थान बांगरोद रेलवे स्टेशन से आधा किमी दूर है। संभावना जताई जा रही है कि यह ट्रेन से बांगरोद में उतर गया होगा। युवक ने पुलिस को उसके पास वीजा होने की बात बताई है लेकिन वह अपने ट्रॉली बैग को किसी को हाथ नहीं लगाने दे रहा है।

यह भी बात सामने आ रही है कि युवक किसी ऑटो में बैठकर आया था। जिसे बांगरोद व जड़वासा के बीच उतार दिया। हालांकि ऑटो को लेकर अभी कोई अधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। फिलहाल रात में बांगरोद चौकी से युवक को नामली थाने ले जाया गया। जहां सोमवार देर रात पूछताछ में युवक ने बताया कि गलती से रतलाम के पास बांगरोद रेलवे स्टेशन पर युवक उतर गया।

# डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135 वी जन्म जयंती मनाई

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नीमच

संविधान निर्माता बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर साहब की 135 वी जन्म जयंती के अवसर पर कई राजनीतिक एवं समाजसेवी संगठनों ने भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा प्रदेश मंत्री सुखलाल जी पवार के मार्गदर्शन में शोरम चौराहा अंबेडकर सर्किल पहुंच संविधान निर्माता बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्पमाला अर्पित कर जय जय जय भीम, बाबा साहब अमर रहे, भारत माता की जय घोष के साथ उन्हें याद कर उनकी 135वीं जन्म जयंती मनाई।

इस अवसर पर भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा प्रदेश महामंत्री सुखलाल जी पंवार ने बाबा साहब के जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया कि बाबा साहब एक दलित परिवार में जन्मे थे इन्होंने शिक्षा को हथियार बनाकर सामाजिक समानता वंचितों के अधिकार और भारतीय संविधान के निर्माण के लिए, जीवन भर संघर्ष किया। उन्होंने छुआछूत (अस्पृश्यता) का दंश झेलते हुए भी कड़ी मेहनत से कोलंबिया विश्वविद्यालय व लंदन स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स से उच्च शिक्षा प्राप्त की उन्होंने हिंदू धर्म में व्याप्त जाति व्यवस्था और अस्पृश्यता के खिलाफ जीवन भर जंग लड़ी जो उनके द्वारा अक्टूबर 1956 में बौद्ध धर्म अपनाने में परिणित हुआ बाबा साहब ने केवल कानून ही नहीं बदला बल्कि दलित शोषित और महिलाओं के भीतर आत्म सम्मान की भावना जगाई और आज हम सभी देशवासी एक ऐसे संविधान निमार्ता महान व्यक्ति बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जन्म जयंती मनाते हुए गर्व महसूस कर रहे हैं जिन्होंने भारतीय संविधान का निर्माण कर देश के लोगों को जीने की राह दिखाई हम सभी आज उनकी जन्म जयंती पर उन्हें याद कर शत-शत नमन करते हैं ! इस अवसर पर भा.अ. जाति मोर्चा प्रदेश मंत्री सुखलाल पवार, आदि उपस्थित थे।

### ब्लॉक कांग्रेस ने मनाई डॉ.अंबेडकर की जयंती

**पिपलियामंडी** . प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निदेर्शानुसार एवं जिला कांग्रेस कमेटी के मार्गदर्शन में सोमवार को प्रातः 10 बजे भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर जी की 135वीं जयंती के अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मल्हारगढ़ द्वारा नगर में विविध कार्यक्रमों का आयोजन कर श्रद्धा एवं सम्मान के साथ जयंती मनाई गई। कार्यक्रम की शुरूआत मल्हारगढ़ नगर स्थित बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए की गई। इसके पश्चात विचार गोष्ठी आयोजित की गई, जिसमें बाबा साहेब के जीवन, संघर्ष एवं उनके द्वारा समाज को दिए गए अमूल्य योगदान पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम के अंतर्गत दलित बस्तियों में स्वच्छता अभियान चलाकर सामाजिक समरसता का संदेश दिया गया। इस दौरान अनुसूचित जाति समाज के प्रभावशाली व्यक्तित्व श्री जगदीश अठवाल का शाल-श्रीफल एवं पुष्पमाला से सम्मान किया गया। साथ ही मेधावी छात्र चेतन मुंगड़ का एमपी पुलिस में चयन होने पर स्वागत एवं सम्मान कर युवाओं को प्रेरित किया गया।

## संविधान निर्माता भारत रत्न डॉ.भीमराव आंबेडकर की जन्म जयंती मनाई

सनावद/बैड़िया। संविधान निर्माता भारत रत्न डॉ.भीमराव आंबेडकर की 135 वीं जन्म जयंती मनाई गई।भाजपा ग्रामीण मंडल द्वारा आयोजित समारोह में विधायक सचिन बिरला एवं जनप्रतिनिधियों ने बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया। विधायक ने कहा कि बाबा साहेब बहुमुखी प्रतिभा के धनी थे। बाबा साहेब प्रखर वक्ता,लेखक, विधिवेत्ता, अर्थशास्त्री, विचारक एवं शिक्षाविद् थे।उन्होंने छूआछूत,जातिगत भेदभाव और अशिक्षा के उन्मूलन के लिए आजीवन संघर्ष किया। देश में सामाजिक समरसता स्थापित करने के उनके योगदान को सदैव याद रखा जाएगा। इस दौरान भाजपा नेता दिलीप पटेल,गोविंद बिरला,नरेंद्रसिंह पंवार,डॉ.अरविंद रावल,सुरेंद्र पवार, भगवानसिंह सोलंकी,जितेंद्र सोलंकी,संजय पाठक,कन्हैयालाल मंसारे,मुन्नालाल यादव,राजू राठौड़ एवं शोभाराम नायक सहित बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित थे।

## संत श्री शिरोमणि सेन महाराज जी की जयंती पर विशाल शोभायात्रा निकाली

मनावर। नगर कांग्रेस कमेटी मनावर द्वारा संत श्री शिरोमणि सेन महाराज जी की जयंती पर सेन समाज द्वारा विशाल शोभायात्रा निकाली गई जिसका स्वागत कांग्रेस जनों ने किया इस अवसर पर नगर कांग्रेस अध्यक्ष ओम सोलंकी, निरंजन डावर, पार्षद नेता प्रतिपक्ष पार्षद लक्ष्मी जाट, पार्षद दिलीप सिंगार, अनिल मकवाना, अरुण गर्ग,अखलेश कुशवाह, सुनील स्टार,अख्तर बी, सूरज जाट , मुकेश शिवदे, आरिफ मंसूरी, महेश सुरंशी, निधि जाट, महेंद्र बरफा, ऋषभ कीमती, राहुल वर्मा, अमर सेन, करण सिंग दादा आजम खान, अदनान बोहरा, इकबाल दाऊदी, दिनेश ठाकुर, राजेश चौहान, पवन पंवार आदि अनेक कांग्रेस जनों ने स्वागत किया।

## अमरनाथ यात्रियों के लिए स्वास्थ्य परीक्षण की स्थानीय व्यवस्था पुनः बहाल

देपालपुर। सतत प्रयास, उच्च स्तरीय संवाद और प्रशासनिक समन्वय के बाद अंततः देपालपुर के शासकीय अस्पताल में श्री अमरनाथ जी यात्रा पर जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए स्वास्थ्य परीक्षण की स्थानीय व्यवस्था पुनः प्रारंभ हो गई है। श्री अमरनाथ श्राइन बोर्ड द्वारा देपालपुर की खंड चिकित्सा अधिकारी वंदना केसरी को विधिवत अधिकृत किए जाने से क्षेत्र के हजारों श्रद्धालुओं को बड़ी राहत मिली है। उल्लेखनीय है कि पूर्व में देपालपुर के चिकित्सक का नाम स्वास्थ्य परीक्षण हेतु अधिकृत सूची से हटा दिया गया था, जिसके कारण श्रद्धालुओं को इंदौर अथवा अन्य स्थानों पर जाकर परीक्षण कराना पड़ रहा था।

## जनसमस्याओं पर लिया संज्ञान

मंडलेश्वर । समीपस्थ ग्राम धरगांव में एक भव्य एवं गरिमामय आयोजन के बीच खरगोन-बड़वानी लोकसभा क्षेत्र के सांसद गजेंद्र सिंह पटेल का नगर आगमन हुआ। उनके आगमन पर अंबिका माता मंदिर परिसर में ग्रामीणों एवं समाजजनों द्वारा जोरदार स्वागत एवं सम्मान किया गया।

# दुग्ध उत्पादन को बढ़ावा देने हेतु नई पहल, क्षीर धारा ग्राम योजना के तहत पशु जागरूकता शिविर

ब्रह्मास्त्र ▸▸ खरगोन



पशुपालन विभाग द्वारा जिले में दुग्ध उत्पादन को बढ़ावा देने, उन्नत पशुपालन को प्रोत्साहित करने तथा पशु स्वास्थ्य एवं पशुपोषण पर विशेष ध्यान देने के उद्देश्य से क्षीर धारा ग्राम योजना प्रारंभ की गई है। योजना के अंतर्गत जिले के समस्त ग्रामों में चरणबद्ध रूप से पशु जागरूकता शिविरों का आयोजन किया जा रहा है।

प्रथम चरण में जिले के विकासखंड खरगोन से 22, कसरावद से 27, महेश्वर से 36, बड़वाह से 53, भीकनगांव से 36, झिरन्या से 16, भगवानपुरा से 12, सेगांव से 17 तथा गोगांवा से 23 ग्रामों सहित कुल 242 ग्रामों का चयन कर उन्हें क्षीर धारा ग्राम घोषित करने की कार्ययोजना तैयार की गई है। इन ग्रामों का चयन उन मापदंडों के आधार पर किया गया है, जहां उन्नत पशुपालकों की संख्या अधिक है तथा पशुओं में उन्नत नस्ल से कृत्रिम गभार्धान, टीकाकरण एवं टैगिंग का स्तर 70 प्रतिशत से अधिक है। चयनित ग्रामों में माह अप्रैलझमई के दौरान पशुपालन विभाग द्वारा विभिन्न गतिविधियों के अंतर्गत बाँझपन निवारण, टीकाकरण, बधियाकरण एवं गोबर व गौमूत्र के बेहतर प्रबंधन के लिए पशु जागरूकता शिविरों का आयोजन किया जा रहा है, जिससे पशुओं के स्वास्थ्य में सुधार एवं दुग्ध उत्पादन में वृद्धि सुनिश्चित की जा सके।इस अवसर पर डॉ. जीएस सोलंकी ने जिले के समस्त पशुपालकों से अपील की है कि योजना अंतर्गत आयोजित शिविरों में अपने पशुओं का उपचार कराएं तथा विभाग द्वारा संचालित गतिविधियों में सक्रिय सहभागिता कर योजना का अधिकतम लाभ प्राप्त करें।

## नर्मदा नदी में मिला अज्ञात युवक का शव, शिनाख्त में जुटी पुलिस

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मंडलेश्वर

थाना क्षेत्र के अंतर्गत उमिया महाविद्यालय के पीछे, नर्मदा तट स्थित आश्रम के समीप मंगलवार दोपहर एक अज्ञात युवक का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। जानकारी के अनुसार, दोपहर लगभग 1 बजे नर्मदा पर स्नान करने वालो ने नदी में एक युवक का शव तैरते हुए देखा था, जिसकी सूचना तत्काल मंडलेश्वर थाना प्रभारी पंकज तिवारी को दी गई। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी ने पुलिस टीम मौके पर रवाना किया और स्थानीय लोगों की मदद से शव को नदी से बाहर निकाला।प्रारंभिक तौर पर आशंका जताई जा रही है कि युवक की मृत्यु आज ही पानी में डूबने के कारण हुई है। हालांकि, मृतक की अभी तक पहचान नहीं हो पाई है। मंडलेश्वर पुलिस आसपास के ग्रामीण इलाकों और थानों में संपर्क कर युवक की शिनाख्त करने के प्रयास में जुटी है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मण्डलेश्वर भेज दिया है और मर्ग कायम कर मामले की जाँच शुरू कर दी है। युवक कहाँ का निवासी है और यह घटना किन परिस्थितियों में हुई, इसका पता लगाने के लिए पुलिस तफ्तीश कर रही है।

## सहकारी समितियों में डॉ.अंबेडकर की जयंती पर नवीन सदस्यता अभियान का शुभारम्भ

ब्रह्मास्त्र ▸▸ खरगोन



म.प्र. शासन द्वारा घोषित कृषक कल्याण वर्ष 2026 के तहत सहकारिता के माध्यम से किसानो को शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ एवं शून्य प्रतिशत ब्याजदर पर फसल ऋण का लाभ दिलाने के लिए गैर सदस्यों को बी पेक्स संस्थाओं मे सदस्यता दिलाये जाने हेतु 14 अप्रेल से 15 मई तक अभियान चलाया जाकर 20 हजार नवीन सदस्य बनाये जाने का लक्ष्य रखा गया,

जिसका क्रियान्वयन 14 अप्रैल से प्रारंभ करते हुए खरगोन एवं बडवानी जिले की 182 संस्थाओं द्वारा पेक्स मुख्यालय पर सदस्यता अभियान का शुभारम्भ किया गया । जिसमे प्रत्येक संस्था द्वारा पात्र गैर सदस्यों को सदस्यता आवेदन वितरित किये गये ताकि उन्हें सदस्य बनाया जाकर फसल ऋण की सुविधा एवं अन्य बैकिंग एवं संस्थागत सुविधाओं का लाभ दिया जा सके।

जिला स्तर पर बी.पेक्स खरगोन, नारायणपुरा, घुघरिया खेडी, बिलाली, टेमा बेहरामपुर द्वारा संयुक्त रूप से बी.पेक्स खरगोन प्रांगण मे सदस्यता अभियान कार्यक्रम आयोजित किया गया, कार्यक्रम मे मुख्य रूप से अपेक्स बैंक के प्रबंधक करूण यादव उपायुक्त के.आर. अवासे , कृषि विभाग से सहायक संचालक श्री प्रकाश ठाकुर संस्थाओं के प्रसाशक नवीन मुहावरे योगेश शरद एवं सदस्य मौजुद रहे ।

## 'सामाजिक समरसता दिवस' के रूप में मनाई बाबा साहेब आंबेडकर की 135वीं जयंती

ब्रह्मास्त्र ▸▸ बुरहानपुर



जिला सामाजिक समरसता मंच द्वारा भारत रत्न डॉ. भीमराव रामजी अंबेडकर की 135वीं जन्म-जयंती को 'सामाजिक समरसता दिवस' के रूप में मनाया गया। 14 अप्रैल को आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य जातिगत भेदभाव को मिटाकर समाज के सभी वर्गों को एक साथ लाना और डॉ. आंबेडकर के समानता व सामाजिक न्याय के विचारों को जन-जन तक पहुंचाना था।

इस अवसर पर जिले के सभी पदाधिकारी, कार्यकर्ता और समाज प्रमुखों ने सामाजिक समता के वाहक भारत रत्न डॉ. भीमराव रामजी अंबेडकर के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम में विभिन्न समुदायों के लोगों ने मिलकर सामाजिक समता, समान अधिकार और सामाजिक कुरीतियों को मिटाने का संकल्प लिया और भाईचारे का संदेश दिया।

जिला सामाजिक समरसता मंच ब्रम्हपुर के जिला संयोजक विनोद जंजालकर ने कहा कि डॉ. बाबासाहेब का जीवन हम सभी के लिए प्रेरणादायी रहा है। उन्होंने अपने संघर्ष काल में भी शोषितों, वंचितों और समाज की पीड़ा को समझा। समाज में समता और सभी समाजों में समरसता लाने के लिए तथा विषमता को समाप्त कर सभी को ऊंचा उठने का समान अवसर मिले, इसके लिए उन्होंने अथक व सार्थक प्रयास किए।

## विचार संगोष्ठी एवं जिला स्तरीय संकल्प से समाधान शिविर संपन्न

ब्रह्मास्त्र ▸▸ बड़वानी

भारत रत्न एवं संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अम्बेडकर की जयंती के पावन अवसर पर शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक 1 बड़वानी में जिला स्तरीय विचार संगोष्ठी एवं संकल्प से समाधान अभियान के शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बाबा साहब के सिद्धांतों पर चर्चा के साथ-साथ शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया।

समारोह के प्रथम चरण में विभिन्न विद्यालयों से आए छात्र-छात्राओं ने डॉ. अम्बेडकर के जीवन चरित्र पर अपने ओजस्वी उद्बोधन दिए। कई विद्यार्थियों ने काव्य पाठ के माध्यम से बाबा साहब के संघर्षों और उनके द्वारा दिखाए गए मार्ग को रेखांकित किया। संकल्प से समाधान अभियान के तहत 12 जनवरी से 31 मार्च की अवधि में प्राप्त आवेदनों का त्वरित निराकरण करते हुए पेंशन प्रकरण के निराकरण के उपरांत नए पेंशन स्वीकृति पत्र, संबल 2.0 अनुग्रह सहायता योजना के तहत हितग्राहियों को स्वीकृति पत्र, पीएम स्वनिधि योजना के तहत नगरपालिका बड़वानी के माध्यम से ऋण वितरण स्वीकृति पत्र जनप्रतिनिधियों द्वारा वितरित किये गये।

पूर्व कैबिनेट मंत्री श्री प्रेमसिंह पटेल ने बाबा साहब के जीवन चरित्र संबंध में अवगत कराते हुए कानून मंत्री और संविधान मसौदा समिति के अध्यक्ष के रूप में उनका योगदान बारे में अवगत कराया गया। विधायक श्री राजन मण्डलोई ने डॉ. अम्बेडकर की बहुमुखी प्रतिभा पर प्रकाश डालते हुए बताया कि उनके द्वारा बनाए गए श्रम कानून और हिंदू कोड बिल ने महिलाओं को समाज में समान अधिकार दिलाने प्रयासों का उल्लेख किया। इस अवसर कलेक्टर श्रीमती जयति सिंह, सीईओ जिला पंचायत सुश्री काजल जावला, सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग जी.एस. डामोर, जनप्रतिनिधि उपाध्यक्ष श्रीमती सुमनदेवी वर्मा, पार्षद श्री शंकर कुशवाह एवं श्री मोहन बामनिया, जनपद सीईओ श्री मोतीलाल काग, मुख्य नगरपालिका अधिकारी श्रीमती सोनाली शर्मा, प्राचार्य श्री अनिल मिश्र उत्कृष्ट क्र. १, प्राचार्य श्री मुस्तकीम खान कन्या हाई स्कूल सहित स्कूल स्टाफ और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन श्री प्रकाश गोयल द्वारा किया गया।

# समाज सेवा के क्षेत्र में लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड प्राप्त जैन का सम्मान

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बुरहानपुर



पहली से ग्यारहवी तक साथ पढ़े सहपाठियों ने समाज सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य और लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड प्राप्त करने पर अपने बचपन के साथी महेंद्र जैन का आत्मीय सम्मान किया। एक निजी होटल में आयोजित सम्मान समारोह में बचपन की यादें ताजा हो गईं।

सहपाठी संजय शाह ने कहा कि जीवन जीना है तो महेंद्र जैन से सीखो। दूसरों के लिए जीना ही अमूल्य जीवन है। जीवन को दूसरों के लिए कैसे जिया जाता है, इस बात को महेंद्र जैन ने सही मायने में चरितार्थ कर दिखाया है।

सहपाठी किशोर लाड ने कहा कि गर्व तब होता है जब बचपन का दोस्त किसी भी क्षेत्र में ऊंचाइयों पर पहुंचकर समाज सेवा में रत रहकर जीवन को सार्थक करता है। यह हमारा सहपाठी है और हमारा वह दोस्त है जिसके साथ हमने बचपन बिताया और वर्तमान भी बिता रहे हैं, इस बात का हम सभी को गर्व है। कार्यक्रम के दौरान समाज सेवा में उत्कृष्ट कार्य हेतु एवं लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड प्राप्ति पर सभी साथियों ने महेंद्र जैन का शाल, श्रीफल, पुष्पमाला और बुके से स्वागत किया।सहपाठी राजेश बजाज, संजय श्रॉफ, सुनील अग्रवाल, राजकुमार मेहता, रविन्द्र तारकस ने कहा कि हमारे बचपन के साथी महेंद्र जैन ने इस जिले में समाज सेवा के क्षेत्र में नए आयाम प्रस्तुत किए हैं और अनेक पुरस्कार व अवार्ड प्राप्त किए हैं जिनका कोई सानी नहीं। हमें गर्व है कि हम महेंद्र जैन के सहपाठी हैं।उपेन्द्र जैन ने कहा कि आज भी पहली कक्षा वाली दोस्ती, वही प्यार और मोहब्बत को साथ लेकर इस उम्र के पड़ाव पर भी बरकरार है। समय समय पर सभी दोस्त मिलकर अपना जीवन साथ बिताते हैं।

## पथ संचलन से महेश्वर में नारी शक्ति का शंखनाद

**महेश्वर** । पुण्यश्लोका लोकमाता अहिल्याबाई होलकर की नगरी और मां नर्मदा की पावन गोद में बसा महेश्वर रविवार को 'जय श्री राम' और 'वन्दे मातरम' के उद्घोष से गुंजायमान हो उठा। विश्व हिंदू परिषद दुर्गा वाहिनी के इंदौर संभागीय शौर्य प्रशिक्षण वर्ग के समापन की पूर्व संध्या पर जब 450 से अधिक प्रशिक्षित वीरांगनाओं ने हाथों में दंड और शस्त्र लेकर पथ संचलन निकाला, तो नगर की सड़कों पर साक्षात शक्ति का पुंज उतर आया।



## सनी देओल की फिल्म बॉर्डर 3 पर काम शुरू

### जेपी फिल्म्स के बैनर तले अब फैंटेसी एडवेंचर वॉर फिल्म भी बनेगी

सनी देओल और वरुण धवन स्टारर बॉर्डर 2 की सफलता के बाद अब जेपी फिल्म्स ने आने वाले वर्षों के लिए बड़ा रोडमैप तैयार कर लिया है। 362 करोड़ के घरेलू कलेक्शन के साथ फिल्म ने यह साबित कर दिया कि देशभक्ति और रियल-लाइफ हीरोइज्म का क्रेज आज भी दर्शकों के बीच बरकरार है। इसी सफलता को आगे बढ़ाते हुए निमार्ता निधि दत्ता ने एक मेगा प्लान तैयार किया है, जिसके केंद्र में सनी को रखा गया है। बॉर्डर 3 पर काम शुरू हो चुका है। सनी ही मुख्य चेहरा बने रहेंगे।

**बॉर्डर 3 से सनी की देशभक्ति की इमेज फिर मजबूत होगी-** सनी की बॉर्डर 3 को 2027 का सबसे बड़ा प्रोजेक्ट माना जा रहा है। यह सनी की देशभक्ति वाली इमेज को एक बार फिर बड़े स्तर पर स्थापित करेगा। वहीं नितेश तिवारी की रामायणम् में सनी का हनुमान के रूप में नजर आना उनके करियर का एक नया और दिलचस्प अध्याय होगा। वह फिल्म के दोनों पाट्र्स में नजर आएंगे।

**वायुसेना पर एक नई फिल्म भी शुरू करेगा जेपी फिल्म्स-** जेपी फिल्म्स अब अपने पारंपरिक वॉर जोन से बाहर निकलते हुए एक बड़े बजट की फैंटेसी एडवेंचर फ्रेंचाइज पर भी काम कर रहा है। यह प्रोजेक्ट स्टूडियो के लिए एक बड़ा बदलाव माना जा रहा है। इसकी कहानी और राइटिंग प्रोसेस में खुद निधि शामिल हैं और यह देश की कई लोकेशंस में शूट होगी। चर्चा है कि इस प्रोजेक्ट में भी सनी का कैमियो हो सकता है। जेपी फिल्म्स भारतीय वायुसेना पर भी एक नई फिल्म भी शुरू करने जा रहा है।

## बीमारी की वापसी से डरी दीपिका कक्कड़

# बेटे से दूर रहने की मजबूरी ने बढ़ाई चिंता



टीवी अभिनेत्री दीपिका कक्कड़ इन दिनों अपनी गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं के चलते भावनात्मक और मानसिक रूप से कठिन दौर से गुजर रही हैं। हाल ही में उन्होंने अपने यूट्यूब व्लॉग के जरिए खुलासा किया कि उनकी बीमारी दोबारा लौटने के बाद वह लगातार चिंता और डर के साए में जी रही हैं।



दीपिका कक्कड़, जो पिछले कुछ समय से स्टेज 2 लिवर कैंसर से जूझ रही हैं, ने मार्च में एक और सर्जरी करवाई थी। यह सर्जरी तब करनी पड़ी जब 1.3 सेंटीमीटर का सिस्ट दोबारा उभर आया। इस अचानक हुई वापसी ने उन्हें भीतर तक झकझोर दिया है। अभिनेत्री ने बताया कि उन्हें अब हर समय इस बात का डर बना रहता है कि बीमारी फिर से न लौट आए।

उन्होंने अपने व्लॉग में कहा कि इस बीमारी ने उनकी रोजमर्रा की जिंदगी को पूरी तरह बदल दिया है। खासकर एक मां के रूप में यह समय उनके लिए बेहद कठिन है। दीपिका ने भावुक होते हुए बताया कि कई बार वह अपने छोटे बेटे रूहान के साथ समय नहीं बिता पातीं। जब वह थकी होती हैं तो उन्हें आराम करना पड़ता है और अस्पताल में भर्ती होने की स्थिति में वह अपने बेटे से दूर हो जाती हैं।

दीपिका ने यह भी बताया कि इस पूरी स्थिति का असर उनके पति सोएब इब्राहिम पर भी पड़ा है, जो इस मुश्किल समय में उनका साथ दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि बीमारी के चलते परिवार की प्राथमिकताएं और दिनचर्या पूरी तरह बदल जाती हैं और शरीर को ज्यादा आराम की जरूरत होती है।

अभिनेत्री ने स्वीकार किया कि सिस्ट की वापसी ने उन्हें मानसिक रूप से कमजोर कर दिया है और अब वह पहले से ज्यादा सतर्क और चिंतित रहने लगी हैं। उन्होंने बताया कि डॉक्टरों के साथ आगे के इलाज को लेकर लगातार चर्चा चल रही है और नए टेस्ट भी किए जा रहे हैं, जो कई बार उन्हें बेहद भारी महसूस होते हैं।

इसके बावजूद दीपिका ने सकारात्मक रहने की कोशिश जारी रखी है। उन्होंने कहा कि इस अनुभव ने उन्हें यह एहसास कराया है कि महिलाएं जितना सोचती हैं उससे कहीं ज्यादा मजबूत होती हैं। उन्होंने महिलाओं के शरीर की जटिलताओं और रोजमर्रा की चुनौतियों का जिक्र करते हुए कहा कि इन सबके बावजूद वे अपनी जिंदगी को संभालती हैं, जो काबिल-ए-तारीफ है। दीपिका कक्कड़ ने यह भी बताया कि उनकी सेहत का असर उनके व्लॉगिंग शेड्यूल पर भी पड़ा है, लेकिन वह जब भी संभव होता है, अपने फैंस के लिए वीडियो बनाने की कोशिश करती हैं। वह लंबे समय से अपने यूट्यूब चैनल के जरिए अपने इलाज, कीमोथेरेपी और भावनात्मक उतार-चढ़ाव को साझा कर रही हैं।

गौरतलब है कि दीपिका कक्कड़ टीवी शो ससुराल सिमर का में सिमर भारद्वाज के किरदार से घर-घर में लोकप्रिय हुई थीं। इसके अलावा वह बिग बॉस 12 की विजेता भी रह चुकी हैं। हाल ही में वह सेलिब्रिटी मास्टरशेफ में नजर आई थीं, लेकिन स्वास्थ्य कारणों के चलते उन्हें शो बीच में ही छोड़ना पड़ा।



## 'धुरंधर' के दोनों पार्ट ने वर्ल्डवाइड 3000 करोड़ कमाए

### ऐसा करने वाली पहली भारतीय फिल्म, पहले पार्ट ने 1307 करोड़, दूसरे ने 1718 करोड़ कमाए

रणवीर सिंह स्टारर फिल्म धुरंधर और धुरंधर 2 ने मिलकर दुनियाभर में 3,000 करोड़ रुपए से ज्यादा की कमाई कर ली। इसके बाद यह 3,000 करोड़ रुपए से ज्यादा कमाने वाली पहली भारतीय फिल्म फ्रेंचाइजी बन गई है। जब किसी एक फिल्म की सफलता के बाद उसके एक से ज्यादा पार्ट बनाए जाते हैं तो वह एक फ्रेंचाइजी का रूप ले लेती है।

ट्रेड वेबसाइट सैकनिल्क के अनुसार, धुरंधर 2 का इंडिया नेट कलेक्शन 1,088.62 करोड़ और इंडिया ग्रॉस 1,303.37 करोड़ हो चुका है। ओवरसीज में फिल्म ने 415.25 करोड़ की कमाई की है। इसके साथ ही फिल्म का वर्ल्डवाइड ग्रॉस कलेक्शन 1,718.62 करोड़ पहुंच गया है। ग्रॉस कलेक्शन टिकट से कुल कमाई और नेट कलेक्शन टैक्स के बाद की कमाई होती है।

**दोनों फिल्मों का मिलाकर वर्ल्डवाइड कलेक्शन 3,025.97 करोड़-** 5 दिसंबर 2025 में रिलीज हुई धुरंधर ने दुनियाभर में करीब 1,307.35 करोड़ का कलेक्शन किया था। वहीं, 19 मार्च 2026 में रिलीज हुए इसके सीक्वल ने 26 दिनों में करीब 1,718.62 करोड़ की कमाई कर ली। इस तरह दोनों फिल्मों का कुल वर्ल्डवाइड कलेक्शन 3,025.97 करोड़ पहुंच गया है। खास बात यह है कि धुरंधर 2 अभी सिनेमाघरों में चल रही है।

धुरंधर ने कमाई के मामले में भारतीय सिनेमा की अन्य बड़ी फिल्म फ्रेंचाइजी को पहले ही पीछे छोड़ दिया था। पुष्पा के दोनों पार्ट की कुल कमाई करीब 2,192 करोड़ के आसपास थी। पुष्पा ने करीब 350.10 करोड़ और दूसरे पार्ट ने 1,742.10 करोड़ दुनियाभर में कमाए थे। वहीं, बाहुबली के दोनों पार्ट ने करीब 2,438 करोड़ का बिजनेस किया था। बाहुबली ने करीब 650.00 करोड़ और दूसरे पार्ट ने 1,788.10 करोड़ दुनियाभर में कमाए थे।

# क्रिकेटर अर्शदीप और मॉडल समरीन चंडीगढ़ एयरपोर्ट पर बात करते दिखे

इंडियन क्रिकेट टीम के गेंदबाज अर्शदीप सिंह का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें वह एक लड़की के साथ दिख रहे हैं। दावा किया जा रहा है कि वह लड़की मॉडल, बॉलीवुड व पंजाबी फिल्मों की एक्ट्रेस समरीन कौर हैं।

अर्शदीप उनके साथ बात करते हुए चंडीगढ़ एयरपोर्ट के अंदर चले गए। इस घटना को एयरपोर्ट पर मौजूद कई फैंस ने चुपके से अपने कैमरों में कैद किया है। लोग इस वीडियो पर कई तरह के कमेंट कर रहे हैं। एक यूजर ने लिखा- लो, पकड़ा गया शेर।

**दोनों एक ही गुरुद्वारे की फोटो भी शेयर कर चुके**



कई दिनों से ऐसी चचाएं भी चल रही हैं कि अर्शदीप और समरीन एक-दूसरे को डेट रहे हैं। उन्हें कई मौकों पर साथ देखा गया है। दोनों ने एक जैसे फोटो भी अपने-अपने सोशल मीडिया एकाउंट पर शेयर किए हैं।

हालांकि, अर्शदीप सिंह और समरीन कौर इस मामले में चुप्पी साधे हुए हैं। दोनों सोशल मीडिया पर एक्टिव हैं, लेकिन उनमें से किसी ने भी अब तक न तो इन चर्चाओं की पुष्टि की है, और न ही इन्हें केवल अफवाह बताया है।

**ताजा वीडियो में क्या दिख रहा-** सोशल मीडिया पर जो ताजा वीडियो शेयर किया। इसे चंडीगढ़ एयरपोर्ट पर चेकइन के लिए जाते समय शूट किया गया। इसमें दिख रहा है कि अर्शदीप अपना बैग लेकर 3 लोगों के साथ चंडीगढ़ एयरपोर्ट के अंदर जा रहे हैं।

सोशल मीडिया पर दावा किया जा रहा है कि इन 3 लोगों में एक एक्ट्रेस समरीन कौर हैं। उन्होंने साथ में एयरपोर्ट के अंदर तक पैदल यात्रा की। इसके बाद कैमरा अर्शदीप और समरीन को एकांत में बात करते हुए कैच करता है।

इसी दौरान पंजाब किंग्स की जर्सी पहने एक लड़की इन दोनों के पास पहुंचती है। वह समरीन से बात करती है और समरीन उसे गले लगकर विदा करती हैं। इस वीडियो पर कैप्शन लिखा गया है- अर्शदीप सिंह विद गर्लफ्रेंड समरीन कौर (गर्लफ्रेंड समरीन कौर के साथ अर्शदीप सिंह)।

### पंजाब किंग्स के मैच में दिखीं

जानकारी के मुताबिक, शनिवार को जब मुल्लांपुर में पंजाब किंग्स और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच मैच था, उस समय मॉडल समरीन कौर भी स्टेडियम में मौजूद थीं। उन्होंने वीआईपी बॉक्स में बैठकर मैच देखा। मैच देखते हुए के कुछ फोटो और वीडियो उन्होंने इंस्टाग्राम पर भी शेयर किए।

### दोनों ने गुरुद्वारे के फोटो शेयर किए

इससे पहले शनिवार दोपहर के समय एक्ट्रेस ने अपने इंस्टग्राम स्टेटस पर एक धार्मिक स्थल की फोटो शेयर की थी। उसके बाद ठीक वही फोटो अर्शदीप सिंह ने भी अपने सोशल मीडिया एकाउंट पर शेयर की।

### स्नैपचैट पर भी फोटो शेयर किया

पंजाब किंग्स की टीम आज मोहाली से मुंबई के लिए रवाना हो गई। टीम 16 मई को मुंबई के साथ मैच खेलेगी। चंडीगढ़ से मुंबई के बीच उड़ान के दौरान का भी एक फोटो अर्शदीप सिंह ने अपने स्नैपचैट एकाउंट पर शेयर किया है। इसमें दो लोग 2 बोतलें पकड़े दिख रहे हैं। एक हाथ लड़के का और दूसरा लड़की का है। हालांकि, इसमें अर्शदीप ने कोई कैप्शन नहीं लिखा। इसी के साथ अगला वीडियो उन्होंने मुंबई पहुंचने के बाद शेयर किया। इसमें उन्होंने कहा- कैसे हो मुंबई वालो? हम मुंबई पहुंच गए हैं। जल्द ही मिलते हैं मैदान पर, फिर एंजॉय करेंगे।



### चेन्नई सुपर किंग्स ने आईपीएल 2026 के 22वें मैच में कोलकाता नाइट राइडर्स को 32 रन से हराया

# सैमसन का बैट छूटा, त्यागी की बॉल पर बोल्ड हुए

## रघुवंशी-रहाणे के कैच ड्रॉप, नूर के 3 विकेट से पलटा मैच





ब्रह्मास्त्र ▸▸ चेन्नई

चेन्नई सुपर किंग्स ने आईपीएल 2026 के 22वें मैच में कोलकाता नाइट राइडर्स को 32 रन से हरा दिया। चेपॉक स्टेडियम में मंगलवार को खेले गए मुकाबले में कई अहम मोमेंट्स रहे।

संजू सैमसन ने तेज शुरूआत की, लेकिन उनका बैट छूटा और बाद में कार्तिक त्यागी की गेंद पर बोल्ड हो गए। मैच में अंगकृष रघुवंशी और अजिंक्य रहाणे के आसान कैच छूटे और उन्हें जीवनदान मिला। नूर अहमद ने 3 विकेट लेकर मैच का रुख चेन्नई की ओर मोड़ दिया।

**संजू ने पहली 3 बॉल पर तीन चौके लगाए-** संजू सैमसन ने सीएसके की पारी के पहले ओवर में वैभव अरोरा की बॉल पर लगातार 3 चौके लगाए। उन्होंने पहली, दूसरी और तीसरी बॉल बाउंड्री के बाहर भेजी।

**सैमसन का बैट छूटा-** 8वें ओवर की 5वीं गेंद पर वरुण चक्रवर्ती की गेंद पर संजू सैमसन का बैट हाथ से छूट गया। पुल शॉट में पसीने से बैट फिसलकर मिड-विकेट की ओर गया। बॉल लॉन्ग ऑन की तरफ गई और बल्लेबाजों ने एक रन लिया।

**कार्तिक की 148 किमी/घंटा रफ्तार की गेंद पर संजू बोल्ड-** 11.2 ओवर में कार्तिक त्यागी ने संजू सैमसन को 48 रन पर बोल्ड कर दिया। 148 किमी/घंटा की बॉल लेंथ पर पड़ी और अंदर आई। सैमसन बड़ा शॉट खेलने गए, लेकिन कनेक्ट नहीं कर सके और स्टंप्स बिखर गए।

**ऋतुराज से नरेन का कैच छूटा-** चौथे ओवर की दूसरी बॉल पर ऋतुराज गायकवाड से सुनील नरेन का कैच छूट गया। नरेन ने अंशुल कम्बोज की बॉल मिड ऑफ में खेली, लेकिन गायकवाड आसान कैच नहीं पकड़ सके। नरेन 24 रन बनाकर कैच आउट हुए।

**ब्रेविस ने रघुवंशी का कैच छोड़ा, सिक्स मिला-** 7.3 ओवर में अकील हुसैन की गेंद पर अंगकृष रघुवंशी ने पुल शॉट खेला, लेकिन टाइमिंग सही नहीं रही। लॉन्ग-ऑन पर डेवाल्ड ब्रेविस कैच के लिए दौड़े, लेकिन गेंद हाथ से लगकर बाउंड्री पार गई और सिक्स मिला।

**सरफराज ने रहाणे को जीवनदान दिया-** 9.2 ओवर में अकील की गेंद पर अजिंक्य रहाणे का कैच सरफराज खान ने छोड़ दिया। डीप मिड-विकेट से दौड़ते हुए सरफराज ने दोनों हाथों से कोशिश की, लेकिन गेंद छूट गई और रहाणे को जीवनदान मिला।

**नूर अहमद के 3 विकेट ने पलटा मैच-** नूर अहमद ने दो ओवर में 3 विकेट लेकर मैच का रुख बदल दिया। उन्होंने 11वें ओवर की लगातार दो गेंदों पर दो विकेट लिए। 5वीं गेंद पर अजिंक्य रहाणे एक्स्ट्रा कवर पर ऋतुराज गायकवाड़ के हाथों कैच आउट हुए। इसके साथ नूर ने आईपीएल में अपने 50 विकेट पूरे किए। अगली ही गेंद पर कैमरन ग्रीन बिना खाता खोले बोल्ड हो गए। इसके बाद 13वें ओवर की आखिरी बॉल पर रिंकू सिंह बड़ा शॉट खेलते हुए शिवम दुबे के हाथों कैच आउट हो गए।

### आईपीएल में आज बेंगलुरु-लखनऊ

## होमग्राउंड पर एलएसजी को अबतक नहीं हरा सकी आरसीबी



ब्रह्मास्त्र ▸▸ लखनऊ

इंडियन प्रीमियर लीग के 23वें मैच में आज रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु का सामना लखनऊ सुपरजायंट्स से होगा। चिन्नास्वामी स्टेडियम में मैच शाम 7.30 बजे से खेला जाएगा, जिसका टॉस 7 बजे होगा।

आरसीबी अपने होमग्राउंड पर एलएसजी को एक भी मैच नहीं हरा सकी है। टीम इस सीजन 4 में से 3 मैच जीतकर तीसरे नंबर पर है, आज जीतकर टीम के पास पॉइंट्स टेबल में नंबर-1 पर पहुंचने का मौका है। दूसरी ओर लखनऊ को 4 में से 2 में जीत मिली है। आरसीबी हेड टु हेड में आगे बेंगलुरु और लखनऊ के बीच अब तक 6 आईपीएल मैच खेले गए। 4 में आरसीबी और महज 2 में एलएसजी को जीत मिली। हालांकि, लखनऊ की दोनों जीत बेंगलुरु के होमग्राउंड पर ही आई। आज का मुकाबला भी यहीं खेला जाएगा। पिछले साल दोनों टीमें लखनऊ में भिड़ी थीं, जहां आरसीबी ने 18.4 ओवर में ही 230 रन चेज कर लिए थे।

पाटीदार के पास टॉप स्कोरर बनने का मौका आरसीबी के लिए कप्तान रजत पाटीदार, विराट कोहली और फिल सॉल्ट बेहतरीन फॉर्म में नजर आए। पाटीदार 2 फिफ्टी के सहारे 195 रन बनाकर टूर्नामेंट के चौथे टॉप स्कोरर हैं। वे 30 रन बनाते ही नंबर-1 पर पहुंच जाएंगे। गेंदबाजों में जैकब डफी 6 विकेट लेकर टीम के नंबर-1 बॉलर हैं। एलएसजी के बैटर्स आउट ऑफ फॉर्म लखनऊ का कोई भी बैटर टूर्नामेंट में 110 रन नहीं बना सका है। टॉप स्कोरर ऐडन मार्करम लीग के बाकी बैटर्स में 30वें नंबर पर हैं। कप्तान ऋषभ पंत भी एक ही फिफ्टी लगा सके। इन दोनों के अलावा कोई 100 रन भी नहीं बना सका।

लोन... लोन... लोन...
श्रीराम फाइनेंस कंपनी
द्वारा लोन लेना हुआ आसान
सभी प्रकार के लोन
आधार कार्ड लोन, बिजनेस लोन,
पर्सनल लोन, होम लोन, वाहन लोन,
महिला ग्रुप लोन 50% छूट)
आसानी से मिलेगा घर बैठे लोन सबसे
कम ब्याज दर पर!
(लोन का पैसा सीधे आपके बैंक खाते में)
हमसे संपर्क करें
मो. 7404467154









### ईरान युद्ध के बीच मार्च में

## रूसी कच्चे तेल का आयात तीन गुना बढ़ा, 5.3 अरब यूरो के पार नंबर



ब्रह्मास्त्र ›› मुंबई

मार्च 2026 में भारत का रूसी कच्चे तेल का आयात तीन गुना बढ़कर 5.3 अरब यूरो हुआ। अमेरिकी छूट और ईरान युद्ध के बीच इस उछाल के आर्थिक प्रभाव को समझें।

अमेरिका की ओर से ईरान के खिलाफ युद्ध छेड़ने के बाद वैश्विक ऊर्जा बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में भारी उछाल आया है। इस संकट के बीच, भारत ने मार्च 2026 में रूस से कच्चे तेल की रिकॉर्ड खरीदारी की है। अमेरिका से मिली एक महीने की विशेष छूट का फायदा उठाते हुए, भारतीय रिफाइनरियों ने फिर से रूसी तेल आयात शुरू कर दिया है, जिससे भारत एक बार फिर वैश्विक बाजार में रूसी जीवाश्म ईंधन का दूसरा सबसे बड़ा खरीदार बन गया है।

**रूस से तेल के आयात में भारी उछाल-** यूरोप स्थित थिंक टैंक 'सेंटर फॉर रिसर्च ऑन एनर्जी एंड क्लीन एयर' (सीआरईए) की नवीनतम रिपोर्ट के अनुसार, मार्च में भारत का रूसी कच्चे तेल का आयात मूल्य तीन गुना से अधिक बढ़कर 5.3 अरब यूरो हो गया। मात्रा के लिहाज से भी इस आयात में दोगुना उछाल देखा गया है। कुल मिलाकर, भारत ने इस महीने 5.8 अरब यूरो के रूसी जीवाश्म ईंधन का आयात किया, जिसमें 91 प्रतिशत हिस्सेदारी केवल कच्चे तेल की रही, जबकि शेष हिस्से में 337 मिलियन यूरो का कोयला और 178.5 मिलियन यूरो के पेट्रोलियम उत्पाद शामिल थे। दिलचस्प बात यह है कि मार्च में भारत के कुल कच्चे तेल आयात में 4 प्रतिशत की कमी आई, इसके बावजूद रूसी कच्चे तेल के आयात में दोगुनी वृद्धि दर्ज की गई। इसके मुकाबले फरवरी में भारत 1.8 अरब यूरो के रूसी आयात के साथ तीसरे स्थान पर था।

### फरवरी के 3.21% के मुकाबले मार्च में महंगाई में मामूली इजाफा दर्ज किया गया

# अरहर, आलू और प्याज के दाम घटे तो दबाव कहां?

ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली

फरवरी के 3.21% के मुकाबले मार्च में महंगाई में मामूली इजाफा दर्ज किया गया है, लेकिन मुख्य आंकड़ा अभी भी 4 प्रतिशत के सुविधाजनक और नियंत्रण वाले स्तर से नीचे बना हुआ है।

खुदरा मुद्रास्फीति मार्च में मामूली रूप से बढ़कर 3.4 प्रतिशत हो गई, जबकि फरवरी में यह 3.21 प्रतिशत थी। सरकार ने सोमवार को इससे जुड़े आंकड़े जारी किए। उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) के आंकड़ों के आधार पर, मार्च में खाद्य पदार्थों की कीमतों में वृद्धि की दर 3.87 प्रतिशत रही, जो पिछले महीने के 3.47 प्रतिशत से अधिक है। ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के लिए सीपीआई मुद्रास्फीति क्रमशः 3.63 प्रतिशत और 3.11 प्रतिशत रही। हालांकि, यह मामूली उछाल तत्काल चिंता का विषय नहीं है क्योंकि समग्र मूल्य वृद्धि अभी भी 4 प्रतिशत के सुविधाजनक और प्रबंधनीय स्तर से नीचे बनी हुई है।

**ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में महंगाई का अंतर-** आंकड़ों का गहराई से विश्लेषण करने पर स्पष्ट होता है कि शहरों की तुलना में गांवों में महंगाई का दबाव थोड़ा अधिक बना हुआ है। ग्रामीण क्षेत्रों में खुदरा महंगाई दर 3.63 प्रतिशत दर्ज की गई, जबकि इसके मुकाबले शहरी इलाकों में यह दर 3.11 प्रतिशत के निचले स्तर पर रही। यह अंतर स्पष्ट रूप से दर्शाता है कि गांवों और शहरों के बीच मूल्य दबाव किस प्रकार भिन्न है।

**किन वस्तुओं ने दी राहत और क्या हुआ महंगा-** मार्च के आंकड़ों की सबसे बड़ी राहत रसोई के प्रमुख सामानों की कीमतों में आई भारी गिरावट है, जबकि कुछ अन्य क्षेत्रों में महंगाई का असर अब भी कायम है।

**सब्जियां और दालें:** प्याज और आलू जैसी रोजमर्रा की सब्जियों की कीमतों में भारी गिरावट दर्ज की गई है, जिससे कुल खाद्य बिल को कम करने में मदद मिली है। इसके अतिरिक्त लहसुन, अरहर दाल और मटर जैसी वस्तुओं ने नकारात्मक महंगाई दर्ज की है, जिसका अर्थ है कि पिछले वर्ष की तुलना में इनकी कीमतें कम हुई हैं। वहीं, खाद्य पदार्थों की बात करें तो नारियल, टमाटर और फूलगोभी में भी उच्च महंगाई देखी गई है।

**आभूषण:** दूसरी ओर, आभूषणों के बाजार में कीमतें लगातार उच्च स्तर पर बनी हुई हैं। हालांकि चांदी के आभूषणों की कीमतों में फरवरी के मुकाबले मामूली नरमी आई है, लेकिन सोने, हीरे और प्लेटिनम के आभूषणों की कीमतों में मजबूत वृद्धि जारी है।



### खाद्य महंगाई में उछाल और आवास क्षेत्र में राहत

**घरेलू बजट में सबसे अहम भूमिका निभाने वाली खाद्य वस्तुओं की कीमतों में हल्का इजाफा देखा गया है।**

- **खाद्य महंगाई (सीएफपीआई):** अखिल भारतीय उपभोक्ता खाद्य मूल्य सूचकांक (सीएफपीआई) मार्च में 3.87 प्रतिशत (अनंतिम) दर्ज किया गया, जो फरवरी के 3.47 प्रतिशत से अधिक है। यहां भी ग्रामीण क्षेत्रों में खाद्य महंगाई (3.96 प्रतिशत) शहरी क्षेत्रों (3.71 प्रतिशत) की तुलना में अधिक रही, जो बताता है कि ग्रामीण क्षेत्रों में खाद्य लागत तेजी से बढ़ रही है।
- **आवास महंगाई:** इसके विपरीत, आवास (हाउसिंग) क्षेत्र में महंगाई दर 2.11 प्रतिशत (अनंतिम) के निचले स्तर पर रही। शहरी आवास महंगाई 1.95 प्रतिशत और ग्रामीण क्षेत्रों में 2.54 प्रतिशत रही। इससे यह स्पष्ट होता है कि फिलहाल किराए और आवास से जुड़ी लागतों ने उपभोक्ताओं पर कोई बड़ा अतिरिक्त दबाव नहीं डाला है।

### आगे के लिए महंगाई का क्या अनुमान?

मार्च 2026 के महंगाई आंकड़े उपभोक्ताओं के लिए एक मिली-जुली स्थिति पेश करते हैं। जहां एक ओर सब्जियों और दालों की गिरती कीमतों ने घरेलू बजट को कुछ हद तक राहत प्रदान की है, वहीं दूसरी ओर आभूषणों और चुनिंदा खाद्य पदार्थों की बढ़ती लागतें अभी भी दबाव बनाए हुए हैं। चूंकि मुख्य महंगाई दर नियंत्रण में है, इसलिए व्यापक आर्थिक दृष्टिकोण स्थिर प्रतीत होता है, हालांकि विभिन्न श्रेणियों में कीमतों के उतार-चढ़ाव के कारण प्रत्येक परिवार पर इसका वास्तविक प्रभाव अलग-अलग पड़ रहा है।

### कच्चे तेल में नरमी

## अमेरिका-ईरान वार्ता की उम्मीद से एशियाई बाजारों में उछाल



ब्रह्मास्त्र ›› मुम्बई

कच्चे तेल की कीमतों में नरमी और अमेरिका-ईरान वार्ता की उम्मीदों के बीच एशियाई बाजारों में तेजी। भारतीय बाजारों और महंगाई पर इसका असर जानने के लिए पढ़ें।

आंबेडकर जयंती के अवसर पर मंगलवार को भारतीय शेयर बाजार बंद रहे, लेकिन वैश्विक मोर्चे से निवेशकों के लिए सकारात्मक संकेत मिले हैं। होर्मुज जलडमरूमध्य में जारी तनाव के बावजूद, अमेरिका और ईरान के बीच संभावित समझौते की उम्मीदों से कच्चे तेल की कीमतों में नरमी आई है, जिसके चलते एशियाई बाजारों ने बढ़त के साथ कारोबार किया है।

**वैश्विक बाजार और कच्चे तेल का हाल-** अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस के उस बयान के बाद वैश्विक बाजार की धारणा में सुधार हुआ है, जिसमें उन्होंने तेहरान और वाशिंगटन के बीच कूटनीतिक बातचीत की संभावना जताई है। इसके प्रमुख प्रभाव इस प्रकार रहे: कच्चे तेल की कीमतों में स्थिरताः भू-राजनीतिक जोखिमों के कारण ब्रेंट क्रूड पहले 99.36 डॉलर प्रति बैरल तक उछल गया था, लेकिन अब यह नरमी के साथ लगभग 97.99 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा है।

अमेरिकी बाजारों में मजबूतीः वॉल स्ट्रीट पर अमेरिकी बाजारों ने लचीलापन दिखाया है। एस एंड पी 500 ने 0.6 प्रतिशत की बढ़त दर्ज की, जबकि इसके पिछले सत्र में यह 6,886.24 के उच्च स्तर पर बंद हुआ था। टेक-हैवी नैस्डैक में भी 0.8 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई। एशियाई बाजारों में बढ़तः सकारात्मक वैश्विक संकेतों का अनुसरण करते हुए मंगलवार को जापान का निक्केई 225 इंडेक्स 1.5 प्रतिशत चढ़ा।

### टीसीएस नासिक कार्यालय में यौन उत्पीड़न और जबरन धर्मांतरण के आरोपों पर

# टाटा संस के चेयरमैन चंद्रशेखरन ने जांच के आदेश दिए

ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली

टीसीएस नासिक कार्यालय में यौन उत्पीड़न और जबरन धर्मांतरण के आरोपों पर टाटा संस के चेयरमैन एन. चंद्रशेखरन ने उच्च स्तरीय जांच के आदेश दिए हैं। इस मामले में एचआर मैनेजर समेत सात लोगों की गिरफ्तारी हुई है। पूरी खबर यहां पढ़ें।

टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) की नासिक शाखा में आठ महिला कर्मचारियों द्वारा लगाए गए यौन उत्पीड़न और धर्मांतरण के गंभीर आरोपों ने कॉरपोरेट जगत में हलचल मचा दी है। इस घटना पर कड़ी प्रतिक्रिया देते हुए टाटा संस के चेयरमैन एन. चंद्रशेखरन ने सोमवार को इन आरोपों को बेहद चिंताजनक और पीड़ादायक करार दिया है। उन्होंने स्पष्ट किया है कि कंपनी इस मामले को अत्यंत गंभीरता से ले रही है और एक वरिष्ठ अधिकारी के नेतृत्व में इसकी विस्तृत जांच शुरू कर दी गई है।

**नासिक शाखा से जुड़ी शिकायतें और आरोप बेहद गंभीर-** सोमवार को जारी एक आधिकारिक बयान में एन. चंद्रशेखरन ने कहा कि नासिक शाखा से सामने आ रही शिकायतें और आरोप बेहद गंभीर हैं। इस पूरे मामले की सच्चाई सामने लाने और जिम्मेदार व्यक्तियों की सटीक पहचान करने के लिए टीसीएस की चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर (सीओओ) आरती सुब्रमण्यम के नेतृत्व में एक गहन जांच की जा रही है। चंद्रशेखरन, जो टाटा समूह के चेयरमैन नियुक्त होने से पहले टीसीएस के मुख्य कार्यकारी और प्रबंध निदेशक रह चुके हैं, ने जोर देकर कहा कि आरोपी कर्मचारियों के खिलाफ प्रशासनिक कार्रवाई पहले ही शुरू की जा चुकी है। इसके साथ ही, टाटा समूह चल रही पुलिस जांच में भी अपना पूरा सहयोग प्रदान कर रहा है।



**आठ महिला कर्मचारियों ने यौन उत्पीड़न और जबरन धर्मांतरण के आरोप-** यह पूरा विवाद तब सतह पर आया जब महाराष्ट्र के नासिक स्थित इस बहुराष्ट्रीय कंपनी के कार्यालय में आठ महिला कर्मचारियों ने यौन उत्पीड़न और जबरन धर्मांतरण के आरोप लगाए। इन कर्मचारियों का दावा है कि उनके वरिष्ठ सहयोगियों ने उनका मानसिक और यौन स्तर पर उत्पीड़न किया है। इसके अलावा, सबसे गंभीर आरोप यह है कि कंपनी के मानव संसाधन (एचआर) विभाग ने उनकी इन शिकायतों को पूरी तरह से अनसुना कर दिया। मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए पिछले सप्ताह पुलिस ने इन शिकायतों की विस्तृत जांच के लिए एक विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया है। पुलिस ने इस मामले में सख्त कदम उठाते हुए कंपनी की महिला एचआर मैनेजर सहित अब तक कुल सात लोगों को गिरफ्तार भी कर लिया है।

### जबरदस्ती या दुर्व्यवहार के प्रति शून्य-सहिष्णुताः टीसीएस

टाटा समूह ने कार्यस्थल पर सुरक्षा नियमों को दृढ़ता से दोहराते हुए कहा है कि किसी भी तरह के दुर्व्यवहार को कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। चंद्रशेखरन ने स्पष्ट किया कि उनका सॉल्ट-टू-सॉफ्टवेयर (नमक से लेकर सॉफ्टवेयर तक) समूह अपने किसी भी कर्मचारी द्वारा की गई किसी भी प्रकार की जबरदस्ती या दुर्व्यवहार के प्रति 'शून्य-सहिष्णुता' की नीति रखता है। उन्होंने कड़ा संदेश देते हुए आश्वासन दिया है कि जांच में जो भी दोषी पाए जाएंगे, उनके खिलाफ सख्त और उचित कार्रवाई की जाएगी। इसके अलावा, कंपनी के भीतर प्रक्रियागत सुधार या अन्य सुधारात्मक उपायों को तुरंत और सख्ती से लागू किया जाएगा ताकि भविष्य में ऐसी घटनाएं न हों। इससे पहले रविवार को अपनी पहली आधिकारिक टिप्पणी में, टीसीएस ने भी उत्पीड़न के मामलों में अपनी शून्य सहिष्णुता की नीति की पुष्टि की थी और यह जानकारी दी थी कि संबंधित कर्मियों को निलंबित कर दिया गया है।

### बदल गई टैक्स की दुनिया

## जानिए कर्मचारियों को मिलने वाले भत्तों में क्या हुआ बदलाव

ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली

एक अप्रैल से सिर्फ कैलेंडर नहीं बदला, बल्कि भारत में टैक्स का पूरा संविधान बदल गया है। 1961 का पुराना इनकम टैक्स एक्ट अब रिटायर हो चुका है और उसकी जगह ले ली है इनकम टैक्स एक्ट 2025 ने।

सरकार ने टैक्स की भाषा आसान बनाने के साथ कर्मचारियों को मिलने वाले भत्तों में भी बदलाव किया है। चलिए समझते हैं, नए टैक्स युग में आपकी जेब पर क्या असर पड़ेगा।

एक अप्रैल, 2026 से आजादी के बाद का सबसे बड़ा टैक्स सुधार लागू हुआ है। इनकम टैक्स एक्ट 2025 सिर्फ पुराने कानून की मरम्मत नहीं है, बल्कि टैक्स की पूरी नई इमारत है। भाषा आसान की गई है और पुराने पड़ चुके प्रावधानों को हटाया गया है। तो आइए, समझते हैं उन बड़े बदलावों को, जो आपकी वित्तीय योजना को पूरी तरह बदल देंगे-

**12.75 लाख तक कोई टैक्स नहीं-** नए टैक्स कानून में नई टैक्स व्यवस्था को मुख्य आधार बनाया गया है, जो अब अधिकांश करदाताओं के लिए डिफॉल्ट बन चुकी है। भले ही टैक्स स्लैब में कोई बदलाव नहीं हुआ है, लेकिन धारा 87A के तहत छूट को 60,000 रुपये तक बढ़ाया गया है। इसका सीधा असर यह है कि यदि किसी की कर योग्य आय 12 लाख रुपये तक है, तो उस पर लगने वाला पूरा टैक्स इस छूट के कारण शून्य हो जाता है। वेतनभोगी के लिए नई व्यवस्था में 75,000 रुपये का स्टैंडर्ड डिडक्शन इस राहत को और बढ़ाता है, जिससे प्रभावी रूप से 12.75 लाख रुपये तक की आय पर टैक्स शून्य हो सकता है।

**कब होगी टैक्स प्लानिंग की जरूरत -** जैसे ही आय 13 लाख या इससे अधिक होती है, टैक्स देनदारी शुरू हो जाती है और यहीं से वास्तविक टैक्स प्लानिंग की जरूरत होगी। धारा 87A की छूट हर प्रकार की आय पर लागू नहीं है। कैपिटल गेन, क्रिप्टो आय या लॉटरी से प्राप्त आय पर यह छूट उपलब्ध नहीं होगी। इसलिए करदाताओं को केवल अपनी सैलरी नहीं, बल्कि अपनी पूरी आय की संरचना को समझते हुए ही टैक्स प्लानिंग करनी होगी, नहीं तो बाद में अप्रत्याशित टैक्स देनदारी सामने आ सकती है।

## पाकिस्तान-चीन के खिलाफ तीनों सेनाओं की दो संयुक्त कमान



ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

सरकार तीनों सेनाओं के ढांचे में बड़ा बदलाव करने जा रही है। इसके तहत अब थल, वायु और नौसेना संयुक्त रूप से थियेटर कमान के तौर पर काम करेंगी। पाकिस्तान से निपटने के लिए वेस्टर्न तो चीन से मुकाबले के लिए नार्दर्न थियेटर कमान होगी। हिंद महासागर के बड़े समुद्री क्षेत्र की रखवाली के लिए मैरीटाइम कमान बनेगी।

चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान की अगुवाई में डिपार्टमेंट ऑफ मिलिट्री अफेयर्स ने पिछले सैन्य संघर्षों के अनुभवों से सबक लेते हुए इसके ब्लू प्रिंट तैयार किए हैं। इन्हें अब रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के पास भेजेंगे। फिर कैबिनेट समिति मुहर लगाएगी। उन्न का विस्तारित कार्यकाल मई अंत में पूरा हो रहा है। सूत्रों ने बताया कि जनरल चौहान के अवकाश ग्रहण करने के बाद उन्न के साथ वाइस उन्न का पद भी बनेगा।

नए रोडमैप के तहत रक्षा बलों का भी विस्तार होगा। इसके अलावा, स्पेस और साइबर कमांड भी गठित करने की योजना है। सैन्य सूत्रों के अनुसार, एक दशक में पाकिस्तान और चीन के साथ हुए 5 टकरावों से मिले कौशल, चुनौतियों और खामियों को फिल्टर कर नया ढांचा तैयार किया है। इनमें, पाकिस्तान के खिलाफ 2016 की सर्जिकल स्ट्राइक, 2019 की बालाकोट एयर स्ट्राइक और 2025 में 88 घंटे चला ऑपरेशन सिंदूर शामिल है। वहीं, चीन के खिलाफ 2017 के डोकलाम और 2020 के गलवान संघर्ष के सबक शामिल हैं। इस प्रक्रिया से जुड़े अधिकारियों के अनुसार अलग-अलग सेवाओं की स्वतंत्र कार्रवाई में कम्युनिकेशन गैप और रिसोर्स ओवरलैप जैसी समस्याएं सामने आईं।

### 2029 से लागू होगा महिला आरक्षण,लोकसभा की सीटें 850 होंगीः

# जनगणना-परिसीमन से तय होंगी लोकसभा और विधानसभा की सीटें, ऐसे होगा ये बदलाव

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

सरकार ने 2029 के लोकसभा चुनावों से महिला आरक्षण अधिनियम लागू करने के लिए लोकसभा सीटों की संख्या बढ़ाकर 850 करने का प्रस्ताव रखा है। सूत्रों के अनुसार, 815 सीटें राज्यों के लिए और बाकी 35 सीटें केंद्र शासित प्रदेशों के लिए प्रस्तावित हैं।

850 में से 273 सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित होंगी। वर्तमान में लोकसभा में 543 सीटें हैं। सरकार 16, 17 और 18 अप्रैल को संसद के विशेष सत्र में 2029 से लोकसभा में 33% महिला आरक्षण लागू करने के लिए संविधान संशोधन विधेयक लाने की योजना बना रही है।

सरकार ने मंगलवार को संविधान (131वां संशोधन) बिल, परिसीमन विधेयक (संशोधन) बिल और केंद्र शासित प्रदेश कानून (संशोधन) बिल, 2026 ड्राफ्ट सभी सांसदों को भेजे हैं। पीएम मोदी 17 अप्रैल को बहस का जवाब दे सकते हैं।

इन बदलावों को 2029 के आम चुनाव से लागू करने की योजना है। हालांकि इस पर विरोध भी शुरू हो गया है। तेलंगाना के सीएम रेवंत रेड्डी ने पीएम मोदी को चिट्ठी लिखकर कहा कि दक्षिणी राज्यों को सीटें बढ़ाना मंजूर नहीं।

**सीटें कितने बढ़ेंगी:** लोकसभा सीटें 543 से बढ़ाकर अधिकतम 850 हो जाएंगी। राज्यों में 815 व केंद्र शासित क्षेत्रों के लिए 35 सीटें। इस बदलाव का असर राज्यसभा और देश की सभी विधानसभाओं पर भी होगा। यहां भी सीटें की संख्या बदल जाएंगी।

**महिला आरक्षण कितने साल के लिए होगा :** कुल सीटों में से 33% यानी 273 महिलाओं के लिए आरक्षित हो सकती हैं। महिलाओं के लिए यह आरक्षण 15 साल के लिए होगा। यानी 2029, 2034 और 2039 के लोकसभा चुनावों तक। इसके बाद इसे बढ़ाने का फैसला संसद करेगी।



आरक्षित सीटें हर चुनाव में बदलती रहेंगी, ताकि महिलाओं का हर जगह प्रतिनिधित्व मिल सके। इसमें अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति की महिलाओं के लिए भी आरक्षण शामिल होगा। ये आरक्षित सीटें अलग-अलग क्षेत्रों में रोटेशन के आधार पर तय की जाएंगी।

### संसद में महिलाओं की अभी क्या स्थिति हैः

**परिसीमन में क्या होगा:** अभी तक सीटों का आधार 1971 की जनगणना थी, जो 2026 तक के लिए मान्य थी। परिसीमन कब होगा और किस जनगणना (जैसे 2011 या 2027) के आधार पर होगा, यह संविधान की जगह संसद एक साधारण कानून बनाकर तय कर सकेगी।

सरकार इसमें बदलाव कर रही है। इसके लिए जनसंख्या (आबादी) की परिभाषा को बदला जाएगा है। इससे संसद को यह तय करने का अधिकार मिलता है कि सीटों की संख्या बढ़ाने के लिए किस डेटा को आधार बनाया जाए। इसके लिए 2011 की जनगणना को आधार बनाने की बात कही गई है।

संविधान में संशोधन कर सरकार परिसीमन आयोग बनाएगी। अध्यक्ष सुप्रीम कोर्ट के वर्तमान या पूर्व जज होंगे। आयोग सभी निर्वाचन क्षेत्र (लोकसभा सीटें) दोबारा तय करेगा। आयोग का निर्णय अंतिम होगा। इसके फैसले को कोर्ट में चुनौती नहीं दे सकते।

**क्या सरकार लोकसभा में बिल पास करा पाएगी:** संविधान संशोधन पारित कराने के लिए सरकार को बैक-चैनल बातचीत करनी होगी। भारतीय संविधान के ऑर्टिकल 368 के तहत, संविधान में संशोधन के लिए संसद के दोनों सदनों में विशेष बहुमत जरूरी होता है। कुल सदस्यों का बहुमत (50% से अधिक) और उपस्थित एवं मतदान करने वाले सदस्यों का दो-तिहाई बहुमत।

लोकसभा की वर्तमान संख्या 540 (कुल 543 में से) है। 3 सीटें खाली हैं। यदि सभी सांसद उपस्थित होकर मतदान करते हैं, तो कम से कम 360 सांसदों (दो तिहाई?) को इसके पक्ष में वोट देना होगा। वर्तमान में, भाजपा-नेतृत्व वाले नेशनल डेमोक्रेटिक अलायंस के पास 292 सांसद हैं, जबकि (विपक्ष) के पास 233 सांसद हैं। 15 सांसद किसी गठबंधन के साथ नहीं हैं।

## बिल पर नेताओं की प्रतिक्रियाएं

विपक्ष ने बुधवार को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के घर बैठक बुलाई। विपक्षी नेताओं ने कहा कि महिला आरक्षण, परिसीमन और लोकसभा सीट बढ़ोतरी अलग मुद्दे हैं, जिन्हें सरकार मिलाकर भ्रम फैला रही है।

राज्यसभा सांसद कपिल सिब्बल- सरकार यह सब 2029 के लोकसभा चुनाव में राजनीतिक फायदा लेने के उद्देश्य से कर रही है। अगर सरकार महिलाओं को 33% आरक्षण देना चाहती है, तो मौजूदा 543 सीटों में ही यह लागू किया जा सकता है। सीटों के पुनर्वितरण से उत्तर भारत को ज्यादा फायदा होगा।

तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने पीएम मोदी को चिट्ठी लिखी- संसद में जो 3 बिल लाए जाने हैं, उनको लेकर भ्रम फैलाया जा रहा है। कांग्रेस का रुख स्पष्ट है। वह महिला आरक्षण बिल का समर्थन करती है, लेकिन जनसंख्या के आधार पर लोकसभा सीटों को 850 तक बढ़ाने के प्रस्ताव दक्षिणी राज्यों के लिए स्वीकार्य नहीं है। यह देश के लिए गंभीर खतरा पैदा कर सकता है।

मल्लिकार्जुन खड़गे- कांग्रेस महिला आरक्षण के खिलाफ नहीं है। सरकार इसे राजनीतिक कारणों से आगे बढ़ा रही है।

केसी वेणुगोपाल- महिला आरक्षण की आड़ में गलत डिलिमिटेशन लाया जा रहा है। यह संघीय ढांचे के खिलाफ है।

शशि थरूर- डिलिमिटेशन से पहले सभी राज्यों और पार्टियों से चर्चा होनी चाहिए। जल्दबाजी देश के संघीय ढांचे के लिए ठीक नहीं है।

किरण रिजिजू- किसी भी पार्टी ने महिला आरक्षण बिल का विरोध नहीं किया है। कुछ बयान सिर्फ राजनीतिक मकसद से दिए जा रहे हैं। महिला आरक्षण में अब और देरी नहीं होनी चाहिए। 40 साल इंतजार के बाद इसे जल्द लागू करना जरूरी है।

एकनाथ शिंदे- शिवसेना महिला आरक्षण बिल का पूरा समर्थन करती है। इसे 2029 से पहले लागू किया जाना चाहिए।

### मप्र-यूपी और राजस्थान में पारा 40℃ के पार; महाराष्ट्र-तेलंगाना में हीट वेव का अलर्ट

# उत्तराखंड के केदारनाथ-बद्रीनाथ में बर्फबारी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

देश के ज्यादातर हिस्सों में तापमान बढ़ने लगा है। गुजरात, राजस्थान, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़, आंध्र प्रदेश और ओडिशा में पारा 40 डिग्री के पार पहुंच गया है।

राजस्थान में मंगलवार को सीजन का सबसे गर्म दिन रहा। बाड़मेर और जैसलमेर में तापमान 41 डिग्री के पार पहुंच गया। मध्य प्रदेश के तीन जिलों में भी पारा 40℃ से ऊपर रहा, जहां नर्मदापुरम में सबसे ज्यादा 42.1℃ दर्ज किया गया।

उत्तर प्रदेश के बांदा में अधिकतम तापमान 40.4 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। मौसम विभाग के मुताबिक, अगले दो सप्ताह में तापमान 6 से 8 डिग्री तक बढ़ सकता है।

मौसम विभाग ने महाराष्ट्र, तेलंगाना और कर्नाटक में हीट वेव का अलर्ट जारी किया है। वहीं, दूसरी ओर जम्मू-कश्मीर और असम समेत कई राज्यों में आंधी-बारिश का अलर्ट जारी किया है। केदारनाथ और बद्रीनाथ में बर्फबारी हुई।

तेज गर्मी से पूरा मध्य प्रदेश तप गया है। दिन का तापमान 42 डिग्री और रात 25 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया है। भोपाल, इंदौर, उज्जैन, ग्वालियर और जबलपुर में भी गर्मी का असर बढ़ा है। मंगलवार को नर्मदापुरम प्रदेश में सबसे गर्म रहा। यहां अधिकतम तापमान 42.1 डिग्री दर्ज किया गया, जबकि रतलाम, खजुराहो समेत 14 शहरों में टेम्प्रेचर 40 डिग्री या इससे अधिक रहा।

(मौसम केंद्र), भोपाल ने 16 मार्च से प्रदेश में हीट वेव यानी, लू चलने का अलर्ट जारी किया है। 16, 17 और 18 अप्रैल को प्रदेश के 17 जिले लू से प्रभावित रहेंगे। इससे पहले मंगलवार को पूरे प्रदेश में तेज गर्मी रही। मौसम विभाग की मानें तो नर्मदापुरम में दिन के साथ रात भी सबसे गर्म है। रात में तापमान 25 डिग्री रहा।

इसी तरह रतलाम में 41.4 डिग्री, खजुराहो-नौगांव में 41 डिग्री, धार में 40.6 डिग्री, बैतूल में 40.5 डिग्री, श्योपुर-रायसेन में 40.4 डिग्री, शाजापुर, गुना-खरगोन में 40.2 डिग्री, छिंदवाड़ा में 40.1 डिग्री, दमोह, सागर-मलाजखंड में तापमान 40 डिग्री रहा। प्रदेश के 5 बड़े शहरों में भोपाल-जबलपुर में सबसे ज्यादा 39.6 डिग्री, इंदौर में 39.8 डिग्री और ग्वालियर-उज्जैन में 39.5 डिग्री सेल्सियस रहा। मौसम विभाग के अनुसार, 15 अप्रैल को नया सिस्टम एक्टिव हो रहा है, लेकिन यह कमजोर रहेगा। इसका असर पश्चिमी हिमालयी क्षेत्र में ही दिखाई देगा। यानी, अब प्रदेश में तेज गर्मी वाला दौर ही रहेगा। गर्मी बढ़ने से लोग उससे बचने के तरीके भी तलाश रहे हैं।



#### अगले दो दिन के मौसम का हाल

16 अप्रैलः असम, मेघालय, अरुणाचल प्रदेश, नागालैंड, मणिपुर, मिजोरम और त्रिपुरा में बारिश के साथ 30-50 किमी/घंटा की रफ्तार से हवाएं चल सकती है। जम्मू-कश्मीर और लद्दाख में हल्की बर्फबारी की संभावना है। पश्चिम बंगाल और सिक्किम में भी हल्की बारिश हो सकती है। मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में लू चलने की शुरूआत होगी। तेलंगाना और कर्नाटक के कुछ हिस्सों में तापमान बढ़ेगा।

17 अप्रैलः पंजाब, हरियाणा और चंडीगढ़ में हल्की से बारिश के साथ तेज हवाएं चल सकती हैं। हिमाचल प्रदेश में हल्की बारिश और जम्मू-कश्मीर-लद्दाख में बर्फबारी के साथ ओले गिरने की संभावना है। पश्चिम बंगाल और ओडिशा में भी गरज-चमक के साथ हल्की बारिश हो सकती है। मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और ओडिशा में लू चलेगी, जबकि पश्चिमी राजस्थान और झारखंड में भी हीट वेव की शुरूआत हो सकती है।

## सबरीमाला केस में सुप्रीम कोर्ट में सुनवाईःमहिलाओं की एंट्री के लिए दलीलें रखी जाएंगी


ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

केरल के सबरीमाला मंदिर में महिलाओं की एंट्री और धर्मस्थलों पर भेदभाव को लेकर सुप्रीम कोर्ट में बुधवार को चौथे दिन सुनवाई होगी। 14 अप्रैल से 16 अप्रैल के दौरान सबरीमाला में महिलाओं की एंट्री के समर्थन में दलीलें रखी जाएंगी। इससे पहले 7 से 9 अप्रैल तक सुनवाई के दौरान महिलाओं की एंट्री के विरोध में दलीलें रखी गईं। केंद्र सरकार ने कहा था कि देश के कई देवी मंदिरों में पुरुषों की एंट्री भी बैन है, इसलिए धार्मिक परंपराओं का सम्मान किया जाना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट के नौ जजों की बेंच ने कहा था कि मंदिरों और मठों में एंट्री का अधिकार सभी लोगों को होना चाहिए। किसी एक संप्रदाय को बाहर रखना हिंदू धर्म पर नकारात्मक असर डालेगा। इससे समाज बंटेगा। केरल हाईकोर्ट ने 1991 में सबरीमाला में 10 से 50 साल की महिलाओं की एंट्री पर बैन लगाई थी। सुप्रीम कोर्ट ने 2018 में इसे भेदभावपूर्ण बताते हुए बैन हटा दिया। इसके बाद दायर पुनर्विचार याचिकाओं के आधार पर 7 महत्वपूर्ण संवैधानिक प्रश्न तय किए गए हैं, जिन पर अब बहस हो रही है। सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार से पूछा कि जो लोग भगवान अयप्पा के भक्त नहीं हैं, वे केरल के सबरीमाला मंदिर की परंपराओं को कैसे चुनौती दे सकते हैं। सुप्रीम कोर्ट ने धार्मिक स्वतंत्रता के दायरे पर 7 सवाल तय किए हैं। इनमें से एक सवाल यह है कि क्या कोई व्यक्ति, जो किसी धार्मिक संप्रदाय या समूह से संबंधित नहीं है, उस 'धार्मिक संप्रदाय या समूह' की किसी प्रथा को जनहित याचिका (ढक्छ) के माध्यम से चुनौती दे सकता है।

### 24 घंटे में कोई जहाज यहां से नहीं गुजरा; इजराइल-लेबनान में सीजफायर वार्ता हुई

# अमेरिका बोला- होर्मुज की नाकाबंदी के लिए 10,000 सैनिक तैनात

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इजराइल



अमेरिकी सेना ने मंगलवार को दावा किया कि होर्मुज स्ट्रेट की नाकाबंदी के लिए उसने 10,000 से ज्यादा सैनिक और करीब 12 नेवल शिप तैनात किए हैं। अमेरिकी सेंट्रल कमांड के मुताबिक, नाकाबंदी के पहले 24 घंटों में कोई भी जहाज यह रास्ता पार नहीं कर पाया। 6 व्यापारिक जहाज आगे बढ़ रहे थे, वे अमेरिकी सेना के आदेश पर लौट गए। यह कार्रवाई उन सभी जहाजों पर लागू है जो ईरान के बंदरगाहों में जा रहे हैं या वहां से निकल रहे हैं, चाहे वे किसी भी देश के हों। हालांकि, कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया था कि मंगलवार को ईरान से जुड़े 4 जहाज इस रास्ते से गुजरने में सफल रहे। इस बीच दूसरी तरफ अमेरिका की राजधानी वॉशिंगटन में लेबनान और इजराइल के बीच सीजफायर पर पहले दौर की वार्ता हुई। यह सकारात्मक बताई गई और दोनों अगले दौर की बातचीत के लिए राजी हुए। हालांकि, दूसरे दौर की वार्ता का दिन या समय अभी तय नहीं है।

अमेरिका में इजराइल के राजदूत येचिएल लीटर ने कहा कि अमेरिका की मुलाकात में हुई वार्ता के दौरान लेबनानी सरकार ने साफ किया कि वह अब हिजबुल्लाह के कब्जे में नहीं रहना चाहती।

अमेरिकी ट्रेजरी विभाग ने कहा है कि ईरानी तेल की बिक्री के लिए दी गई अस्थायी छूट अब कुछ दिनों में खत्म हो जाएगी और इसे आगे नहीं बढ़ाया जाएगा। यूरोपीय देश युद्ध के बाद होर्मुज स्ट्रेट में जहाजों की आवाजाही फिर से सामान्य करने के लिए एक बड़े अंतरराष्ट्रीय गठबंधन की योजना बना रहे हैं। खास बात यह है कि इस प्रस्तावित मिशन में अमेरिका को शामिल नहीं किया गया है। कनाडा ने लेबनान के लिए 40 मिलियन डॉलर (करीब 330 करोड़ रुपए) की मदद का ऐलान किया है। यह मदद अंतरराष्ट्रीय संगठनों के जरिए पहुंचाई जाएगी। हिजबुल्लाह ने दावा किया है कि उसके लड़ाकों ने पिछले 24 घंटों में 34 सैन्य हमले किए हैं। संगठन के मुताबिक, इन हमलों में इजराइल की बस्तियों, सैनिक जमावड़ों और सैन्य वाहनों को निशाना बनाया गया। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि ईरान के साथ बातचीत अगले 2 दिनों में फिर से शुरू हो सकती है

### अमेरिकी युद्धपोत ने रोके ईरानी तेल टैंकरः ओमान की खाड़ी में लौटने का दिया आदेश

अमेरिकी नौसेना के एक डेस्ट्रॉयर ने ओमान की खाड़ी में ईरान से निकल रहे दो तेल टैंकरों को रोक दिया और उन्हें वापस लौटने का आदेश दिया। घटना मंगलवार को हुई है, जिसकी जानकारी एक अमेरिकी अधिकारी ने दी। रॉयटर्स के अनुसार, दोनों टैंकर ईरान के चाबहार पोर्ट से रवाना हुए थे। अमेरिकी युद्धपोत ने उन्हें समुद्र में ही रेडियो कम्युनिकेशन के जरिए संपर्क कर दिशा बदलने को कहा। अधिकारी ने बताया कि ये दोनों टैंकर उन 6 व्यापारी जहाजों में शामिल थे, जिन्हें अमेरिकी सेंट्रल कमांड ने पहले वापस लौटने के निर्देश दिए थे। इसके बाद सभी जहाज ओमान की खाड़ी में स्थित ईरानी बंदरगाह की ओर लौट गए।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि ईरान के साथ चल रहा युद्ध अब खत्म होने के बेहद करीब है। फॉक्स न्यूज को दिए इंटरव्यू में उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि यह लगभग खत्म होने वाला है। ट्रम्प के इस बयान से संकेत मिल रहे हैं कि जल्द ही युद्धविराम या शांति समझौते की दिशा में बड़ा फैसला हो सकता है। हालांकि, क्षेत्र में तनाव अभी पूरी तरह खत्म नहीं हुआ है और आगे की बातचीत अहम मानी जा रही है।

ट्रम्प ने ईरान पर हमले को सही ठहराते हुए बड़ा दावा किया है। उन्होंने कहा कि अगर अमेरिका ने कार्रवाई नहीं की होती, तो ईरान अब तक परमाणु हथियार बना चुका होता। उन्होंने दावा किया कि अमेरिका और इजराइल के हमलों से ईरान को भारी नुकसान हुआ है और उसे दोबारा खड़ा होने में करीब 20 साल लग सकते हैं। ट्रम्प ने कहा, हम अभी खत्म नहीं हुए हैं, आगे क्या होगा देखेंगे।

### ईरान-अमेरिका वार्ता जेडी वेंस की अगुआई में फिर इस्लामाबाद में हो सकती है

अमेरिका और ईरान के बीच दूसरे दौर की बातचीत फिर इस्लामाबाद में होने की संभावना जताई जा रही है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस इस बार अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल की अगुआई कर सकते हैं। उनके साथ स्टीव विटकॉफ और जेरेड कुशनर के भी शामिल होने की संभावना है। हालांकि, अभी तक बैठक की तारीख और स्थान पर अंतिम फैसला नहीं हुआ है।

गाजा के उत्तरी हिस्से में स्थित अल-शाती शरणार्थी कैंप पर इजराइली हवाई हमले में मरने वालों की संख्या बढ़कर 5 हो गई है। मंगलवार शाम हुए इस हमले में कई अन्य लोग घायल भी हुए हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक सीजफायर लागू होने के बाद भी इस तरह के हमले जारी हैं, जिससे क्षेत्र में तनाव बना हुआ है। गाजा स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, अक्टूबर से लागू युद्धविराम के बाद अब तक सैकड़ों लोगों की मौत और हजारों लोग घायल हो चुके हैं।

ईरान की राजधानी तेहरान में इमाम खुमैनी स्ट्रीट पर दो क्रप्ठ धमाके होने की खबर है। फार्स न्यूज एजेंसी के मुताबिक, ये विस्फोट छद्म से बनी इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस से हुए, जिसमें 3 लोग मामूली रूप से घायल हुए हैं।

# ट्रम्प ने पीएम मोदी को फोन किया, 40 मिनट बातचीतःईरान जंग पर चर्चा, दोनों ने कहा- होर्मुज स्ट्रेट का खुला रहना बहुत जरूरी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ वाशिंगटन

पीएम मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प के बीच करीब 40 मिनट तक फोन पर बातचीत हुई। इस दौरान दोनों नेताओं ने ईरान जंग पर चर्चा की और इस बात पर जोर दिया कि होर्मुज खुला रहना चाहिए। पीएम मोदी सोशल मीडिया पर लिखा मुझे मेरे दोस्त राष्ट्रपति ट्रम्प का फोन आया। हमने दोनों देशों के बीच अलग-अलग क्षेत्रों में हुए काम और प्रगति पर बात की। हमने यह भी कहा कि आगे चलकर भारत और अमेरिका के रिश्ते को और मजबूत करेंगे।

अमेरिका-ईरान सीजफायर के बाद दोनों नेताओं के बीच पहली बातचीत थी। अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर ने बताया कि फोन कॉल के दौरान पीएम मोदी ने ट्रम्प से कहा, ह्यभारत के लोग आपको पसंद करते हैं ह्व इस पर ट्रम्प ने कहा कि हम सभी आपसे प्यार करते हैं।

सर्जियो गोर ने कहा है कि प्रधानमंत्री मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प के बीच होर्मुज की घेराबंदी के मुद्दे पर चर्चा हुई। उन्होंने यह भी बताया कि आने वाले कुछ दिनों और हफ्तों में भारत और अमेरिका के बीच ऊर्जा से जुड़े बड़े समझौते होने की उम्मीद है। गोर ने कहा है कि भारत और अमेरिका के रिश्ते मजबूत हैं। दोनों देशों के बीच सहयोग लगातार बढ़ रहा है और कई अहम मुद्दों पर साथ मिलकर काम किया जा रहा है। इससे पहले पीएम मोदी और ट्रम्प के बीच 24 मार्च को फोन पर बात हुई थी। उस बातचीत में दोनों नेताओं ने मिडिल ईस्ट के हालात पर बात की थी। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा था कि भारत चाहता है कि तनाव कम हो और जल्द से जल्द शांति बहाल हो।

उन्होंने होर्मुज स्ट्रेट को खुला और सुरक्षित रखने की अहमियत भी बताई थी, क्योंकि इसका असर पूरी दुनिया की अर्थव्यवस्था पर पड़ता है। इस बातचीत को लेकर न्यूयॉर्क टाइम्स ने अज्ञात अमेरिकी अधिकारियों के हवाले से कहा था कि एलन मस्क दोनों नेताओं के बीच हुई बातचीत में शामिल हुए थे। न्यूयॉर्क टाइम्स ने बताया, ह्यमंगलवार को एलन मस्क ने भारत के राष्ट्रपति ट्रम्प और प्रधानमंत्री मोदी के साथ फोन पर बातचीत में भाग लिया।

### भारतीय मूल की स्पीच एंड लैंग्वेज थेरेपिस्ट बर्खास्त

यूके में एक भारतीय मूल की स्पीच एंड लैंग्वेज थेरेपिस्ट साई कीर्तना श्रीपेरंबुदुर को अंग्रेजी ठीक से न समझ पाने और आवेदन में गलत जानकारी देने के आरोप में नौकरी से निकाल दिया गया। कारण यह रहा कि वह मरीजों और सहकर्मियों की बात ठीक से समझ नहीं पा रही थीं। यह मामला जून 2024 का हो, लेकिन इसकी जानकारी अब सामने आई है। कीर्तना ने अक्टूबर 2023 में यॉर्क एंड स्कारबरो टीचिंग हॉस्पिटल्स एनएचएस फाउंडेशन ट्रस्ट जॉइन किया था। जॉइनिंग के कुछ ही समय बाद सहकर्मियों को पता चला कि वह मरीजों और स्टाफ की अंग्रेजी ठीक से समझ नहीं पा रही थीं। स्पीच थेरेपिस्ट होने के बावजूद उन्हें उच्चारण, व्याकरण और बातचीत समझने में समस्या थी। अंततः जून 2024 में उनकी सेवाएं समाप्त कर दी गईं।

# ट्रम्प बोले-ईरान से 2 दिन में बातचीत हो सकती है:आसिम मुनीर का काम बेहतर, इसलिए पाकिस्तान में मीटिंग होने की संभावना

ब्रह्मास्त्र ▸▸ तेल अवीव/तेहरान




अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि ईरान के साथ बातचीत अगले 2 दिनों में फिर से शुरू हो सकती है और इसके लिए पाकिस्तान सबसे ज्यादा संभावित जगह है। उन्होंने एक इंटरव्यू में कहा कि हालात तेजी से बदल रहे हैं, इसलिए बातचीत जल्द शुरू हो सकती है। ट्रम्प ने यह भी कहा कि पाकिस्तान के सेना प्रमुख आसिम मुनीर अच्छा काम कर रहे हैं, इसलिए वहां बातचीत होने की संभावना बढ़ गई है।

इससे पहले ईरान और अमेरिका के बीच 11 अप्रैल को पाकिस्तान के इस्लामाबाद में 21 घंटे सीजफायर वार्ता हुई थी। हालांकि यह वार्ता बिना किसी नतीजे के खत्म हो गई थी। इस्लामाबाद में 11 अप्रैल को सीजफायर वार्ता में अमेरिकी टीम का नेतृत्व उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने किया था।

इस्लामाबाद में 11 अप्रैल को सीजफायर वार्ता में अमेरिकी टीम का नेतृत्व उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने किया था। 15 वॉरशिप तैनात- अमेरिका ने नाकाबंदी लागू करने के लिए 15 से ज्यादा युद्धपोत तैनात किए, जिनमें वरर अब्राहम लिंकन और कई डिस्ट्रॉयर शामिल बताए गए हैं।

चीन का 4 सूत्री प्रस्ताव- चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने मिडिल ईस्ट में शांति के लिए चार सूत्रीय प्रस्ताव देते हुए सभी देशों की संप्रभुता और सुरक्षा का सम्मान जरूरी बताया।

ईरान को अरबों का नुकसान- ईरान का दावा है कि अमेरिका और इजराइल के हमलों से उसे करीब 270 अरब डॉलर का नुकसान हुआ। फिर सीजफायर वार्ता संभव- अमेरिका और ईरान के बीच शांति समझौते को लेकर इस हफ्ते फिर बैठक हो सकती है, इस्लामाबाद और जेनेवा संभावित जगह मानी जा रही हैं। ईरान को अमेरिका पर भरोसा नहीं- ईरान ने अमेरिका पर आरोप लगाया कि वह बातचीत के बजाय अपनी शर्तें थोपना चाहता है और शुरूआत से ही भरोसे के लायक नहीं रहा है।

### दक्षिणी लेबनान के दो कस्बों पर इजरायली हवाई हमले

दक्षिणी लेबनान में इजरायल ने दो अलग-अलग हवाई हमले किए हैं। एक हमला बिंत जुबैल जिले में हुआ, जबकि दूसरा हमला सैडन जिले के बाबलियेह कस्बे पर किया गया। इन हमलों के बाद इलाके में तनाव और बढ़ गया है। फिलहाल नुकसान या हताहतों को लेकर कोई आधिकारिक जानकारी सामने नहीं आई है, लेकिन दक्षिणी लेबनान में लगातार हो रहे हवाई हमलों से हालात गंभीर बने हुए हैं। हिज्बुल्लाह ने दावा किया है कि उसके लड़ाकों ने पिछले 24 घंटों में 34 सैन्य हमले किए हैं। संगठन के मुताबिक, इन हमलों में इजराइल की बस्तियों, सैनिक जमावड़ों और सैन्य वाहनों को निशाना बनाया गया। बताया गया है कि हमले दक्षिणी सीमा क्षेत्र और उत्तरी इजराइल के कई ठिकानों पर किए गए हैं। हालांकि, इन दावों की स्वतंत्र पुष्टि अभी नहीं हो सकी है और इजराइल की ओर से इस पर तत्काल कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है।

## अंतर ढूंढो...






## सूडोकू

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | | | 9 | | 6 | 1 | | 8 |
| 6 | 8 | | | | | | | |
| | 1 | 7 | 3 | 8 | | 4 | | |
| 3 | 4 | | 6 | | 7 | | | 9 |
| 5 | | 1 | 8 | | | 2 | | 7 |
| 2 | | | 5 | | 1 | | 8 | 4 |
| | | 3 | | 7 | 5 | 8 | 6 | |
| | | | | | | | 9 | 5 |
| 7 | | 6 | 2 | | 8 | | | 1 |

## पिछले सुडोकू का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 9 | 8 | 3 | 5 | 6 | 1 | 7 | 4 |
| 4 | 5 | 3 | 2 | 1 | 7 | 9 | 8 | 6 |
| 7 | 1 | 6 | 4 | 8 | 9 | 2 | 5 | 3 |
| 8 | 2 | 5 | 6 | 9 | 1 | 3 | 4 | 7 |
| 3 | 6 | 4 | 7 | 2 | 5 | 8 | 1 | 9 |
| 1 | 7 | 9 | 8 | 3 | 4 | 5 | 6 | 2 |
| 5 | 4 | 1 | 9 | 7 | 2 | 6 | 3 | 8 |
| 6 | 3 | 2 | 1 | 4 | 8 | 7 | 9 | 5 |
| 9 | 8 | 7 | 5 | 6 | 3 | 4 | 2 | 1 |

## वर्ग पहेली




**बाएं से दाएं**

1. साले की पत्नी-4
3. उच्च कुल का-3
5. पाताल-4
8. व्यंग्य, चुटीली बात-2
10. दुख, कष्ट-2
11. शराब का प्याला-2
13. सत्य, तेज-2
14. जुड़वा-3
15. विश्राम, राहत-3
17. मक्का-मदीना की यात्रा-2
19. झुका हुआ-2
20. टैक्स, हाथ-2
21. होट, अधर-2
23. सुरक्षित-4
25. नाश, विनाश, विध्वंस-3
26. निश्चित-4

**ऊपर से नीचे**

1. नदी-3
2. संपत्ति, धन-2
3. वंश, खानदान-2
4. उत्तमता, परिष्कृतता-4
6. समुद्र, दरिया-3
7. अंधकार-2
9. जो जायज न हो-4
12. संस्कृत में 'मेरा'-2
13. सपाट-4
16. जांघ-2
17. पैगंबर, महापुरुष-4
18. रनिवास (उर्दू-3)
20. हुनर, फन-2
22. देह, काया-3
23. गलत का विलोम-2
24. निश्चित-2

## पिछले वर्ग पहेली का हल



## माथा पच्ची

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 59 | | 38 | | 27 | | 17 | – | 31 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 35 | | 15 | | 25 | | 17 | – | 42 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 25 | | 2 | | 2 | | 20 | – | 45 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 13 | | 1 | | 50 | | 15 | – | 48 |
| – | ■ | – | ■ | – | ■ | – | ■ | – |
| 36 | | 22 | | 0 | | 5 | = | 78 / 19 |

## शब्दों का जाल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ए | म | मा | हैं. | ब | गे | ट | सिं | ह | क | वि |
| हा | न | सू | ह | म | ल | जी | स | ल | न | ज |
| सु | वी | गो | द | अं | बो | त | र | थ | ल | टी. |
| कु | र | दा | पा | ल | क | ह | बा | ह | व | ए |
| मा | जे. | न | ध | छ | म | मी | र | म्म | सी | स. |
| र | मी | ए | स | जि | स्वा | क | प | सिं | गु | कृ |
| से | ह | यु | म. | ठ | म | मी | टे | वी. | ह | ष्ण |
| न | पू | सु | पा | लिं | पं. | सी | ल | वी. | बा | मू |
| मों | रे | क | सू | ह | ग | बे | बे | ट | न | र्ति |
| आ | र. | के. | त्रि | वे | दी | दो | ह | ह | क | थ |
| टी. | ए | न | शे | प | न | इ | ह | न | ह | धी |


## अष्टयोग

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | | 7 | | | 5 | |
| 2 | 28 | | 40 | 7 | 35 | |
| | | 5 | 6 | 4 | | 3 |
| 5 | 28 | | 38 | | 34 | 1 |
| 4 | 2 | | | | 1 | 7 |
| | 31 | 2 | 24 | 1 | 30 | |
| 7 | | 1 | 4 | | | 5 |


## रंग भरकर चित्र बनाओ



## रास्ता खोजों...



## रंग भरकर चित्र बनाओ



# युद्ध की मार: मध्यप्रदेश का नमकीन 20 से 40 रुपए किलो तक महंगा

# गल्फ देशों में सप्लाई ठप; 80 देशों का नमकीन एक्सपोर्ट प्रभावित



## मप्र में खाना महंगा, 400 की थाली अब 800 में

### दुबई, ओमान, यूएसए तक जाता है इंदौरी नमकीन

- इंदौर से रोजाना करीब 100 टन नमकीन देश-विदेश में भेजा जाता है।
- यह सप्लाई भारत के विभिन्न राज्यों के साथ-साथ 80 से अधिक देशों तक पहुंचती है।
- 1600 नमकीन निर्माता सक्रिय हैं, जिनमें 1200 दुकानें और 400 बड़े कारखाने हैं।
- संगठित क्षेत्र में 150 बड़े कारखाने और 300 प्रमुख दुकानें हैं।
- प्रतिदिन 150 से 200 टन नमकीन तैयार होता है। लगभग 25 टन नमकीन रोजाना विदेश जाता है।

**देश की नमकीन राजधानी माने जाने वाले इंदौर का नमकीन उद्योग इस समय दोहरी चुनौतियों से जूझ रहा है। एक ओर उत्पादन लागत में तेज बढ़ोतरी के कारण नमकीन के दाम 20 से 40 रुपए प्रति किलो तक बढ़ गए हैं, वहीं दूसरी ओर ईरान-इजराइल-अमेरिका के बीच बढ़ते तनाव का असर एक्सपोर्ट पर साफ दिखाई दे रहा है।**

अनिश्चित हालात के चलते निर्यात ऑर्डर करीब आधे रह गए हैं और गल्फ देशों में सप्लाई लगभग ठप हो गई है, जिससे करोड़ों रुपए के कारोबार पर असर पड़ा है। इंदौर से रोजाना करीब 100 टन नमकीन देश-विदेश में भेजा जाता है। यह सप्लाई भारत के विभिन्न राज्यों के साथ-साथ 80 से अधिक देशों तक पहुंचती है। हालांकि मौजूदा हालात में घरेलू बिक्री (डोमेस्टिक सेल) के साथ-साथ अंतरराष्ट्रीय (इंटरनेशनल) कारोबार भी प्रभावित हुआ है। इंदौर नमकीन मिठाई महासंघ के सचिव अनुराग बोथरा के मुताबिक, लागत बढ़ने के कारण नमकीन की कीमतों में औसतन 20 रुपए प्रति किलो तक की वृद्धि हुई है, जिससे ग्राहकी पर असर पड़ा है। उन्होंने बताया कि पीएनजी गैस की सीमित उपलब्धता (करीब 60%) और मूंगफली तेल के दाम बढ़ने से उत्पादन लागत बढ़ी है।

### नमकीन महंगा होने के 3 प्रमुख कारण



**मूंगफली तेल की बढ़ती कीमत**
इंदौर में अधिकांश नमकीन मूंगफली तेल में तैयार होता है। हाल के समय में मूंगफली तेल के दाम तेजी से बढ़े हैं। इसके पीछे एक बड़ा कारण पाम ऑयल का महंगा होना है, क्योंकि युद्ध के चलते इसका आयात प्रभावित हुआ है। वहीं, इस वर्ष मूंगफली की फसल का बड़े पैमाने पर खराब होना भी कीमत बढ़ने की अहम वजह है।

**पैकिंग मटेरियल महंगा**
नमकीन उद्योग में उपयोग होने वाला पैकिंग मटेरियल लगभग दोगुना महंगा हो गया है। पहले जो मटेरियल 190-195 रुपए प्रति किलो मिलता था, वह अब बढ़कर 300-350 रुपए प्रति किलो तक पहुंच गया है। इससे कुल उत्पादन लागत पर सीधा असर पड़ा है।

**पीएनजी गैस की कमी और महंगाई**
पीएनजी गैस की सप्लाई कंपनियों द्वारा करीब 60% तक सीमित कर दी गई है। इससे उत्पादन प्रभावित हुआ है और कई यूनिट्स में प्रोडक्शन घट गया है। उत्पादन कम होने के कारण लागत बढ़ी है, जिसका असर नमकीन की कीमतों पर पड़ा है।

### दाम आगे भी बढ़ने के संकेत

इंदौर के नमकीन बाजार में कीमतों को लेकर अनिश्चितता बनी हुई है। इंदौर नमकीन मिठाई महासंघ के सचिव अनुराग बोथरा ने बताया कि अभी जो दाम बढ़ाए गए हैं, वे सालभर स्थिर रहेंगे, इसकी कोई गारंटी नहीं है। मौजूदा युद्ध जैसी परिस्थितियों को देखते हुए आने वाले समय में कीमतें और बढ़ सकती हैं। उनका कहना है कि अगले 10 दिनों में क्या स्थिति होगी, इसका भी अनुमान लगाना मुश्किल है।




**नमकीन उद्योग में इस्तेमाल होने वाली हींग की कीमतों में भी 5% से 15% तक की बढ़ोतरी दर्ज की गई है, जिससे लागत और बढ़ गई है।**

### 40 रुपए किलो तक की बढ़ोतरी

नमकीन व्यापारी हीतेश जैन के मुताबिक, सामान्य नमकीन जो पहले 260 से 280 रुपए प्रति किलो मिलता था, अब 280 से 300 रुपए प्रति किलो हो गया है। वहीं प्रीमियम नमकीन 280झ300 रुपए से बढ़कर 300 से 340 रुपए प्रति किलो तक पहुंच गया है। एक्स्ट्रा प्रीमियम नमकीन, जिसमें ड्रायफ्रूट्स का उपयोग होता है, उसमें करीब 40 रुपए प्रति किलो तक की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। उन्होंने बताया कि मूंगफली तेल, मिर्च-मसाले और पैकिंग सामग्री महंगी होने के कारण लगभग 20 रुपए प्रति किलो तक कीमत बढ़ानी पड़ी है।



### विदेश पहुंचने का समय दोगुना हुआ

इंदौर में सेंव की खपत भी काफी अधिक है। शहर में रोजाना करीब 45 टन सेंव की खपत होती है। संगठित क्षेत्र के कारखानों में प्रतिदिन 30 टन सेंव तैयार होती है, जिसमें से 15 टन शहर में खपती है, जबकि असंगठित क्षेत्र के छोटे कारोबारी करीब 30 टन सेंव का उत्पादन कर स्थानीय मांग पूरी करते हैं।

वैश्विक हालात का असर निर्यात पर भी साफ दिखाई दे रहा है। पहले इंदौर से दुबई या ओमान तक नमकीन पहुंचने में करीब 30 दिन लगते थे, लेकिन अब सुरक्षित मार्गों से भेजने पर 60 दिन तक का समय लग रहा है, जिससे लॉजिस्टिक लागत दोगुनी हो गई है।

इसी तरह यूएसए और कनाडा में पहले 40झ45 दिन में पहुंचने वाला माल अब 90 दिन तक ले रहा है। खाड़ी देशों के लिए सप्लाई फिलहाल पूरी तरह से प्रभावित है। निर्यातकों के अनुसार 40 से 50 कंटेनर रास्ते में फंसे हुए हैं, जिससे उत्पादन और सप्लाई समय 25झ30 दिन से बढ़कर 50-60 दिन हो गया है और व्यापारियों की चिंता बढ़ गई है।



■ वर्ष-12 अंक-161 मूल्य- 2 रु. मध्यप्रदेश | छत्तीसगढ़ | गुजरात | महाराष्ट्र | राजस्थान | उत्तरप्रदेश | उत्तरांचल मालवा डिवीजन 402/2024-2026 आर एन आई क्रमांक 2013/57651

## सुभाषितानि

अव्याकरणमधीतं भिन्नद्रोण्या तरंगिणी तरणम्।
भेषजमपथ्यसहितं त्रयमिदमकृतं वरं न कृतम्।।

**भावार्थ** : बिना व्याकरण के पढ़ना, टूटी हुई नाव से नदी पार करना और अनुपयुक्त आहार के साथ दवा लेना- ऐसा करने से बेहतर है कि इसे न करें।

यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत। अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्॥

# दैनिक ब्रह्मास्त्र

उज्जैन, बुधवारः 15 अप्रैल, 2026

दानं प्रियवाक्सहितं ज्ञानमगर्वं क्षमान्वितं शौर्यम्।
वित्तं दानसमेतं दुर्लभमेतत् चतुष्टयम्।।

**भावार्थ** : प्रेम वचन से दिया हुआ दान, अहंकार रहित ज्ञान, क्षमाशील वीरता और दान की इच्छा से धन-ये चारों दुर्लभ हैं।

## कृते उत्साहवर्धक-संकेतरूपेण कार्यं करोति

ब्रह्मास्त्र ▸▸ भोपाल

अपि च, जबलपुरं 'महानगरनगरम्' इति घोषयितुं मुख्यमन्त्री संकल्पः, गुरुयोजनायां उल्लिखितानां सूचनाप्रौद्योगिकीक्षेत्रस्य विशेषप्रावधानैः सह निवेशकानां विश्वासं अधिकं वर्धितवान्। इत्यत्र युवानः व्यावसायिकाः अस्य तथ्यस्य विषये उत्साहिताः सन्ति यत्, निकटभविष्यत्काले, अत्र एकः सुदृढः पारिस्थितिकीतन्त्रः उद्भवति-यत् न केवलं सेवा-आधारित-स्टार्टअप-संस्थानां अपितु उत्पाद-आधारित-स्टार्टअप-संस्थानां अपि पूर्तिं करिष्यति अपि च, नूतनभवनेषु काल-केन्द्राणां, आँकडा-प्रबन्धन-सेवानां च कृते स्थानं आरक्षितम् अस्ति, येन विविधाः रोजगार-अवकाशाः उत्पद्यन्ते। सामाजिकमाध्यमविशेषज्ञाः मन्यन्ते यत् यदि एषा गतिः निरन्तरं भवति तर्हि जबलपुरः शीघ्रमेव मध्यभारतस्य बृहत्तमेषु प्रौद्योगिकीकेन्द्रेषु अन्यतमः इति स्थापितः भविष्यति।

## सम्पादकीयम्

### दक्षिण पारस गैस क्षेत्र

पश्चिमे एशियायां 'ऊजार्युद्धम्' : तेल-गैस-सुविधासु आक्रमणेन कम्पितम् वैश्विक-बाजारम्; मन्दतायाः खतरा वर्तते इरान्देशे यः संघर्षः आरब्धः सः अधुना 'ऊजार्युद्धम्' इति परिणतम्, यत्र उभयपक्षः तैलस्य, गैसस्य च आधारभूतसंरचनायाः लक्ष्यं कृतवान्। एतेषां आक्रमणानां कारणेन वैश्विक ऊर्जाविपण्यं क्षोभं जातम्, येन तैलस्य, गैसस्य च मूल्येषु तीव्रगत्या वृद्धिः अभवत्। आपूर्तिविघटनेन वैश्विकमन्दतायाः जोखिमः वर्धितः अस्ति। प्रारम्भे इरान्देशे शासनपरिवर्तनस्य विषये यः संघर्षः आरब्धः-तस्य परमाणुकार्यक्रमस्य विघटनस्य बहाने च-अधुना ऊजार्युद्धे परिणतः उभयपक्षः परस्परं तैल-गैस-अन्तर्गत-संरचनानां नाशं कर्तुं प्रवृत्तौ स्तः। एतेन संघर्षेण वैश्विकऊर्जाविपण्यद्वारा आघाततरङ्गाः प्रेषिताः। युक्रेनयुद्धस्य आरम्भात् एव गैसस्य, तैलस्य च मूल्यं सर्वोच्चस्तरं प्राप्तवान् अस्ति। फलतः जगत् मन्दगतिषु स्खलितुं शक्नोति इति भयं तीव्रं भवति। पारस्-नगरं लक्ष्यं कृत्वा : इजरायल्-देशः प्रथमतया आक्रमणं कृतवान्, दक्षिणपास्-गैसक्षेत्रे आक्रमणं कृतवान्। तदनन्तरं प्रतिकाररूपेण इरान्-देशः कतार-सऊदी-अरब-देशयोः तैल-गैस-सुविधासु आक्रमणं कृतवान्। दक्षिणपास् विश्वस्य बृहत्तमः प्राकृतिकवायुभण्डारः अस्ति, यः कतारदेशपर्यन्तं विस्तृतः अस्ति । इरान्-देशस्य घरेलु-ऊर्जा-आवश्यकतानां पूर्तये।

वायरल सनसनी मोनालिसा नाबालिगः इति प्रकटितः

## पतिस्य फरमानखानस्य विरुद्धं यौनअपराधात् बालकानां संरक्षणस्य



ब्रह्मास्त्र ▸▸ भोपाल

मोनालिसा-महाकुम्भ-काले वायरल्-प्रसिद्धिं प्राप्तवती युवती-पुनः एकवारं प्रमुख-विवादस्य केन्द्रे अभवत् अस्मिन् समये प्रकरणं गम्भीरं कानूनीरूपं गृहीतवान् यतः अन्वेषणैः ज्ञातं यत् विवाहसमये सा नाबालिगः आसीत्। अस्य प्रकाशनस्य अनन्तरं तस्याः पतिस्य फरमानखानस्य विरुद्धं यौनअपराधात् बालकानां संरक्षणस्य अधिनियमस्य अन्तर्गतं प्रकरणं पञ्जीकृतम् अस्ति, येन एषः विषयः कानूनीदृष्ट्या अत्यन्तं संवेदनशीलः अभवत्।

अस्य प्रकरणस्य अन्वेषणं अनुसूचितजनजातीनां राष्ट्रियआयोगेन कृतम्, यस्मिन् आरोपः कृतः यत् मोनालिसा इत्यस्याः वास्तविकजन्मतिथिः ३० दिसम्ब २००९ अस्ति। अस्य आधारेण तस्याः विवाहसमये सा प्रायः १६ वर्षीयः आसीत्-एषा आयुः यस्मिन् व्यक्तिः कानूनानुसारं नाबालिगः इति गण्यते आयोगेन अपि दावितं यत् विवाहसमारोहाय तस्याः यथार्थवयोः गोपनार्थं जालपुटं निर्मितम् आसीत्।

अस्मिन् विषये कठोरं वृत्तं स्वीकृत्य आयोगेन मध्यप्रदेशस्य केरलस्य च पुलिसमहानिदेशकान् (डीजीपी) सम्मनपत्रं जारीकृत्य 22 एप्रिल दिनाङ्के दिल्लीनगरे उपस्थिताः भवेयुः इति निर्देशः दत्तः। एतत् स्पष्टतया सूचयति यत् इदानीं एषः प्रकरणः राज्यस्तरं अतिक्रम्य राष्ट्रियस्तरस्य गम्भीरगुरुत्वाकर्षणेन व्यवहारः क्रियते। मोनालिसा-फरमानखानयोः विवाहः मार्च-मासस्य ११ दिनाङ्के केरल-देशस्य पूवर-नगरे स्थिते मन्दिरे अभवत्। विवाहे प्रारम्भे महत्त्वपूर्णं ध्यानं प्राप्तम् यतः अस्मिन् विवाहे अनेके राजनैतिकगणमान्यजनाः उपस्थिताः आसन्, सामाजिकसौहार्दस्य प्रतीकत्वेन च प्रशंसितः। परन्तु तस्याः नाबालिगत्वस्य विषये आरोपानाम् अनन्तरं तदनन्तरं पोक्सो-प्रकरणस्य कारणात् सः एव विवाहः अधुना विवादे उलझितः अस्ति। यवसायेन अभिनेता, आदर्शः च इति कथ्यते यत् फरमानखानः अधुना कानूनी अन्वेषणस्य व्याप्तेः अन्तर्गतः अस्ति। पोक्सो-अधिनियमस्य अन्तर्गतं प्रकरणस्य पञ्जीकरणस्य तात्पर्यं भवति यत्, यदि आरोपाः सिद्धाः भवन्ति तर्हि कठोरदण्डस्य प्रावधानाः सन्ति। अस्मिन् विधानस्य अन्तर्गतं नाबालिगेन सह वैवाहिकः शारीरिकः वा सम्बन्धः यः कोऽपि प्रकारः आपराधिकः अपराधः भवति, यद्यपि सः सहमत्या अभवत् वा न वा कानूनीविशेषज्ञानाम् अनुसारम् अस्य प्रकरणस्य अनेकाः महत्त्वपूर्णाः पक्षाः आगामिषु चरणेषु संवीक्षणं करिष्यन्ति।

जबलपुरे एकस्मिन्

## महत्त्वपूर्णे प्रशासनिक राजनैतिकप्रकरणे एकः प्रमुखः निर्णयः

ब्रह्मास्त्र ▸▸ जबलपुर

मध्यप्रदेशस्य जबलपुरे एकस्मिन् महत्त्वपूर्णे प्रशासनिकराजनैतिकप्रकरणे एकः प्रमुखः निर्णयः उद्भूतः यत्र कविता रैकवारस्य अन्यपिछड़ावर्गस्य जातिप्रमाणपत्रं-हनुमन्तलवार्डस्य पार्षदस्य-अमान्यं घोषितम् अस्ति। विस्तृतपरीक्षायाः अनन्तरं पश्चात्तापवर्गस्य उच्चस्तरीयपरीक्षासमित्या निष्कर्षः कृतः यत प्रमाणपत्रं स्थापितानां नियमानाम् विपरीतरूपेण प्राप्तम् इति। अस्य निर्णयस्य पश्चात् पार्षदस्य सदस्यतायाः उपरि अनिश्चिततायाः मेघाः उत्पन्नाः, अस्य विषयस्य कारणेन स्थानीयराजनीतिषु हलचलः उत्पन्नः।

समाचारानुसारं कविता रैकवारा भारतीयजनतापक्षस्य टिकटं प्रतिस्पर्धां कुर्वन्ती एव अस्य ओबीसी प्रमाणपत्रस्य विशेषतया अवलम्ब्य निर्वाचनविजयं सुरक्षितवती आसीत्। सा आरोपानाम् सामनां कृतवती यत् सा मूलतः सामान्यवर्गस्य अस्ति किन्तु निर्वाचनं प्रतिस्पर्धयितुं एकमात्रप्रयोजनार्थं स्वस्य उपनाम परिवर्त्य तदनन्तरं उपविभागीयदण्डाधिकारी कार्यालयात् प्रमाणपत्रं प्राप्तवती एषः विषयः दीर्घकालं यावत् विवादस्य विषयः आसीत्, काङ्ग्रेसनेता राजेन्द्र सराफ इत्यनेन औपचारिकशिकायतया कृता।

सम्पूर्णः प्रकरणः तदा आरब्धः यदा राजेन्द्र सराफः उच्चन्यायालये प्रमाणपत्रस्य वैधतां चुनौतीं दत्त्वा याचिकाम् अङ्गीकृतवान्। २०२२ तमे वर्षे न्यायालयेन प्रकरणस्य गम्भीरताम् अङ्गीकृत्य उच्चस्तरीयपरीक्षासमित्याः समक्षं प्रकरणं निर्दिष्टम्। तदनन्तरं २०२३ तमे वर्षे-प्रारम्भिकजाँचस्य आधारेण-समित्या प्रमाणपत्रं संदिग्धं मन्य अमान्यं घोषितम्; तथापि अस्य आदेशस्य पूर्णकार्यन्वयनसम्बद्धा स्थितिः अस्पष्टा एव अभवत्।

## राशिफल

**मेष** : आज मेष राशि वालों के लिए आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। आपको थोड़ा कंट्रोल भी रखना होगा रहें।

**वृषभ** : आज वृषभ राशि वालों का ग्रहों के कारण मन परेशान रहेगा। आत्मविश्वास में कमी रहेगी, इसलिए आपको कई अटक सकते हैं।

**मिथुन** : मिथुन राशि वालों के लिए समय उत्तम है। आपको इस समयः आत्मविश्वास से परिपूर्ण रहेंगे।

**कर्क** : कर्क राशि वालों के लिए आपका दांपत्य सुख अच्छा रहेगा, आपकी अपनी इनमक में बढ़ोतरी होगी।

**सिंह** : सिंह राशि वालों का मन प्रसन्न तो रहेगा, परंतु आत्मविश्वास में कमी हो सकती है। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा।

**कन्या** : कन्या राशि वालों को इस खुद पर थोड़ा कंट्रोल करना होगा। धैर्यशीलता बनाए रखने का प्रयास करें।

**तुला** : तुला राशि वालों के लिए आत्मविश्वास में कमी रहेगी। मन में उतार-चढ़ाव भी रहेगा। कारोबार में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक** : वृश्चिक राशि वालों का मन परेशान हो सकता है। माता-पिता की सेहत का ध्यान रखें। भागदौड़ अधिक रहेगी।

**धनु** : धनु राशि के लिए आत्मविश्वास में कमी रहेगी। मन भी परेशान हो सकता है, लेकिन इससे परेशान ना हों।

**मकर** : पारिवारिक मामलों में सावधानी रखें। किसी लेनदेन में समस्या आ सकती है। धैर्य से काम लें और बड़ों की बात मानें।

**कुंभ** : कुंभ राशि वाले आज आत्मविश्वास से परिपूर्ण रहेंगे। पठन-पाठन में रुचि बढ़ सकती है।

**मीन** : नए लोगों से जुड़कर आपको फायदा मिलेगा। आपकी बातों और व्यवहार से लोग प्रभावित होंगे।

## ज्योतिष/वास्तु

# 17 अप्रैल को शनि का गोचर, जानें किन राशि वालों को मिलेगी तरक्की और किसे चुनौतियां

शनि नक्षत्र गोचर से कुछ राशियों को मेहनत का पूरा फल, लाभ और तरक्की मिल सकती है। लेकिन कुछ को सतर्क रहने की जरूरत होगी। ऐसे में आइए मेष से मीन तक के राशिफल को जानते हैं।

इस साल शनि मीन राशि में रहने वाले हैं और यहां रहते हुए वह नक्षत्र पद गोचर करेंगे। बता दें, 17 अप्रैल 2026 को शाम 4 बजकर 5 मिनट पर शनि उत्तराभाद्रपद नक्षत्र के चौथे चरण में प्रवेश करेंगे। ज्योतिष शास्त्र में शनि को न्याय और कर्म का कारक माना जाता है और उनका शुभ प्रभाव व्यक्ति के संघर्षों का मनचाहा परिणाम, सफलता और लाभ के अवसर प्रदान करता है। चूंकि शनि की चाल बेहद धीमी होती है, इसलिए इनका हर छोटा बदलाव भी जीवन पर गहरा असर डालता है, जो एक लंबे समय तक प्रभावी रहता है। ऐसे में शनि का यह परिवर्तन भी 12 राशियों के लिए शुभ-अशुभ परिणामों से भरा रहने वाला है। इस दौरान कुछ को लाभ, तो कुछ राशियों के जीवन में उतार-चढ़ाव देखने को मिल सकते हैं। आइए इनके बारे में जानते हैं।

**मेष** – मेष राशि वालों को विशेष लाभ की प्राप्ति हो सकती हैं। लेकिन जल्दबाजी से बचना होगा। धैर्य और सही निर्णय आपको आगे बढ़ाएंगे। निवेश से अच्छा रिटर्न देखने को मिलेगा।

**वृषभ राशि**– वृषभ राशि वालों को लापरवाही भारी पड़ सकती है। वाहन चलाते समय ध्यान रखें। दैनिक कार्यों में विशेष सावधानी बरतें। सेहत आपको परेशान कर सकती है।

**मिथुन राशि**– मिथुन राशि के लोगों को सेहत को लेकर सतर्क रहने की आवश्यकता रहेगी। छोटी समस्याओं को नजरअंदाज करना आपके आगे परेशानी दे सकता है। इस समय विवाह को लेकर भी कई तरह की बाधाएं आ सकती हैं।

**कर्क राशि**– कर्क राशि वालों के लिए समय सामान्य रह सकता है। निवेश करने से फिलहाल बचें। आर्थिक मामलों में सोच-समझकर कदम उठाना ही बेहतर रहेगा। धन लाभ के लिए अधिक मेहनत करनी होगी।

**सिंह राशि**– सिंह राशि वालों के लिए समय लकी साबित होने वाला रहेगा। आपके लिए यह समय कुछ नए बदलाव और खुशखबरी लेकर आ सकता है। रुके हुए काम पूरे होने के योग बनेंगे और आत्मविश्वास बढ़ेगा।

**कन्या राशि**– कन्या राशि वालों को लाभ के अच्छे संकेत हैं। व्यापार में अच्छा नाम कमा सकते हैं। कला के क्षेत्र में कोई शुभ समाचार के योग हैं। करियर और आर्थिक स्थिति में सुधार देखने को मिल सकता है।

**तुला राशि**– तुला राशि वालों के लिए समय चुनौतियों लेकर आ सकता है। आपको सतर्क रहने की जरूरत है। रिश्तों और कार्यक्षेत्र में संतुलन बनाए रखना जरूरी होगा।

**वृश्चिक राशि**– आपके लिए समय सामान्य रहेगा। कोई बड़ा बदलाव नहीं होगा, लेकिन नियमित प्रयास जारी रखें। सेहत को लेकर आपको ध्यान रखना होगा। नए लोगों से मेलजोल बढ़ सकता है।

**धनु राशि**– धनु राशि वालों के लिए समय खास रहेगा, क्योंकि व्यापार में मनचाहे लाभ के योग बन रहे हैं। नए अवसर मिल सकते हैं और भाग्य का साथ मिलेगा। नौकरी की प्राप्ति होगी।

**मकर राशि**– मकर राशि वालों के लिए यह गोचर सकारात्मक साबित हो सकता है। मेहनत का अच्छा परिणाम मिलेगा। निवेश में लाभ होगा। व्यापार विस्तार की योजनाएं सफल होती दिखेंगी।

**कुंभ राशि**– कुंभ राशि वालों को शनि की कृपा से लाभ के संकेत हैं। लंबे समय से अटके काम पूरे हो सकते हैं। इस दौरान नए लोगों से मिलेंगे। घर लेने का सपना पूरा होगा।

**मीन राशि**– मीन राशि वालों के लिए समय सामान्य रहेगा। जल्दबाजी से बचें और धैर्य के साथ आगे बढ़ें। इस दौरान आप वाहन खरीद सकते हैं। नए लोग जीवन में दस्तक देंगे।

## खबर एक नजर...

### नरवर में मिली वृद्ध की लाश, शिनाख्त के प्रयास

**उज्जैन।** नरवर थाना क्षेत्र में ग्राम पंचायत भवन के सामने बनी दुकानों के पास मंगलवार को एक वृद्ध की लाश मिलने की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची थी। ग्राम पंचायत के सरपंच ने मृतक वृद्ध को सफेद कपड़े से ढंक दिया था। थाना प्रभारी बल्लू मंडलोई ने बताया कि मृतक 60 साल के लगभग का है। उसके पास से पहचान का कोई दस्तावेज नहीं मिला है। आसपास के लोगों से पूछताछ करने पर पता चला कि कुछ दिनों से क्षेत्र में घूमता दिखाई दे रहा था। आशंका जताई जा रही है कि बीमारी और भूख की वजह से उसकी मौत हुई है। फिलहाल मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम कक्ष भेजा गया है। परिजनों का पता लगाने के प्रयास किये जा रहे है। शिनाख्त नहीं होने पर शव को दफनाया जायेगा।

### रेलवे स्टेशन पर दिल का दौरा पड़ने से वृद्ध की मौत

**उज्जैन।** इंदौर के सालवी बाखल के रहने वाले मोतीलाल पिता सागरमल खत्री 66 साल ट्रेन से उज्जैन पहुंचे थे। प्लेटफार्म नम्बर 8 पर अचानक तबीयत बिगड़ने पर गिर पड़े। घटना की जानकारी मिलते ही जीआरपी थाना प्रधान आरक्षक दयाशंकर मौके पर पहुंचे और अस्पताल लाया गया। जहां डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद दिल का दौरा पड़ने पर मौत होने की पुष्टि की। मृतक वृद्ध के पास मिले दस्तावेज और मोबाइल से उनकी पहचान कर परिजनों को सूचना दी गई। अस्पताल पहुंचे परिजनों ने बताया कि मोतीलाल उज्जैन में रहने वाले रिश्तेदारों से मिलने आये थे। जीआरपी ने मंगलवार सुबह पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा। अंतिम संस्कार के लिये शव इंदौर ले जाया गया है।

### जमीन को लेकर 2 परिवारों के बीच विवाद, 4 घायल

**उज्जैन।** भैरवगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम गोयला बुजुर्ग में रहने वाली रुकमाबाई लौहार ने पड़ोस में रहने वाले से प्लाट का सौदा किया था। मंगलवार सुबह रुकमाबाई अपने पुत्र अर्जुन पिता कैलाश लौहार, लखन लौहार, पोते युग के साथ प्लाट पर सामान रखने पहुंची। इसी दौरान सौदा करने वाले पड़ोसी के रिश्तेदार ईश्वर ने सामान रखने से मना किया और प्लाट अपना होना बताया। रुकमा ने ईश्वर से कहा कि तेरे काका से सौदा किया है। जिस पर ईश्वर ने अपने साथी अंतरसिंह, राम, बाबू और अन्य के साथ मिलकर हमला कर दिया। रुकमाबाई के पुत्रों ने भी ईश्वर और उसके साथियों के साथ मारपीट की। रुकमाबाई की ओर से दोनों पुत्र और पोता घायल हो गये। वहीं ईश्वर और उसके साथियों को भी चोंट आई। पुलिस ने मामले में क्रास प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया है।

### कब्जा करने से रोका तो होटल में की तोड़फोड़

**उज्जैन।** तराना थाना क्षेत्र के ग्राम सनकोटा एबीरोड पर सात्विक होटल संजय पिता शिवनारायण शिवहरे की है। कुछ महिनों पहले एग्रीमेंट कर किराये पर समाज के ही प्रवीण पिता बाबूलाल शिवहरे निवासी ग्राम झोंकर मक्सी को दी थी। प्रवीण ने होटल पर कब्जा कर लिया। संजय को पता चला तो उसने होटल छोड़ने की बात कहीं। प्रवीण ने अपने चार साथियों के साथ मिलकर होटल में तोड़फोड़ कर दी और संजय को जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने संजय की शिकायत पर प्रवीण और उसके चार अन्य साथियों के साथ मारपीट, तोड़फोड़ और जान से मारने की धमकी देने का प्रकरण दर्ज किया है।

| | | |
|---|---|---|
| दिन | 460-0 | 229-3 |
| मेन बाजार | 230-5 | 245-1 |
| मिलन डे | 480-2 | 700-7 |
| मिलन नाइट | 110-2 | 240-6 |

6 7 0

### त्रिवेणी हिल्स में दर्दनाक हादसा, 2 मासूम आईसीयू में भर्ती

# जहरीली गैस से थमी 2 मासूम नन्ही बहनों की सांसे

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

त्रिवेणी हिल्स में मंगलवार को दर्दनाक हादसा होना सामने आया। नाना के घर आये चार मासूम नाती जहरीली गैस के प्रभाव में आ गये। उपचार के दौरान डेढ़ माह की बालिका की मौत हो गई। 3 मासूमों का आईसीयू में उपचार जारी है।

भूखी माता मंदिर मार्ग पर ईंट भट्टा संचालित करने वाले लालचंद प्रजापत का इंदौररोड स्थित त्रिवेणी हिल्स में मकान बना हुआ है। उन्होंने अपनी एक बेटी पूजा का विवाह शाजापुर के तालाब की पाल में रहने वाले राहुल प्रजापत के साथ किया था। दूसरी बेटी रीना का कायथा में रहने वाले बंटी उर्फ हेमंत प्रजापत के साथ विवाह



हुआ था। दोनों बेटियां कुछ दिन पहले अपने पिता के घर त्रिवेणी हिल्स आई थी। पूजा के साथ उसकी 5 साल की बेटी जेनिशा और डेढ़ माह की बेटी त्रिशा भी आये थे। रीना भी अपने बच्चों बाबू साढ़े तीन माह और अन्नु उर्फ हनिका 4 साल को साथ लेकर आई हुई थी। सोमवार-मंगलवार रात कमरे में सोते समय

**गेहूं के ड्रमों में रखी थी कीटनाशक**

पुलिस की प्रारंभिक जांच और पूछताछ में पता चला है कि मासूमों के नाना ने चार क्विंटल गेहूं चार ड्रमों में भरकर रखा था। गेहूं में कीड़े ना लगे इसको लेकर कीटनाशक दवा भी रखी गई। रात में चारों मासूम अपनी मां के साथ उसी कमरे में सोये थे, जहां गेहूं के ड्रम रखे थे। कमरे में वेंटिलेशन नहीं था, जिसके चलते गेहूं में रखे कीटनाशक की गैस कमरे में फैली और चारों मासूम प्रभाव में आ गये। कम उम्र के होने पर उन पर जहरीली गैस का प्रभाव काफी अधिक हुआ और हालत बिगड़ गई। घटनाक्रम के बाद से प्रजापत परिवार की आंखों से आंसू नहीं थम रहे थे।

चारों मासूम बच्चों की तबीयत बिगड़ गई। त्रिशा की हालत काफी खराब होने पर उसे मंगलवार सुबह निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां डॉक्टरों ने परीक्षण के दौरान पाया कि नन्ही बालिका की हालत गंभीर है। उसे आईसीयू में भर्ती किया गया, कुछ देर बाद जेनिशा, अन्नू उर्फ हनिका और बाबू को भी परिवार हालत बिगड़ने पर निजी अस्पताल लेकर पहुंचे। इस दौरान सामने आया कि चारों जहरीली गैस के प्रभाव में आये है। उनकी सांस नली से जहरीली गैस शरीर में फैल गई है। चारों का 2 निजी अस्पतालों के आईसीयू में उपचार चल रहा था। इस दौरान दोपहर में त्रिशा की सांस थम गई। नानाखेड़ा थाना प्रभारी नरेन्द्र कुमार यादव ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस अस्पताल पहुंची। डेढ़ माह की बालिका का शव पोस्टमार्टम के लिये चरक अस्पताल लाया गया। शाम 6 बजे के लगभग पोस्टमार्टम के बाद बालिका का शव परिजनों को सौंपा गया। तभी कुछ देर बाद खबर मिली कि आईसीयू में भर्ती 4 वर्षीय अन्नू उर्फ हनिका की सांस भी थम गई है। मामले की गंभीरता को देखते हुए एफएसएल टीम को त्रिवेणी हिल्स बुलाया गया। थाना प्रभारी के अनुसार फिलहाल 2 बालिका की मौत होने पर मर्ग कायम किया गया है। जांच जारी है, डॉक्टर आईसीयू में भर्ती 2 मासूमों पर नजर बनाये हुए है।

# मजदूरी के रूपयों को लेकर 2 युवकों में हुआ विवाद

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

खाराकुआ थाना क्षेत्र के बाड़ी मोहल्ला कार्तिक चौक में सोमवार-मंगलवार रात 12 बजे के लगभग मजदूरी के रूपयों को लेकर विवाद हो गया। जिसमें शहनवाज पिता नवाब खान 21 साल निवासी जानसापुरा और इमरान पिता अब्दुल रहमान 30 साल निवासी बाड़ी मोहल्ला घायल हो गये। शहनवाज की ओर से साहिल कुरेशी ने शिकायत दर्ज कराई। वहीं दूसरी ओर से इमरान की शिकायत पर खाराकुआ थाना पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया। बताया जा रहा है कि इमरान और शहनवाज ने साथ मजदूरी की थी। जिसके रुपए इमरान के पास थे। शहनवाज रात में रुपए मांगने गया था, जहां दोनों के बीच मारपीट हो गई। रूपयों को लेकर मारपीट का एक मामला तराना थाना क्षेत्र से भी सामने आया। ग्राम नैनावद पुल के नीचे रात 12.30 बजे कालूराम पिता भैरूलाल 40



साल और जीतू पिता गोकुल प्रसाद फुलेरिया के बीच विवाद हुआ। दोनों ओर से उनके साथियों ने एक-दूसरे के साथ मारपीट की चोंट पहुंचाई। तराना पुलिस के अनुसार मामले में प्रकरण दर्ज किया गया है। कालूराम का कहना था कि ईंट के रुपए मांगने पर गोकुल और उसके साथियों ने मारपीट की है। वहीं गोकुल का कहना था कि काम से मना करने पर कालूराम और उसके साथियों ने पत्थर, लात-घूंसों से मारपीट की है।

# भागने का प्रयास कर रहा बदमाश घायल

### फरार साथियों का ठिकाना बताने पुलिस के साथ गया था मक्सीरोड

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

ढांचा भवन स्थित मकान में हुई आगजनी की घटना में शामिल बदमाश ने मंगलवार रात पुलिस हिरासत से भागने का प्रयास किया लेकिन अंधेरे में गिरकर घायल हो गया। बदमाश का पुलिस ने प्राथमिक उपचार कराया गया है।

चिमनगंज थाना क्षेत्र के ढांचा भवन में रौनक गुर्जर के मकान में 11 अप्रैल की रात 12 से 15 बदमाशों ने पेट्रोल डालकर आग लगा दी थी और गोलियां चलाई थी। मकान में लगी आग की शिकायत रौनक गुर्जर के पिता मनोहर गुर्जर द्वारा पुलिस को दर्ज कराई गई थी। पुलिस ने मकान के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे देखे तो उसमें 5 बाइक से आये बदमाश आगजनी के साथ गोली चलाते दिखाई दिये थे। जिनकी पहचान कर गिरफ्तारी के प्रयास शुरू किये गये थे। सोमवार-मंगलवार रात आगजनी में शामिल कमल पिता संतोष परमार 22 साल निवासी निजातपुरा को हिरासत में ले लिया गया। पूछताछ में उसने



आगजनी में अपने साथी यशवेन्द्र उर्फ छिंगू बुंदेला, किशोर पटेल, मोहित पटेल, अमन उर्फ बच्चा, बबलू ठाकुर, ओम उर्फ बच्चा, चिनू मराठा, निखिलेश उर्फ निक्कू मराठा, राहुल उर्फ भय्यू गोहर, निक्कू गोहर, आशुतोष उर्फ आशु, राहुल उर्फ सूर्या सूर्यवंशी के नाम बताये। चिमनगंज थाना प्रभारी विवेक कनोड़िया ने उसके फरार साथियों के संबंध में पूछताछ शुरू की। कमल ने बताया कि रात में साथियों का ठिकाना मक्सीरोड श्री सिंथेटिक्स के जंगल में होता है। थाना प्रभारी कनोड़िया, एसआई जयदीप राठौर, आरक्षक आनंद मिश्रा, संदीप, जगदीश के साथ उसे लेकर साथियों की तलाश में मंगलवार रात श्री सिंथेटिक्स के जंगल पहुंचे, जहां अंधेरे का फायदा उठाकर कमल ने पुलिस अभिरक्षा से भागने का प्रयास किया। लेकिन खंडहर हो चुकी श्री सिंथेटिक्स के मार्ग पर पत्थरों से टकराने के बाद बदमाश कमल गिर गया और उसके पैर में चोंट लगी। पुलिस ने उसे तत्काल दबोच लिया और कस्टडी में लेकर रात 11 बजे चरक अस्पताल आई। जहां प्राथमिक उपचार के बाद वापस थाने ले जाया गया।

**इनका कहना**

बदमाश साथियों का ठिकाना बताने के बहाने लेकर पहुंचा था, जहां भागने का प्रयास करते समय गिरकर घायल हुआ है। उसके साथियों के नाम सामने आ चुके है। पुलिस की एक टीम गिरफ्तारी के प्रयास कर रही है।

**विवेक कनोड़िया, थाना प्रभारी चिमनगंज**

### हीरामिल की चाल में हुई घटना, 2 फरार आरोपियों की तलाश

# दादी के घर में छुपा था गोली मारने वाला बदमाश

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

हीरामिल की चाल में सोमवार-मंगलवार रात 3 बदमाशों ने पुरानी रंजीश में एक युवक को गोली मार दी थी। घटनाक्रम के कुछ घंटों बाद गोली मारने वाले बदमाश को पुलिस ने उसकी दादी के घर से गिरफ्तार कर लिया गया। जिसे मंगलवार दोपहर कोर्ट में पेशकर 2 दिनों की रिमांड पर लिया गया है। उसके 2 साथी फरार है, जिसमें कुख्यात बदमाश अनमोल गुर्जर शामिल है।

विष्णुपुरा में रहने वाला लव पिता चंद्रकांत निर्मल रात 12.30 बजे के लगभग 2 दोस्त ध्रुव और देव के साथ हीरामिल की चाल स्थित ब्रिज के नीचे खड़ी बाइक लेने पहुंचा था। उसी दौरान बाइक से आये 3 बदमाशों ने उस पर फायर कर दिया। 2 गोली चलाई गई, जो लव निर्मल के पैर में लगी, बदमाश



हमला करने के बाद भाग निकले। घायल लव को दोस्त ध्रुव और देव कार से चरक अस्पताल लेकर पहुंचे। गोली चलने की खबर मिलते ही देवासगेट थाना प्रभारी अनिला पाराशर, एसआई राधेश्याम आवलिया अस्पताल पहुंचे। घायल से पूछताछ में पता चला कि गोली मारने वाला जय उर्फ बच्चा है। उसके साथ अनमोल गुर्जर और एक अन्य भी था। घायल के बयान दर्ज कर थाना प्रभारी ने हमला करने वालों की तलाश शुरू की। मंगलवार सुबह जय उर्फ बच्चा पिता मंगल चौहान 18 साल निवासी शांतिनगर हाल मुकाम हीरामिल की चाल को गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ में उसने अनमोल गुर्जर और एक अन्य के साथ मिलकर गोली मारना कबूल कर लिया। मंगलवार दोपहर पुलिस ने गिरफ्त में आये गोली मारने वाले बदमाश जय चौहान का जुलूस निकाला और कोर्ट में पेश किया। एसआई राधेश्याम आवलिया ने बताया कि आरोपी को 2 दिनों की पूछताछ के लिये रिमांड पर लिया गया है। जिस कट्टे से गोली चलाई गई थी, वह अनमोल गुर्जर लेकर भाग है। उसके गिरफ्त में आने पर तीसरे साथी का नाम पता सामने आ पायेगा। गिरफ्त में आये जय उर्फ बच्चा के खिलाफ पूर्व में भी 6 अपराध दर्ज है।

**दोस्त की बारात से लौटा था घायल लव-** घायल लव ने बताया कि वह राज रॉयल कालोनी में रहने वाले ध्रुव और देव के साथ दोस्त रोहित की बारात में शामिल होने ग्राम करोहन कार से गया था। उसने बाइक हीरामिल ब्रिज के नीचे खड़ी की थी। रात में वापस लौटकर बाइक लेने पहुंचा था, उसी दौरान गोली मारी गई है। वह ड्रायवरी करता है। सालभर पहले विशाल सांडिया से विवार हुआ था, जो अनमोल गुर्जर का साथी है।

**गोली मारने के बाद हीरामिल में छुपा था बच्चा-** थाना प्रभारी अनिला पाराशर ने बताया कि जय उर्फ बच्चा मूलरूप से शांतिनगर का रहने वाला है। पुलिस ने उसकी जानकारी जुटाई तो पता चला कि वह पिता के साथ नहीं रहता है। उसकी दादी हीरामिल की चाल में रहती है, अधिकांश समय बच्चा दादी के घर पर ही रहता है। पुलिस ने हीरामिल की चाल में दादी के घर दबिश मारी तो जय उर्फ बच्चा वहीं छुपा था। जिसे हिरासत में लिया गया।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संदीप मेहता द्वारा अवंतिका ऑफसेट 2, महाकाल मंदिर मार्ग, मालीपुरा, उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-संदीप मेहता 9827771777 फोन : 0734-4012777 Email -dainikbrahmastra@gmail.com